निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, मंगलवार 19 मई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 02 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



शिक्षकों और महिला पर्यवेक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड के आइपीएस को मिली केंद्रीय प्रतिनियुक्ति

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड पुलिस के वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार झा को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीमा सुरक्षा बल यानी एसएसबी में डीआइजी बनाया गया है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को पत्र भेजकर उन्हें जल्द कार्यमुक्त करने का अनुरोध किया है। सुरेंद्र कुमार झा 2010 बैच के झारखंड कैडर के आइपीएस अधिकारी हैं। फिलहाल वे झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीआइजी कार्मिक के पद पर तैनात हैं। प्रशासनिक क्षमता और सख्त कार्यशैली के कारण वे पुलिस महकमे में अलग पहचान रखते हैं। वे राज्य के कई जिलों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं।

### ससुराल में फंदे पर लटका शव मिला

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के दारुडीह गांव में एक युवक का शव फंदे से लटका मिला है। मृतक की पहचान मेदिनीनगर के सुदना निवासी शंभू नाथ मेहता उर्फ रूपेश कुशवाहा के रूप में हुई है। रूपेश अपने साले की शादी में शामिल होने ससुराल आए थे। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर मारपीट कर हत्या करने और शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही लेस्लीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनी रॉय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

### 68वें दिन भी हड़ताल पर डटे रहे मनरेगा कर्मचारी

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के मनरेगा कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों, खासकर ग्रेड पे लागू करने की मांग को लेकर पिछले 68 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सोमवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन कर राज्य सरकार का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित किया। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। इस हड़ताल का असर अब गांवों में चल रही विकास योजनाओं पर साफ दिखाई देने लगा है। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में जुटे मनरेगा कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की अपील की।

### बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के केनाटोली गांव में सोमवार को हुए सड़क हादसे में एक स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान केनाटोली निवासी 35 वर्षीय कुंदन तिग्गा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कुंदन तिग्गा अपनी स्कूटी से महुआडांड़ की ओर जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कुंदन तिग्गा सड़क पर गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं।

मुख्यमंत्री ने 319 शिक्षकों और 17 महिला पर्यवेक्षिकाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

# झारखंड में जल्द होंगी हजारों नई भर्तियां : हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम में 319 शिक्षकों और 17 महिला पर्यवेक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आने वाले दो से चार महीनों में हजारों नई नियुक्तियां करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद से ही मानव संसाधन के क्षेत्र में नियुक्ति प्रक्रिया को तेजी दी गई है। उन्होंने बताया कि पिछले चार महीनों में शिक्षा विभाग में करीब 9 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी अभ्यर्थी इंटर और स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार केवल रोजगार देने के उद्देश्य से नहीं बल्कि झारखंड के समग्र विकास को



ध्यान में रखते हुए नियुक्तियां कर रही है। हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय योजना का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्षों से कुपोषण झारखंड के लिए एक बड़ी चुनौती रहा है। अब सरकार का लक्ष्य राज्य को इस समस्या से बाहर निकालना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है और महिला पर्यवेक्षिकाओं की इसमें अहम भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ, शिक्षित और आत्मनिर्भर बने। इसके लिए शिक्षा, पोषण और रोजगार के क्षेत्र में लगातार काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री राधाकृष्ण किशोर समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## भाषा विवाद को लेकर बनी मंत्रियों की कमिटी की हुई पहली बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) में भाषा को लेकर चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए गठित पांच मंत्रियों की विशेष कमेटी की पहली बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने-अपने तर्क और तथ्यों के साथ पक्ष रखा लेकिन किसी ठोस निष्कर्ष पर सहमति नहीं बन सकी। बैठक से पहले कमेटी के समन्वयक सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कार्मिक विभाग से आवश्यक जानकारियां मांगी थीं लेकिन विभाग की ओर से स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका। इस पर कमेटी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगली बैठक से पहले पूरी जानकारी स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराई जाए। कमेटी का मुख्य उद्देश्य भाषा विवाद को जल्द समाप्त करना है ताकि अभ्यर्थियों के हित में निर्णय लिया जा सके। बैठक में यह बात सामने आई कि इस वर्ष की परीक्षा में अंगिका, भोजपुरी और मगही भाषाओं को शामिल करने पर सहमति बनाने की कोशिश की जाएगी। सूत्रों के अनुसार कमेटी चाहती है कि उसका निर्णय जल्द कैबिनेट में भेजा जाए और उस पर मुहर लग सके। संभावना जताई जा रही है कि कमेटी की अगली बैठक शुक्रवार को आयोजित की जाएगी जिसमें इस मुद्दे पर आगे की दिशा तय की जाएगी। बैठक में कार्मिक विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों पर भी सवाल खड़े किए गए। जानकारी के मुताबिक 2011 की जनगणना के आधार पर भोजपुरी और मगही बोलने वालों की संख्या मांगी गई थी। जो आंकड़े सामने आए उसमें इन भाषाओं को बोलने वालों की संख्या उड़िया और बांग्ला भाषियों से चार गुना अधिक बताई गई। ऐसे में सदस्यों ने सवाल उठाया कि जब इन भाषाओं का दायरा इतना व्यापक है तो इन्हें परीक्षा से बाहर क्यों किया गया। वहीं नई नियमावली में कुरमाली भाषा को संथाल परगना के जिलों में शामिल नहीं करने पर भी आपत्ति जताई गई जबकि वहां इसे बोलने वालों की संख्या तीन लाख से अधिक है। बैठक में यह मुद्दा भी जोर-शोर से उठा कि केवल क्षेत्रीय भाषाओं ही नहीं बल्कि असुर, बिरहोर और मालतो जैसी जनजातीय भाषाओं को भी सूची से बाहर कर दिया गया है। सदस्यों ने इसे गंभीर विषय बताते हुए कहा कि इससे यह संदेश जाता है कि इन भाषाओं का अस्तित्व खत्म हो रहा है।

## जंगल में जानवरों का शिकार करने गये युवक की गोली लगने से मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत कलकलिया गांव में गोली लगने से रामेश्वर उरांव की मौत हो गई। हालांकि रामेश्वर उरांव को गोली मारी गई या फिर गलती से गोली लग गई यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया है। दरअसल लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत कलकलिया गांव निवासी रामेश्वर उरांव गांव के ही कुछ लोगों के साथ रविवार की रात जंगल में जानवरों का शिकार करने गए थे। इसी बीच देर रात एक व्यक्ति ने गांव के मुखिया संतु उरांव को फोन कर जानकारी दी कि रामेश्वर उरांव को गोली लग गई है। सूचना मिलने के बाद मुखिया ने घटना की जानकारी रामेश्वर उरांव के परिजनों को दी। रात में जब ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि रामेश्वर उरांव की मौत हो गई है। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी अमित कुमार रविदास के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दी। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा। मृतक युवक के चाचा नागदेव उरांव ने बताया कि देर रात गांव के दो अन्य लोगों के साथ रामेश्वर उरांव जंगल में शिकार करने गया था। इसी दौरान उसे गोली लगी।

## एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह परियोजना ने रचा इतिहास

100 मिलियन मीट्रिक टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा पार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** एनटीपीसी लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने स्थापना के बाद से अब तक 100 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ परियोजना देश की अग्रणी कोयला खनन परियोजनाओं में मजबूती से स्थापित हो गई है। पकरी बरवाडीह परियोजना में कोयला उत्पादन की शुरुआत जनवरी 2017 में हुई थी, जबकि पहला रेल रैक फरवरी 2017 में प्रेषित किया गया। परियोजना को अप्रैल 2019 में वाणिज्यिक रूप से घोषित किया गया। इसके बाद परियोजना ने तेज़ी से विकास करते हुए मई 2023 में 50 एमएमटी उत्पादन का आंकड़ा पार किया और अब मात्र तीन वर्षों से भी कम समय में इसे दोगुना कर 100 एमएमटी तक पहुंचा दिया। यह उपलब्धि परियोजना की उच्च कार्यक्षमता और तीव्र परिचालन विस्तार को दर्शाती है। परियोजना की इस सफलता में



कई महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक एवं परिचालन उपलब्धियों की अहम भूमिका रही है। वर्ष 2022 में कोल हैंडलिंग प्लांट के स्ट्रीम ए एवं बी का कमीशनिंग, दिसंबर 2024 में 20,000वें रेल रैक का प्रेषण तथा अगस्त 2024 में रैपिड लोडिंग सिस्टम के साथ एकीकरण ने कोयला परिवहन की दक्षता को नई गति दी। इसके अलावा परियोजना एशिया की सबसे लंबी क्लोज्ड कोयला कन्वेयर प्रणाली से सुसज्जित है, जो खदान को बनादाग रेलवे साइडिंग से जोड़ती है और पर्यावरण अनुकूल निर्बाध कोयला परिवहन सुनिश्चित करती है। यह उपलब्धि जनहितकारी नीतियों, त्वरित एवं प्रभावी निर्णय-प्रक्रिया, झारखंड सरकार के सहयोग तथा स्थानीय ग्रामीणों एवं सभी हितधारकों के निरंतर समर्थन का परिणाम मानी जा रही है। परियोजना के सुचारु संचालन और उत्कृष्ट प्रदर्शन में शीर्ष प्रबंधन के मार्गदर्शन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दास ने कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम की अथक मेहनत, समर्पण और सभी हितधारकों के अमूल्य सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि परिचालन, सुरक्षा एवं सामुदायिक सहभागिता के समन्वित प्रयासों से ही इस प्रकार के मील के पत्थर हासिल किए जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने दोहराया कि पकरी बरवाडीह परियोजना सतत खनन प्रथाओं को अपनाते हुए देश की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## गोधर में तेज धमाके के साथ धंसी जमीन, तीन घरों में दरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुंडा के गोधर 6 नंबर एरिया सब स्टेशन के पीछे सोमवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक तेज आवाज के साथ जमीन धंस गई। भू-धसान के बाद इलाके में गोफ बन गया और आसपास के तीन घरों में दरारें आ गईं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से सामान निकालकर सुरक्षित जगहों की ओर भागने लगे। घटना हवा चानक के पास हुई जहां अचानक जोरदार आवाज के साथ जमीन धंसने लगी। भू-धसान के बाद इलाके से जहरीली गैस का भी रिसाव हो रहा है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने पर केंदुआडीह थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय मौके पर पहुंचे और इलाके का जायजा लिया।



स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह हादसा बीसीसीएल प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा है। लोगों का कहना है कि इस इलाके में पहले भी कई बार भू-धसान की घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन इसके बाद कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। पीड़ित शिवनंदन पासवान और पार्वती देवी ने बीसीसीएल से सुरक्षित स्थान पर आवास उपलब्ध कराने की मांग की है। घटना के बाद बीसीसीएल प्रबंधन ने क्षेत्र को डेंजर जोन घोषित कर दिया है ग्रामीणों का कहना है कि गोधर इलाके में करीब 250 परिवार रहते हैं और लगातार हो रहे भू-धसान से लोगों की जान जोखिम में है।

## रंगदारी की मांग को लेकर युवक को मारी गोली

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** बीएस सिटी थाना क्षेत्र के राम मंदिर के पास जयराम प्रसाद को उसके कुछ परिचित लोगों ने गोली मार दी। गोलीबारी की घटना रविवार देर रात की है। जयराम प्रसाद पर चाकू से भी हमला किया गया। घटना के बाद जयराम को बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि जयराम प्रसाद अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है और उसके खिलाफ हत्या समेत कई अन्य मामले अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। घायल जयराम प्रसाद ने बताया कि वह चाय दुकान में बैठकर चाय पी रहा था। इसी दौरान बुलेट और बाइक सवार कुछ लोग मौके पर पहुंचे और जयराम पर फायरिंग कर दी।

## छऊ नृत्य देखकर लौट रहे युवक और युवती की बेरहमी से हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


**रांची/खूंटी।** जिले के सायको थाना क्षेत्र में युवक और युवती की निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। अपराधियों ने धारदार हथियार से हमला कर दोनों की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतकों की पहचान जीवरी गांव निवासी बिशु पाहन और सुमि मुंडू के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक सायको बाजार टांड में आयोजित छऊ नृत्य कार्यक्रम में दोनों शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद दोनों मेला स्थल से करीब 200 मीटर दूर स्थित हड़िया बाजार गए थे। इसी दौरान कुछ हमलावर वहां पहुंचे और दोनों पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई और हड़िया बाजार पूरी तरह बंद हो गया। रातभर दोनों के लापता रहने पर परिजन और ग्रामीण उनकी तलाश करते रहे लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह मेला स्थल से कुछ दूरी पर झाड़ियों में दोनों के शव बरामद होने के बाद घटना का खुलासा हुआ। सूचना मिलते ही सायको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी वरुण रजक भी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने बताया कि युवक और युवती छऊ नृत्य देखने गए थे और कार्यक्रम के बाद से दोनों लापता थे। सोमवार सुबह झाड़ियों से दोनों के शव बरामद किए गए है।

## महिलाओं को सिलेंडर के झंझट से मिलेगी मुक्ति : निशिकांत


सांसद ने सीएनजी और पीएनजी स्टेशन का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गोड्डा।** संताल परगना में विकास की गति को और तेज करते हुए गोड्डा के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने गोड्डा के इंद्रा ऑटो सर्विस परिसर में नवनिर्मित सीएनजी (एगक्र) और पीएनजी (घ्गक्र) स्टेशन का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस सुविधा के शुरू होने से अब गोड्डा वासियों को घरेलू रसोई गैस के सिलेंडर और वाहनों के लिए महंगे डीजल-पेट्रोल की निर्भरता से बड़ी राहत मिलेगी। उद्घाटन के बाद स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने सीएनजी और पीएनजी के फायदों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह तकनीक न केवल पर्यावरण के अनुकूल है बल्कि बेहद सस्ती और सुलभ भी है। पीएनजी के माध्यम से लोगों के घरों तक कम खर्च में चौबीसों घंटे गैस की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। डॉ. दुबे ने बताया कि पहले चरण में शहर के 900 उपभोक्ताओं को पीएनजी के माध्यम से सीधे रसोई तक 'कंटीन्यूअस गैस' पहुंचाने का काम संबंधित कंपनी एचपीसीएल द्वारा किया जाएगा। इससे महिलाओं को अब भारी-भरकम सिलेंडर बुक करने और उसके खत्म होने की चिंता से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी। परियोजना की पृष्ठभूमि साझा करते हुए डॉ. निशिकांत दुबे ने कहा कि यह महत्वाकांक्षी योजना मूल रूप से पहले बिहार राज्य के लिए स्वीकृत की गई थी। इसे गोड्डा और संताल परगना की धरती पर लाने के लिए उन्हें केंद्र सरकार का विशेष



सहयोग लेना पड़ा। केंद्र के प्रयास से इस 1369 रुपये करोड़ की वृहद परियोजना में गोड्डा के साथ-साथ संताल परगना के देवघर, पाकुड़ और साहेबगंज जिलों को भी शामिल किया गया। अब इस भारी-भरकम निवेश का सीधा लाभ पूरे संताल परगना क्षेत्र को मिल रहा है। योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक तेजी से पहुंचाने के लिए सांसद ने मंच पर मौजूद जनप्रतिनिधियों को सीधे तौर पर जवाबदेही सौंपी। उन्होंने संबोधित करते हुए 'सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन' के तहत पीएनजी कनेक्शन का बड़ा टारगेट दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि खुद लोगों के घरों तक जाएं, उनके फॉर्म भरवाएं और उसे एचपी के अधिकारियों को सौंपकर जल्द से जल्द कनेक्शन सुनिश्चित कराएं। कार्यक्रम के दौरान अदाणी पावर गोड्डा के ऑपरेशन हेड कार्तिकेय मिश्रा और सीएसआर हेड संतोष कुमार सिंह ने सांसद डॉ. दुबे को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सांसद ने अदाणी समूह के अधिकारियों से क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का फीडबैक लिया। उन्होंने बताया कि मोतिया गांव में अदाणी का आधुनिक स्कूल आगामी 15 अगस्त तक हर हाल में शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों को खुशखबरी देते हुए कहा कि जल्द ही गोड्डा में अदाणी का सीमेंट प्लांट और एक भव्य, सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल के निर्माण का कार्य भी तेजी से आरंभ होने जा रहा है। अदाणी समूह के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना काल में इस संस्थान ने पूरे राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने में बड़ी राशि खर्च की। स्मार्ट क्लास के तहत 'ज्ञानोदय ऐप' के माध्यम से जिले के शिक्षा स्तर में एक बड़ी क्रांति आई है।



# केरेडारी में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** भारतीय जनता पार्टी का केरेडारी प्रखंड सभागार में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बाल गोविंद प्रसाद सोनी एवं संचालन बेलतू मंडल अध्यक्ष सुनील राज सिंह उर्फ शेर सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में किसानो की ज्वलंत समस्या एवं राज्य में हो रहे बलात्कारी घूसखोरी के समाधान हेतु माननीय राज्यपाल महोदय झारखंड सरकार के नाम ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सैकड़ो भाजपा कार्यकताओं ने ज्ञापन सौंपा।



मौके पर केरेडारी मंडल अध्यक्ष बाल गोविंद सोनी, बेलतू मंडल अध्यक्ष सुनील राज सिंह उर्फ शेर सिंह, जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम के प्रभारी जय नारायण प्रसाद कुशवाहा, प्रदेश कार्य समिति कार्यक्रम के प्रवक्ता अनिल मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष रेणुका शाहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष बद्री नारायण सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतम साहू, युवा नेता प्रमोद साहू, चंद्र देव साहू, संजय महतो, बजरंगी साहू, अजय कुमार, मुकेश वर्मा, दिलीप कुमार सिंह, बैजनाथ शर्मा, प्रयाग महतो, संतोष राम, महावीर साहू, विनोद कुमार गोस्वामी, कुलदीप कुमार साहू, कृष्ण कुमार समेत कई लोग मौजूद थें।

## धमकी देकर लेवी मांगने वाला साइबर अपराधी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** विभिन्न कंपनियों के अधिकारियों एवं बड़कागांव के व्यवसायियों को मोबाइल फोन पर धमकी देकर लेवी मांगने के आरोप में बड़कागांव पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि बड़कागांव थाना कांड संख्या 62/26, दिनांक 24 अप्रैल 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(3), 308(4), 111(2)/(बी) के अंतर्गत अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में मोबाइल पर धमकी देकर लेवी मांगने का आरोप लगाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा जांच शुरू की गई तथा एक विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी सेल की मदद से पुलिस ने धमकी देने वाले आरोपी की पहचान की।

## स्वर्गीय ज्योतिन प्रकाश की 26वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग, ब्यूरो।** हजारीबाग शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता एवं समाजसेवी स्वर्गीय ज्योतिन प्रकाश की 26वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को उनके आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने शामिल होकर प्रकाश की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और पुष्पांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उपस्थित वृद्धजनों को वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सेवा और सम्मान की भावना देखने को मिली। श्रद्धांजलि सभा में शहर के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और



उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। आयोजन में हवन, पूजन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित लोगों ने स्व. ज्योतिन प्रकाश के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। इस अवसर पर सीमा शुल्क आयुक्त प्रशांत कुमार सिन्हा ने अपने पिता स्व. ज्योतिन प्रकाश को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जीवनभर समाज सेवा, शिक्षा और धार्मिक कार्यों को प्राथमिकता दी।

उनके आदर्श आज भी परिवार और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि स्व. ज्योतिन प्रकाश के मार्गदर्शन और प्रेरणा से ही ज्ञानज्योति कॉलेज की स्थापना हुई, जो शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रशांत कुमार सिन्हा ने अपनी पत्नी पूनम सिन्हा एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ स्व. ज्योतिन समाजसेवी शामिल हुए। कार्यक्रम में भूतपूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता, सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद, महापौर अरविंद कुमार राणा, बालेश्वर मेहता, विनोद मेहता, जय नारायण, विनोद झुनझुनवाला, भैया अभिमन्यु, नागेश्वर मेहता, सतीश चंद्र प्रसाद, अजीत देव, जय कुशवाहा, शीतल देव, अरविंद चौधरी, दीप नारायण चौधरी, डॉ. देवेंद्र सिंह देव, अजय साव, राजीव सिंह, शशिकांत ओझा, बसंत कुमार, रिचा रानी, सतीश सिन्हा, सुनील सिन्हा, सुधीर सिंह, देबू जैन, मनोज रंजन, अनुभव कुमार, अमरदीप कुमार, विकास कुशवाहा, प्रदीप प्रजापति, संतोष कुमार, श्यामानंद तिवारी, बीना अखौरी, रेखा कुमारी, सुनीता रंजन, मीनू सिन्हा एवं सतीश प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजिक समरसता के लिए जातिगत विभेद को समाप्त करना होगा : राकेश लालजी

**मेदिनीनगर/पलामू (नबिटासं)।** मेदिनीनगर/पलामू को स्थानीय राजा भाउ स्मृति भवन, भारत-माता चौक, में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के एक सौ वर्ष पूरे होने के उपलब्ध में विभिन्न कार्यक्रमों के श्रृंखला में "प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता क्षेत्र समाजिक समरसता प्रमुख श्री राकेश लाल जी द्वारा उदबोधन दिया गया, उन्होंने बताया कि जब देश गुलाम था तभी 1925 में डा. केशव बलिराम हेगवार जी द्वारा राष्ट्रीय संयसेवक संघ का स्थापना किया गया, देश के स्वतंत्रता आंदोलन में संध के स्वंयसेवक शामिल होते रहे परंतु संघ के योगदान को कभी भी प्रचार प्रसार नहीं मिला, आजादी के समय भी बंटवारे की विभिसीका में भी संघ के स्वंयसेवक भी जनता के दुख में उनकी सहायता की। आजादी के बाद भी विभिन्न आपका प्राकृतिक और अन्य आपदा में संध के स्वंयसेवक अपनी सामाजिक कर्तव्य का निर्वहण करते हुए समाज के साथ सदैव खड़े रहे है। संघ हमेशा ही समाज में व्यक्ति के सर्वांगिण विकास को प्राथमिकता देते हुए व्यक्ति निर्माण में तत्पर रहा है। संघ अपने एक सौ वर्ष पूर्ण होने पर भी समाज से पंच परिवर्तन का आह् वान कर रहा है। पंच परिवर्तन के विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए मुख्य उद् घोषक श्री राकेश जी ने कहा कि पंच परिवर्तन का प्रथम विषय - "समाजिक समरसता" है जिसमें समाज में की समाप्ति के साथ ही जातिगत विभेद को समाप्त करना है तथा सभी के अंदर में देश की उन्नति में योगदाना को बढ़ावा देने का भाव पैदा करना है। दूसरे विषय-" कुटुंब प्रबोधान" के बारे में बताया कि आज एकल परिवार का प्रचलन बढ़ गया है जिससे हमारी पुरानी परंपरा तथा पारिवारिक रिति-रिवाज दुटते जा रहे है, एकल



परिवार के कारण ही लव जिहाद की घटना बढ़ रही है, जिसका रोकथाम का एक उपाय परिवार का संयुक्त और सुद्दढ़ होना है साथ ही पुरानी परंपरा और रिति-रिवाज के पुर्नस्थापन से समाजिक एकता भी मजबूत होगी, आज शहरों में एकाकी जिवन के बहुत से दुस्परिणाम भी देखने सुनने को मिलता रहता है, युवा वर्ग आज उचित मार्गदर्शन के अभाव मे दिग्भ्रमित हो रहा हैं संघ समाज से आहवान करता है कि अपने परिवार को सुद्दढ़ करे। तृतिय विषय "पर्यावरण" है विशय मे जागरूकता के द्वारा समाज में पर्यावरण को साफ-सुथरा रखना और प्लास्टिक के दुरुपयोग से बचना है जादा से ज्यादा पौधारोपन को बढ़ाना और परिवार के विभिन्न सुअवसरों पर पौधा रोपण परंपरा को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन किया जा सकता है। चतुर्थ विषय - "नागरिक कर्तव्ये" पर बोलते हुए कहा कि सभी बैठे हुए प्रबुद्ध जन जानकार है तथा नागरिक कर्तव्य के प्रति सजग है, आपके माध्यम से समाज में यह संदेश जाना चाहिए कि संविधान द्वारा प्रदत नागरिक अधिकार और कर्तष्यों का निर्वहण सभी नागरिकों को करना चाहिए, आज जिस तरह बंगाल में समाज एक जुट होकर वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी किया है ऐसा उदाहरण पुरे देश में दिखाया जाय तो सरकार को अपने अनुसार बनाया या सकता है तथा राज्य और देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया जा सकता है।. अंतिम विषय पंच परिवर्तन के अंतिम और पांचवे विषय - स्वदेशी पर बात करते हुए बताया कि स्वदेशी में' से संघ का आशय - स्व" के जोर पर ज्यादा है जिसमें स्वभाषा, स्वभूषा , स्व भोजन, के साथ-साथ लोकल वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग प्रसार प्रचार की आवश्यकता है।

### ग्रीष्म अवकाश से पूर्व संत मरियम विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**मेदिनीनगर/पलामू (नबिटासं)।** संत मरियम आवासीय विद्यालय में ग्रीष्म अवकाश से पूर्व वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना तथा अवकाश के दौरान सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर नीतीश कुमार गुप्ता, डीएसपी राजेश यादव, वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा, दंत चिकित्सक



डॉ. अमितु सिंह, समाजसेवी मनत सिंह बग्गा, रानू सिन्हा, मंजू चंद्रा तथा लक्ष्य श्रेष्ठ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न नियमों, संकेतों एवं सावधानियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएसपी राजेश यादव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी है। उन्होंने विद्यार्थियों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने तथा सड़क पार करते समय पूरी सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे बड़ा माध्यम है। वहीं मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर नीतीश कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सड़क पर छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर चिंता जताई और अभिभावकों से भी इस दिशा में सतर्क रहने का आग्रह किया। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से समाज के बीच जनजागरूकता एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना आवश्यक है ताकि वे स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षा के प्रति प्रेरित कर सकें। विद्यालय के अध्यक्ष अविनाश देव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के लिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं।

## हजारीबाग में लोहे की प्लेट चोरी का खुलासा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** हजारीबाग पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मकान निर्माण में लगी लोहे की प्लेट चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश और सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में 17 मई 2026 को सदर थाना पुलिस ने ग्वाल टोली चौक इलाके में छापेमारी की।

पुलिस को सूचना मिली थी कि अनिल यादव के मकान निर्माण में लगी लोहे की प्लेट चोरी कर मोटरसाइकिल से कबाड़ी दुकान में बेची जा रही है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सुरेन्द्र भुईयां (34 वर्ष), निवासी बाली बोदरा, थाना चुरचु को घटनास्थल से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कौनिया गाड़ा स्थित एक कबाड़ी दुकान से चोरी की गई दो लोहे की प्लेट बरामद की। इस मामले में कबाड़ी दुकान मालिक राजेन्द्र प्रसाद (56 वर्ष), निवासी बभनबैय को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने चोरी में इस्तेमाल की गई हीरो होंडा मोटरसाइकिल (नंबर इफ्र14ऊ5819) भी जब्त कर ली है। सदर थाना में कांड संख्या 130/26 दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इसके अलावा पुलिस ने पुराने संपत्ति संबंधित मामले में भी कार्रवाई करते हुए कटकमदाग निवासी श्रीकांत सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे भी न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस छापेमारी अभियान में सदर एसडीपीओ अमित आनंद, थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक श्रवण कुमार, अजीत कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## किसानों की समस्या, खराब बिजली और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का धरना-प्रदर्शन आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग) ।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 15 मई से 20 मई 2026 तक प्रखंड मुख्यालयों में धरना एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में 19 मई 2026, दिन मंगलवार को चौपारण प्रखंड मुख्यालय परिसर में सुबह 11 बजे भाजपा का धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में किसानों की समस्या, खराब बिजली व्यवस्था एवं विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपाई हल्लाबोल करेंगे। कार्यक्रम में मंडल मध्य क्षेत्र के जिला पदाधिकारी, पूर्व जिला पदाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, मंडल पदाधिकारी, पूर्व मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ता बंधुओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। उक्त जानकारी चौपारण प्रखंड के तीनों मंडल अध्यक्षों — आरती कौशल, रेवा शंकर साव एवं मुकेश सिन्हा — ने संयुक्त रूप से दी।

## ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार 10 ग्राम मादक पदार्थ बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इचाक (हजारीबाग) ।** हजारीबाग पुलिस को इचाक थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री की सूचना मिलने पर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम ने 17 मई 2026 को इचाक मोड़ के पास छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर एवं दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए।

पुलिस द्वारा बरामद मादक पदार्थ की डीटीओ किट से जांच की गई, जिसमें ब्राउन शुगर होने की पुष्टि हुई। इसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इस संबंध में इचाक थाना कांड संख्या 88/26 दिनांक 17.05.2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में दिगम्बर कुमार ग्राम कारिमाटी, थाना इचाक, जिला हजारीबाग दीपक कुमार , ग्राम कारिमाटी, थाना इचाक, जिला हजारीबाग शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी जारी है। कार्रवाई में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अमित कुमार, एसआईटी टीम एवं इचाक थाना प्रभारी सह सशस्त्र बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## प्रगतिशील मगही समाज ने चलाया छात्र युवा जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पदमा (हजारीबाग)।** प्रखंड के विभिन्न गांव में प्रगतिशील मगही समाज के द्वारा शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें छात्र युवा से प्रमोद मेहता ने अपील किया कि उन्नत संस्कार और रोजगार—ये दो चीजें जिनके जीवन में होती हैं, वास्तव में उनका जीवन सफल होता है। आज ये दोनों ही चीजें हमारे जीवन से दूर होती जा रही हैं। आज की शिक्षा प्रणाली में उन्नत संस्कार, यानी मानव निर्माण की कोई व्यवस्था नहीं है। यही कारण है कि विज्ञान और तकनीक के चरम विकास के बावजूद दुनिया भले ही हमारी मुट्ठी में आ गई हो, लेकिन लोगों के दिलों के बीच की नजदीकियां खत्म हो गई हैं। अपनापन, प्रेम और भाईचारा कम होता जा रहा है। यहां तक कि माता-पिता जैसे जन्म देने वाले रिश्तों में भी प्रेम और समर्पण की जगह स्वार्थ ने ले ली है। सेवा और त्याग की भावना, जो कभी जीवन का हिस्सा हुआ करती थी, आज हम उससे बहुत दूर होते जा रहे हैं। दूसरी बात यह है कि जब हम डिग्री हासिल करके रोजगार की तलाश में निकलते हैं, तो दूर-दूर तक रोजगार नजर नहीं आता। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, केवल लगभग ढाई प्रतिशत डिग्रीधारी युवाओं को ही सरकार किसी तरह रोजगार दे पाती है। बाकी साढ़े सत्तानवे प्रतिशत बेरोजगार युवाओं के लिए सरकार के पास कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। इन दोनों समस्याओं पर छात्रों और युवाओं को खुद विचार करने और सार्थक विकल्प खोजने के लिए आगे आने की जरूरत है। हम सब मगध की धरती के सपूत हैं, जिसमें एक ओर परंपरागत संस्कृति से उन्नत संस्कार पैदा करने की शक्ति है, तो दूसरी ओर यहां की मिट्टी में इतनी क्षमता है कि अगर यहां के संसाधनों पर आधारित उद्योग-उपक्रमों का संचालन मगध के युवाओं और निवासियों के हाथों में हो जाए, तो न सिर्फ शत-प्रतिशत रोजगार संभव है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी फिर से समृद्ध हो सकती है। यही वह ताकत है, जिसने कभी भारत को सोने की चिड़िया और विश्व गुरु बनाया था, और आज भी हम उस मुकाम को हासिल कर सकते हैं। इस लक्ष्य को पाने के लिए हमें, मगध के छात्रों और युवाओं को ही रास्ता तैयार करना होगा। यह खुशी की बात है कि प्रगतिशील मगही समाज मगध के सर्वांगीण विकास के लिए आंदोलनरत है। हमें भी समय निकालकर इस आंदोलन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए, क्योंकि संगठन में ही ताकत होती है, जो पुरानी और जर्जर व्यवस्था को बदलकर नई व्यवस्था स्थापित कर सकती है। तो हे मगध के छात्र और युवा साथियों! अब समय आ गया है कि हम मगध को बुराइयों से मुक्त कर उसे पवित्र बनाएं और अपनी व्यवस्था खुद खड़ी करें। दुनिया को दिखा दें कि हम मगध की इस सोंधी मिट्टी के सपूत मेहनत करके पढ़ सकते हैं, और अपने उज्ज्वल भविष्य का रास्ता भी खुद बना सकते हैं।

## पीवीटीजी समुदायों के सर्वांगीण विकास हेतु विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) समुदायों के सर्वांगीण विकास एवं सरकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय सभागार में विशेष जागरूकता एवं लाभुक संतृप्तिकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी रामनिवास यादव एवं उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया यह विशेष अभियान 18 मई से 25 मई 2026 तक जिले के चिन्हित जनजातीय क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य पीवीटीजी समुदायों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ




पहुंचाना, स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना तथा सामाजिक एवं शैक्षणिक स्तर पर उन्हें सशक्त बनाना है इस अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जनजातीय समुदायों के समग्र विकास के लिए जिला प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान गांव-गांव में विशेष शिविर आयोजित कर पात्र लाभुकों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य जांच, शिकायत निवारण, आधारभूत सुविधाओं की जानकारी तथा अधिकारों के प्रति जागरूकता भी सुनिश्चित की जाएगी उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं समन्वय के साथ संचालित किया जाए,।

## आठ साल से फरार धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चुरचू/चरही (हजारीबाग)।** पुलिस को लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को पकड़ने में बड़ी सफलता हाथ लगी है। चरही थाना क्षेत्र के ग्राम चरही निवासी तेजनाथ महतो, पिता- स्वर्गीय विदेशी महतो, जो पिछले आठ वर्षों से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहा था, उसे गुरुवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के पश्चात कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, अभियुक्त तेजनाथ महतो के खिलाफ वर्ष 2016 में परिवाद संख्या 1431/2016 दर्ज किया गया था। उस पर भारतीय दंड संहिता धारा 406: विश्वासघात और अमानत में खयानत। धारा 420: धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति हड़पना। धारा 500: मानहानि का मामला दर्ज था । लंबे समय से था फरारः मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर था। न्यायालय द्वारा बार-बार समन जारी किए जाने के बावजूद वह उपस्थित नहीं हो रहा था, जिसके बाद माननीय न्यायालय ने उसके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया था। पुलिस लगातार उसके ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी, लेकिन वह बार-बार अपना स्थान बदलकर गिरफ्तारी से बच रहा था। चरही थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि वारंटी तेजनाथ महतो अपने गांव के आसपास देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस की एक विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और उसे धर दबोचा। पुलिस के अनुसार, फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। थाना प्रभारी का बयानः कानून की नजरों से अपराधी चाहे कितना भी भाग ले, उसे एक न एक दिन सलाखों के पीछे आना ही पड़ता है। तेजनाथ महतो 2016 के एक मामले में वारंटी था और काफी समय से फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेज दिया गया है। क्षेत्र में चर्चा का विषय धोखाधड़ी के इस पुराने मामले में गिरफ्तारी होने के बाद क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र के अन्य फरार वारंटियों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

## जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत 82 जनजातीय गांवों में लगाया जाएगा शिविर : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


**कटिहार।** आदिवासी बहुल क्षेत्रों में विकास योजनाओं की पहुँच शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए 'जनजातीय गरिमा उत्सव 2026' का आयोजन किया जा रहा है।इसके तहत जन भागीदारी—सबसे दूर सबसे पहले के देशव्यापी आईईसी अभियान की शुरूआत सोमवार से हो गई है। आगामी 25 मई तक चलने वाले इस विशेष जागरूकता अभियान का जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने सोमवार को दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

### गरिमा उत्सव 2026 का डीएम ने किया शुभारंभ



इस अवसर पर डीएम ने शिविर को लेकर पत्रकारों के साथ एक प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी साझा की है। इस दौरान नगर आयुक्त संतोष कुमार, डीडीसी अमित कुमार,जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय जिलास्तरीय अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय कल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक उसका लाभ पहुँचाना है। इसके तहत जिले के कटिहार, मनसाही, अमदाबाद, हसनगंज, डंडखोरा, कोढ़ा,फलका, आजमनगर, प्राणपुर, बलरामपुर, बरारी, कुरसेला एवं मनिहारी जैसे 13 आदिवासी बाहुल प्रखंड अन्तर्गत 42 पंचायतों के 82 गाँवों को चिन्हित किया गया है। चयनित गाँवों में 19 मई से 25 मई तक संबंधित विभागों द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहाँ प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन ऑन द स्पॉट निपटारा करने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने बताया कि जन भागीदारी अभियान के तहत चिन्हित आयोजन स्थलों व टोलों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके साथ ही जनजातीय टोले के लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 19 से 25 मई तक होने वाले इस जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बता दें कि 20 मई को प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा चिन्हित गाँवों में पैदल मार्च निकाल कर लोगों को जन भागीदारी अभियान के तहत होने वाली 'जन सुनवाई' के प्रति जागरूक किया जाएगा। जबकि 21 से 23 मई तक विभिन्न सरकारी विभागों के माध्यम से गाँवों में शिविर लगाकर जन सुनवाई होगी। जिसमें योग्य लाभुकों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित कर उन्हें उनका हक दिलाया जाएगा तथा उनकी समस्याओं का ऑन-द्-स्पॉट निवारण भी किया जाएगा। जबकि 24 मई को शिविरों और जन सुनवाई के माध्यम से चिन्हित गाँव के ग्रामीणों को उपलब्ध कराये गए योजनाओं के लाभों की पूरी रिपोर्ट और विस्तृत विवरणी तैयार की जाएगी।फिर 25 मई को अभियान के अंतिम दिन जिला प्रशासन शिविर से मिले लाभों की समीक्षा कर विकास की गति को आगे भी बनाए रखने के लिए भविष्य की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।जिला प्रशासन की ओर से इस महा-अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर काम करने का निर्देश दिया है, ताकि जिले का कोई भी जनजातीय क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से अछूता न रहे।

# झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी तेज, 30 जून से घर-घर सत्यापन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन 30 जून 2026 से 29 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि इस दौरान बीएलओ मतदाताओं के घर जाकर इन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करेंगे। मतदाताओं द्वारा सत्यापन किए जाने के बाद इन फॉर्मों को संग्रहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर पहले से तैयारियां जारी हैं। अब तक राज्य के लगभग 73 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पिछले गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची के आधार पर बीएलओ द्वारा की जा चुकी है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं की अब तक मैपिंग नहीं हो सकी है, उनकी सूची 23 मई 2026 से सभी मतदान केंद्रों पर प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही संबंधित बीएलओ का नाम एवं मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि मतदाता सीधे अपने बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में अपनी मैपिंग सुनिश्चित करा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर स्टीकर लगाने का कार्य भी किया गया है, जिस पर संबंधित बीएलओ का नाम और संपर्क नंबर अंकित है। इसके अतिरिक्त मतदाता ECINET पर उपलब्ध "बुक ए कॉल" फीचर का उपयोग कर भी अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। निर्वाचन विभाग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे सत्यापन प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करें, ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाया जा

## झारखंड में तेज हवा, बारिश और वज्रपात की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला बदला रहने वाला है। रांची स्थित मौसम केंद्र के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, 18 मई को राज्य के कई जिलों में गरज के साथ बारिश, तेज हवा और वज्रपात की संभावना है। खासकर दक्षिणी और मध्य झारखंड के इलाकों में मौसम ज्यादा सक्रिय रहने के आसार हैं। मौसम केंद्र ने खूंटी और गुमला समेत दक्षिणी झारखंड के इलाकों में कहीं-कहीं 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। वही धनबाद, बोकारो, रामगढ़ और लोहरदगा समेत निकटवर्ती मध्य झारखंड के जिलों में भी गरज के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है।

# अफीम के खेतों में अब उगेगी हरी सब्जी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग**। खूंटी एक ऐसा जिला जो एक समय घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र था। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में अफीम की खेती होती थी। अब यहां के किसान मुख्य धारा में जुड़ रहे हैं। खूंटी के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से 50 महिलाओं का समूह जो मुख्य रूप से आदिवासी समुदाय से है, हजारीबाग के सुदूरवर्ती कटकमसांडी प्रखंड के गोसी गांव पहुंचा। वहां महिलाएं कैसे खेती कर रही हैं, इसकी जानकारी प्राप्त की।

गोसी गांव की महिलाएं सिर्फ खेती ही नहीं बल्कि बकरी पालन, मुर्गी पालन से लेकर के अन्य तरह के रोजगार कर रही हैं। जिससे उनका जीवन स्तर ऊंचा हो रहा है। वो आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। खूंटी से आई महिलाओं ने कहा कि यह ट्रिप बेहद लाभदायक है। खेती करने के कई तरीकों की जानकारी प्राप्त की है। अब उन तरीकों की जानकारी अपने गांव घर में जाकर अन्य लोगों को देंगे और खेती करेंगे।

जिस गांव में महिलाएं पहुंची थी वहां के स्थानीय भी बताते हैं कि दूसरे जिले से जब किसान पहुंचते हैं, इसका दोहरा लाभ होता है। अपने सभ्यता संस्कृति के बारे में लोग एक दूसरे को जानकारी देते हैं। वहीं दूसरी ओर कैसे जीवन यापन कर रहे हैं, इसकी भी जानकारी मिलती है। यह एक बहुत ही अच्छा प्रयास है।

खूंटी से हजारीबाग पहुंची इन महिलाओं के समूह को एक लीड्स संस्था की ओर से मदद मिली है। संस्था के द्वारा महिलाओं को बताया जा रहा है कि वो आर्थिक रूप से कैसे संपन्न हो सकती हैं। यही वजह है कि महिलाओं का समूह हजारीबाग पहुंचकर खेती से कैसे जोड़ा जाए, इसके बारी में जानकारी ली। ताकि वे अपने इलाके में जाकर उस तरह की खेती कर जीवन यापन कर पाए।

# मंईयां सम्मान योजना के सत्यापन के लिए अंचल कार्यालय में महिलाओं की लंबी कतार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद**। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना का लाभ पाने और सत्यापन कराने के लिए धनबाद अंचल कार्यालय में सोमवार को महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही कार्यालय परिसर में लंबी कतारें लगी रहीं। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने दस्तावेजों के साथ पहुंचीं और योजना से संबंधित आवेदन जमा किए। मंईयां सम्मान योजना के तहत पात्र महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इन दिनों सरकार की ओर से सभी लाभुकों का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि योजना का लाभ केवल योग्य महिलाओं को ही मिले। इसी प्रक्रिया के तहत उन महिलाओं से भी आवेदन लिए जा रहे हैं जिन्हें अब तक योजना का लाभ नहीं मिला है। अंचल कार्यालय पहुंची महिलाओं ने बताया कि योजना शुरू होने के बाद से वे लगातार इंतजार कर रही हैं, लेकिन उनके बैंक खाते में अब तक राशि नहीं आई है। महिलाओं का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि आवेदन जमा करने और सत्यापन के बाद उन्हें भी इस योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

धनबाद के अंचल अधिकारी रामप्रवेश कुमार ने बताया कि सभी लाभुकों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जिन महिलाओं को किसी कारणवश राशि नहीं मिल रही है, उनसे आवेदन लेकर उनकी पात्रता की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जो महिलाएं योजना की निर्धारित शर्तों को पूरा नहीं करती हैं, उनके नाम लाभुकों की सूची से हटाए जाएंगे। फिलहाल, सत्यापन प्रक्रिया के कारण अंचल कार्यालयों में महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है और प्रशासन इसे सुव्यवस्थित तरीके से पूरा करने में जुटा है।

## सहयोग शिविर का आयोजन आज, बीडीओ ने किया तैयारियों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 19 मई को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सोमवार को बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी एवं बीपीआरओ राजेश चौधरी ने अहियापुर पंचायत सरकार भवन, टाल पंचायत सरकार भवन सहित अन्य पंचायतों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शिविर स्थल पर पेयजल सहित आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित स्थानों का चिन्हांकन किया। बीडीओ ने बताया कि सहयोग शिविर की तैयारी अंतिम चरण में है और इसे सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भीषण सड़क हादसे में 11 लोग घायल, चार की हालत गंभीर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार**। जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया ब्रिज के पास सोमवार को भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। यहां एक हाइवा और ऑटो में टक्कर हो गई। जहां ऑटो में सवार 11 लोग घायल हो गए। इनमें चार लोगों की स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है। जिन्हें बालूमाथ में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

**हाइवा से टकराकर पलट गई ऑटो**

दरअसल, सोमवार की दोपहर बालूमाथ से ऑटो पर सवार होकर महिलाएं और लड़कियां मुरपा की ओर जा रही थी। इसी दौरान अचानक ऑटो अनियंत्रित होकर हाइवा से टकराकर पलट गई। इस घटना में ऑटो में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बचाव कार्य किया और पुलिस को भी घटना की जानकारी दी।

**चार लोगों की स्थिति नाजुक**

घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अमित कुमार के निर्देश पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल बालूमाथ अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ। अलीशा टोप्पो ने सभी घायलों का इलाज किया। इनमें चार लोगों की स्थिति अत्यंत नाजुक रहने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद मुस्तरी खातून, रेखा देवी, किरण देवी और मधु देवी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में डॉ। आलीशा ने बताया कि घायलों में 7 से 8 लोगों का तो इलाज बालूमाथ में ही किया जा रहा है लेकिन चार लोगों की स्थिति अत्यंत नाजुक रहने के कारण उन्हें रांची रेफर करना पड़ा। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार रविदास ने बताया कि दुर्घटना के बाद सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया है।

बता दें कि लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहनों के अनियंत्रित परिचालन के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। बालूमाथ थाना क्षेत्र में तो शायद ही कोई ऐसा दिन होता होगा जब कोई ना कोई दुर्घटना ना हो। हालांकि दुर्घटना पर पूरी तरह अंकुश लगाने को लेकर पुलिस विभाग और परिवहन विभाग द्वारा काफी सक्रिय रूप से जागरूकता अभियान भी चलाई जा रही है। नियम का उल्लंघन करने वाले और अनियंत्रित रूप से गाड़ी चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई भी की जा रही है। इसके बावजूद दुर्घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। ऑटो चालक द्वारा थोड़े से मुनाफे के लिए ओवरलोडिंग कर लेते हैं।

# मिस्त्री की कमी से बिजली आपूर्ति ठप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। रजौली प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ में बिजली मिस्त्री के अभाव में पिछले चार-पांच दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। सोमवार को बिक्की कुमार, उपेंद्र सिंह, भोला तुरीया, बादल कुमार, गौतम कुमार समेत दर्जनों लोग रजौली पहुंचे और विधायक व बिजली विभाग के अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि मौसम खराब होने और पर्व-त्यौहार पर बिजली बार-बार बाधित हो जाती है। बिना बिजली के जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पहले एलडी गैंग के तहत तीन महीने के लिए एक बिजली मिस्त्री बहाल किया गया था, जिसका कार्यकाल पूरा होते ही उसे हटा दिया गया। तब से पंचायत में रखरखाव के लिए कोई मिस्त्री नहीं है। ग्रामीण बिक्की कुमार ने बताया कि वे बिहार-झारखंड सीमा पर रहते हैं। घरों में बिजली झारखंड से मिलती है, लेकिन कनेक्शन और बिल बिहार में जमा होता है। इसके बावजूद करीब सात साल से पंचायत में बिजली रखरखाव के लिए मिस्त्री नहीं है। आंधी-पानी में तार टूटने पर गांवों में एक हफ्ते तक अंधेरा रहता है। झारखंड के मिस्त्री को बुलाने पर वे आनाकानी करते हैं और काम के बदले पैसे भी मांगते हैं।

# सरकारी कार्यों में बिचौलियों पर सख्ती बरतने का निर्देश




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन, सहयोग शिविर, स्वास्थ्य सेवाओं, आपदा प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा एवं मलमास मेला-2026 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत "सबका सम्मान, जीवन आसान" लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में सेवा संवाद समाधान कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान अधिकारी आम लोगों से सम्मानपूर्वक मिलकर उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। जिले के सभी प्रखंडों में 19 मई 2026 को सहयोग शिविर लगाया जाएगा। संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि पंचायत स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निष्पादन हर हाल में समय पर करें ताकि शिविर में शिकायतकर्ताओं को समाधान की जानकारी दी जा सके। जिलाधिकारी ने अवैध खनन, पीडीएस दुकानों में गड़बड़ी, भू-माफियाओं, आरटीपीएस काउंटर एवं सरकारी कार्यों में बिचौलियों की भूमिका पर सख्ती बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन को अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन एवं एक्स-रे मशीनों को पूरी तरह क्रियाशील रखने तथा खराब मशीनों की तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही मरीजों को अनावश्यक रेफर करने वाले मामलों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। गर्मी के मौसम में अगलगी की घटनाओं को लेकर अग्निशमन विभाग को अलर्ट मोड में रहने तथा सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# दानवीर भामाशाह के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प, मनाई गई जयंती



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नूरसराय बाजार क्षेत्र में वैश्य समाज द्वारा महान दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वैश्य समाज के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन गणेश कुमार ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए वैश्य समाज के वरिष्ठ नेता डॉ। सुनील दत्त ने भामाशाह के जीवन एवं उनके त्याग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भामाशाह का जन्म 29 अप्रैल 1547 को राजस्थान के मेवाड़ राज्य के पाली जिले के सादड़ी गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम भारमल तेली था। उन्होंने बताया कि हल्दीघाटी युद्ध के बाद जब महाराणा प्रताप आर्थिक संकट से जूझ रहे थे, तब भामाशाह ने अपनी पूरी संपत्ति उन्हें दान कर दी थी। इसी सहयोग के बल पर महाराणा प्रताप ने विशाल सेना का गठन कर मुगलों से छीने गए क्षेत्रों को वापस हासिल किया। उन्होंने कहा कि भामाशाह केवल दानवीर ही नहीं बल्कि एक वीर योद्धा और महाराणा प्रताप के विश्वासपात्र सलाहकार भी थे। इस मौके पर अनिल कुमार अकेला, प्रदुमन कुमार, रामकृष्ण कुमार उर्फ भगवान, शशि रंजन कुमार, गौरव कुमार, सुदीश कुमार, टुन्नू जी, निरंजन कुमार, ऋषिकांत कुमार, दीपकांत कुमार, जैनेंद्र कुमार, आजाद कुमार, शैलेंद्र कुमार, पवन कुमार, विवेक कुमार, मनीष कुमार, भोला, मुन्ना कुमार, मोहन कुमार, मुरली आदि उपस्थित रहे।

# रजौली की तीन पंचायतों में जनभागीदारी योजना का विशेष अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। अनुसूचित जनजातीय समुदाय को सभी सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए रजौली प्रखंड में विशेष अभियान चलाया जाएगा। सोमवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ संजीव झा की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में बीडब्ल्यूओ सुरेंद्र कुमार एवं प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव के साथ विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बिहार सरकार के "जनभागीदारी" विशेष अभियान के तहत 'सबसे दूर, सबसे पहले' की सोच के साथ 18 मई से 25 मई तक प्रखंड के तीन पंचायतों में अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत हरदिया पंचायत का चोरडीहा, सवैयाटांड़ का चटकरी और चितरकोली का दुधीमाटी गांव चयनित किए गए हैं। बीडीओ ने बताया कि इस अभियान में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और कर्मी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अनुसूचित जनजाति समुदाय को जागरूक करेंगे। घर-घर जाकर लोगों से मिलकर उन्हें मिलने वाली सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी। अभियान के दौरान पेंशन, आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित परिवारों को लाभान्वित कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ना ही अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

# नारदः संग्रहालय, नवादा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। सोमवार को नारदः संग्रहालय, नवादा में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया गया। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 18 मई को मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम "आओ चले संग्रहालय की ओर" निर्धारित किया गया था। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के लिए संग्रहालय परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, कन्हाई इंटर विद्यालय, राजकीय कन्या इंटर विद्यालय, गांधी इंटर विद्यालय तथा नगर मध्य विद्यालय, नवादा के लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभा कुमारी, सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, नारदः संग्रहालय, नवादा द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संग्रहालयों के महत्व, विरासत एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति एवं इतिहास से जुड़ने का संदेश देते हुए पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं को संग्रहालय में संरक्षित रखने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार (इंटेक), श्याम सुन्दर, सुनीता कुमारी सहित अन्य संग्रहालय कर्मी उपस्थित रहे।

## अमावां संगत में पूजा करना महादलित को पड़ा भारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। रजौली थाना क्षेत्र के अमावां बाजार में बीते रविवार की सुबह डॉक्टर के पास आ रहे महादलित परिवार का रास्ता रोककर गांव के कुछ दबंगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट व छिनतई की। घटना के पीछे मुख्य कारण अमावां संगत स्थित मंदिर में महादलितों को पूजा करने आने से रोकना बताया जा रहा है। घटना के बाद पीड़ित अमावां पूर्वी निवासी लक्ष्मण राजवंशी ने थाने को लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। इस आधुनिक युग में भी महादलित परिवारों को कुछ दबंगों द्वारा मंदिर में प्रवेश से रोका जाना, कुंठित मानसिकता को दर्शाता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में सात लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत मोबाइल फूड वैन के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः **ऑक्शन कैटलॉग सं.: एएसएन-एमएसएस-एसटीजीईएन-10, क्रम सं.: लॉट सं./कैटेगरी और कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1)** एए/1, **एमएसएस-एएसएन-आरएनजी-एसटीजीईएन-157-26-1** और रानीगंज (आरएनजी) स्टेशन के उत्तरी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 360 वर्गफुट माप में (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) निर्दिष्ट स्थान के अंदर एक मोबाइल फूड वैन/ट्रक का 05 वर्ष के लिए परिचालन एवं रखरखाव। **(2)** एए/2, **एमएसएस-एएसएन-पीएएन-एसटीजीईएन-135-26-1** और पानागढ़ रेलवे स्टेशन में कॉलोनी रोड के निकट उत्तरी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 200 वर्गफुट माप में (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) निर्दिष्ट स्थान के अंदर एक मोबाइल फूड वैन/ट्रक का परिचालन एवं रखरखाव, **(3)** एए/3, **एमएसएस-एएसएन-डीयूएमके-एसटीजीईएन-164-26-1,** दुमका (डीयूएमके) स्टेशन के निकट स्टेशन बिल्डिंग के सामने स्थित 180 वर्गफुट माप में (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) निर्दिष्ट स्थान के अंदर एक मोबाइल फूड वैन/ट्रक का परिचालन एवं रखरखाव। **ई-नीलामी की तिथि/समयः** 02.06.2026 को 12.00 बजे (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक के लिए)।

ASN-92/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना संख्या : 09-MC-ROH-BOBRN-25-26-B, धनबाद, दिनांक : 14.05.2026

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-खुली निविदा (e-open tender) **Single Packet System** में IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम : आरओएच शेड, बरवाडीह में BOBRN वैगनों के रूटीन ओवरहॉलिंग (आरओएच) रखरखाव की आउटसोर्सिंग। 2. संविदा की अवधि : 24 माह, 3. कार्य- स्थान : ROH शेड, बरवाडीह, 4. अनुमानित बोली मूल्य : ₹9,27,36,756/- ( नौ करोड़ सत्ताईस लाख छत्तीस हजार सात सौ छप्पन रूपये मात्र ), 5. निविदा दस्तावेज मूल्य : ₹0.00 (शून्य), 6. बयाना राशि (निविदा सूचना के तदनुसार): ₹18,54,700/- (अठारह लाख चौवन हजार सात सौ रुपये मात्र), 7. निविदा प्रकाशन की तिथि : 14.05.2026, 8. ई- निविदा जमा करने की तारीख तथा समय : तारीख : 22.05.2026 से 05.06.2026 को 11:30 बजे तक। 9. ई-निविदा खुलने की तारीख तथा समय : 05.06.2026 को 12:00 बजे। 10. वेबसाईट विवरण : http://www.ireps.gov.in (ई- निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।)

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/0242/डीएचएन/यां/टी/26-27/36

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या : 17-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 15.05.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल-(1) सिग्नलिंग गियरों के रखरखाव के लिए सिग्नल टेक्नीशियनों को टूल किट सेट का प्रावधान। (2) एसएसई/ सिग/1/ आसनसोल और एसएसई/सिग/आरआरआई/ आसनसोल के खंड में स्टेशनों पर एस एंड टी मेंटेनर्स रूम और स्टोर रूम के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी कार्य। (3) एसएसएसई/सिग/मधुपुर और एसएसई/सिग/जसीडीह के खंड में स्टेशनों पर एस एंड टी मेंटेनर्स रूम और स्टोर रूम के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी कार्य और (4) एसएसई/सिग/1/अण्डाल और एसएसई/ सिग/2/अण्डाल के खंड में स्टेशनों पर एस एंड टी मेंटेनर्स रूम और स्टोर रूम के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी कार्य।". **निविदा मूल्य:** रु. 49,29,160.02, **बयाना राशि:** रु. 98,600/- **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 11.06.2026 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/**

ASN-88/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/757, दिनांक 15.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम सं. 1, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3617, कार्य का नाम** : टिकियापाड़ा और सॉर्टिंग यार्ड डिपो से शुरू होने वाले विभिन्न रेक के कमिंस इंडिया लिमिटेड प्रस्तुतकारक के डीजी सेट से सज्जित पावर कारों की 2 वर्ष के लिए एस्कॉर्टिंग, संचालन और ए-चेक मेंटेनेंस। **निविदा मूल्य :** रु. 13,28,53,031/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 8,14,300/-, **पूर्णता अवधि:** 24 माह। **क्रम सं. 2, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3618, कार्य का नाम** : टिकियापाड़ा और सॉर्टिंग यार्ड डिपो से शुरू होने वाले विभिन्न रेक के किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स लिमिटेड (केओईएल) प्रस्तुतकारक के डीजी सेट से सज्जित पावर कारों की 2 वर्ष के लिए एस्कॉर्टिंग, संचालन और ए-चेक मेंटेनेंस। **निविदा मूल्य :** रु. 5,53,36,075/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 4,26,700/-, **पूर्णता अवधि:** 24 माह। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 29.05.2026 को 15.00 बजे क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-67/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# ट्रेनों पर पथराव से यात्रियों में अफरातफरी

## वंदे भारत की तीन बोगियों के शीशे टूटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक साथ तीन ट्रेनों पर पथराव की घटना सामने आई है। पूरी घटना मुजफ्फरपुर-हाजीपुर रेल मुख्य खंड के रामदयालुनगर स्टेशन के बीच की बताई जा रही है। असामाजिक तत्वों ने वंदे भारत एक्सप्रेस समेत तीन ट्रेनों को निशाना बनाया। घटना के बाद ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। हालांकि गनीमत रही कि इस घटना में किसी यात्री को चोट नहीं आई। पथराव में वंदे भारत एक्सप्रेस की तीन बोगियों के शीशे टूट गए। घटना के बाद आरपीएफ ने यात्रियों के बयान दर्ज किए हैं और आरोपियों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि महज सवा घंटे के भीतर 26501 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, 15550 पटना-जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस और 14006 आनंद विहार-सीतामढ़ी लिच्छवी एक्सप्रेस पर पथराव किया गया। लगातार हुई इन घटनाओं से रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। पथराव में वंदे भारत एक्सप्रेस की तीन बोगियों के शीशे चकनाचूर हो गए। अन्य ट्रेनों के कोचों को भी नुकसान पहुंचा है। अचानक हुए पथराव से यात्रियों में डर और अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि संयोग अच्छा रहा कि कोई यात्री घायल नहीं हुआ।

ट्रेनों के मुजफ्फरपुर जंक्शन पहुंचने के बाद रेल पुलिस और आरपीएफ की टीम जांच में जुट गई। यात्रियों से पूछताछ की गई और घटनास्थल से जुड़े तथ्यों को खंगाला गया। पुलिस पत्थर फेंकने वालों की पहचान करने में लगी हुई है।

रेल एसपी वीणा कुमारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि तीन ट्रेनों पर पथराव की पुष्टि हुई है और वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच के शीशे टूटे हैं। घटना में किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। आरपीएफ और जीआरपी को जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वंदे भारत में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में ट्रेनों पर पथराव करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# पैसेंजर ट्रेन के कोच में लगी आग

## डीआरएम ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब प्लेटफॉर्म संख्या 06 पर खड़ी डाउन सासाराम-पटना पैसेंजर ट्रेन के एक कोच से अचानक धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते कोच में आग फैल गई। हालांकि रेलवे कर्मचारियों और फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए डीडीयू रेल मंडल के डीआरएम उदय सिंह मीणा कुछ ही घंटों में घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने अधिकारियों के साथ जले हुए कोच का निरीक्षण किया और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए।

डीआरएम उदय सिंह मीणा अपने अधिकारियों की टीम के साथ सासाराम स्टेशन पहुंचे। उन्होंने प्रभावित कोच का बारीकी से निरीक्षण किया और स्टेशन मास्टर, रेलवे सुरक्षा बल तथा तकनीकी टीम से घटना की प्रारंभिक जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए।आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए रेलवे प्रशासन ने फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को भी मौके पर बुलाया। टीम ने जले हुए कोच से नमूने और अन्य जरूरी साक्ष्य एकत्र किए हैं। शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, लेकिन अंतिम निष्कर्ष एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा।

डीआरएम ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 05:30 बजे ट्रेन संख्या 53212 डाउन सासाराम-पटना पैसेंजर ट्रेन के एक कोच से धुआं निकलने की सूचना मिली थी। इसके तुरंत बाद फायर ब्रिगेड को बुलाया गया और रेलकर्मियों की मदद से सुबह 06:05 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस घटना में किसी यात्री या रेलकर्मी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और लापरवाही सामने आने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के बैनर के तले श्रमदान एवं जनजागरण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गयाजी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज सातवें रविवार को गयाजी के स्थानीय ब्राह्मणी घाट पर स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के बैनर तले विश्व प्रसिद्ध, मोक्ष दायिनी, अंतह सलिला फल्गु नदी के दोनों तटों पर घनी आबादी के बीच स्थित ब्राह्मणी घाट पर स्थानीय लोगों के सहयोग से श्रमदान कर छुट्टी के दिन फल्गु नदी को साफ और स्वच्छ रखने का संकल्प दोहराया गया। इस कार्यक्रम में शामिल अभियान के संयोजक विजय कुमार मिट्ठू, सह संयोजक दामोदर गोस्वामी, टिंकू गिरी, सरोज यादव, पुरुषोत्तम पांडा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, राकेश, संजय, उत्तम, विवेक, अजय सहित अन्य लोगों ने कहा कि फल्गु नदी को स्वच्छ रख कर ही हम गयाजी को स्वच्छ रख सकते हैं, जिसके लिए हम गयाजी वासी प्रत्येक रविवार को श्रमदान कर फल्गु को घनी आबादी के बीच वाले ऐतिहासिक, पुराने घटों को साफ रख सकते हैं। नेताओं ने कहा कि फल्गु के किनारे बहने वाले नाले के पानी को अंदर ग्राउंड नाला बना कर कंडी तक ले जा कर खेतों में पहुचाने तथा सरकारी घोषणा के अनुरूप बोधगया से चाकन्द तक मैरीन ड्राईव के निर्माण की भी मांग बुलंद किया गया।

# कैदी के गर्भवती होने से प्रशासनिक हलकों में हलचल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में एक महिला कैदी के कथित यौन शोषण और गर्भवती होने का मामला सामने आने के बाद जेल प्रशासन और राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप जेल अधीक्षक स्तर के अधिकारी पर लगे हैं, जिससे पूरे मामले ने राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है।

जानकारी के अनुसार, जेल में बंद एक महिला कैदी ने आरोप लगाया है कि उसके साथ लगातार शारीरिक और मानसिक शोषण किया गया। बाद में उसके गर्भवती होने की बात सामने आने पर मामला और संवेदनशील हो गया। इस पूरे प्रकरण को लेकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर सरकार और जेल प्रशासन पर सवाल उठाए हैं।

सूत्रों के मुताबिक, घटना सामने आने के बाद तत्काल कार्रवाई के बजाय कुछ अधिकारियों द्वारा मामले को दबाने की कोशिश किए जाने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि महिला कैदी को स्वास्थ्य जांच और इलाज के नाम पर कई बार जेल से बाहर ले जाया गया। आरोप यह भी है कि ऐसा संभावित मेडिकल साक्ष्यों और सबूतों को प्रभावित करने के उद्देश्य से किया गया, हालांकि इन दावों की अब तक स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

मामले को और गंभीर तब माना जा रहा है जब जेल से जुड़े कुछ कर्मचारियों और संभावित गवाहों के अचानक तबादले की चर्चा भी सामने आई। इससे पूरे घटनाक्रम को लेकर संदेह और गहरा गया है। विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों ने मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग तेज कर दी है।

यह मामला राज्य की जेल सुरक्षा व्यवस्था, महिला कैदियों की सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर बहस छेड़ रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि यदि जेल जैसी उच्च सुरक्षा वाली जगह पर इस तरह के आरोप सामने आते हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा। फिलहाल राज्य सरकार और जेल प्रशासन की ओर से विस्तृत आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है। वहीं राजनीतिक और सामाजिक संगठनों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वे किसी भी पद पर हों।

# टायर फटने से बेकाबू ट्रक ने स्कॉर्पियो और टेम्पो को रौंदा

## तीन बच्चों और तीन महिलाओं सहित छह की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खगड़िया।** जिले एनएच-31 पर मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसे में डेढ़ महीने के मासूम समेत छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार ट्रक का टायर अचानक फट गया और वह अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो और टेंपो से जा टकराया। हादसे में कई

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, होटल के समीप गुजर रहे ट्रक का चक्का अचानक फट गया। इसके बाद चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। बेकाबू ट्रक पहले सामने चल रही स्कॉर्पियो से टकराया और फिर टेंपो को रौंदते हुए सड़क किनारे पलट गया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही तीन बच्चों और तीन महिलाओं की मौत हो गई। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घटना की सूचना मिलते ही मुकुल कुमार रंजन, दीपक कुमार मोदी और स्थानीय जनप्रतिनिधि बाबूलाल शौर्य मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों और मृतकों को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया। घायलों का इलाज जारी है, जबकि मृतकों की पहचान



कराने की कोशिश की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार शुरूआती जांच में हादसे की वजह ट्रक का टायर फटना माना जा रहा है। दुर्घटना के बाद एनएच-31 पर कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कराया गया। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और भारी वाहनों की नियमित जांच कराने की मांग की है।

# फंदे से लटकी मिली युवक की लाश

**अररिया।** जिले की रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत परिहारी पंचायत वार्ड संख्या दो में एक युवक का शव उसके ही मुर्गी फार्म के अंदर फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान 28 वर्षीय सुजीत कुमार पासवान के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में दहशत और तरह-तरह की चर्चाओं का माहौल है। जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम सुजीत हाट था। देर शाम वह घर लौटा और खाना खाने से पहले अपने मुर्गी फार्म की ओर चला गया। रात काफी देर तक जब वह वापस घर नहीं लौटा तो उसकी पत्नी काजल देवी ने उसे कई बार फोन की, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद स्वजन और गांव के लोग मुर्गी फार्म की ओर पहुंचे।

बताया जा रहा है कि फार्म का दरवाजा बाहर से बंद था, जबकि अंदर मोबाइल की घंटी लगातार बज रही थी। किसी तरह दरवाजा खोला गया तो अंदर का दृश्य देख सभी के होश उड़ गए। सुजीत का शव गले में फंदा लगाकर लटका हुआ था। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# ग्राहक और संचालक को बंधक बनाकर लाखों की लूट

## सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिले के सरायरंजन थाना क्षेत्र के रायपुर बुजुर्ग गांव में सोमवार दोपहर हथियारबंद अपराधियों ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र में धावा बोलकर करीब तीन लाख रुपये लूट लिए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो बाइक पर सवार पांच अपराधी दोपहर करीब 12 बजे ग्राहक सेवा केंद्र पहुंचे। इनमें चार बदमाश अंदर घुस गए, जबकि एक अपराधी बाहर सड़क पर निगरानी करता रहा। अंदर प्रवेश करते ही बदमाशों ने हथियार के बल पर केंद्र में मौजूद ग्राहकों और कर्मचारियों को बंधक बना लिया। इसके बाद कैश काउंटर में रखी करीब तीन लाख रुपये की राशि लूटकर फरार हो गए।

घटना के समय ग्राहक सेवा केंद्र में कई लोग मौजूद थे। अचानक हुई लूट की वारदात से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अपराधियों के भागने के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही बिहार पुलिस की सरायरंजन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ग्राहक सेवा केंद्र और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और जिलेभर में नाकेबंदी कर अपराधियों की तलाश तेज कर दी गई है।

दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना के बाद स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर लोगों ने पुलिस गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

# गांजे की खेप बरामद

**शेरघाटी।** गया में शेरघाटी की पुलिस सूचना के आधार पर सक्रिय होकर कार्रवाई की। इसमें पुलिस को विशेष सफलता मिली। रविवार की सुबह 9 बजे थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास जीटी रोड पर छापेमारी कर पुलिस ने 210 किलो गांजा बरामद की है। जीटी रोड से हो रही मादक पदार्थों की तस्करी मामले में इसे सफलता के रूप देखा जा रहा है। पुलिस को मादक पदार्थों के तस्कर नेटवर्क तक पहुंचने में इससे मदद मिलने की संभावना है। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि फिलहाल बरामद गांजा का बाजार में लाखों रुपये अनुमान लगाया गया है। आईओ मो इम्तियाज ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक हाइवा जीटी रोड से मादक पदार्थ गुजरने वाली है। पुलिस ने अपना जाल बिछाया और छापेमारी कर प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा बरामद करने में सफल हुई। इसके साथ हाइवा के दो चालक गिरफ्तार किए गए हैं। इसमें पिंटू कुमार पिता बुधुर सिंह ग्राम रूप सागर थाना नावानगर जिला बक्सर एवं पंकज कुमार पिता छोटन तिवारी ग्राम मनोहरपुर मालियाबाग थाना दिनारा जिला रोहतास के रूप में की गई है।

# रेलवे ट्रैक से युवक-युवती के शवों के मिलने से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रेलवे स्टेशन और शिवसागर रेलवे स्टेशन के बीच सोमवार को अलग-अलग स्थानों से दो शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। रेल पुलिस ने एक युवती और एक युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। दोनों मृतकों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, शिवसागर थाना क्षेत्र के समहुता गांव के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवती का शव पड़ा मिला। सोमवार सुबह जम्मू तवी एक्सप्रेस के लोको पायलट की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद इसकी सूचना तत्काल रेल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

प्रारंभिक जांच में पुलिस ने युवती की गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। हालांकि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मामले में रितेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई है और पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है।

वहीं, दूसरी घटना में सासाराम रेलवे स्टेशन से पश्चिम बेदा नहर के समीप रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों और पुलिस का मानना है कि युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरने के कारण हुई हो सकती है। पुलिस ने शव को रेलवे पोल संख्या 575/22/24 के पास से बरामद किया है। युवक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है और पहचान कराने का प्रयास जारी है। दोनों घटनाओं के बाद रेल पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# पुलिस ने किया चार शवों के बरामद टूकड़ों के राज का खुलासा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के डहरक गांव में संपत्ति विवाद को लेकर सगे भाइयों ने अपने बड़े भाई, भाभी और दो मासूम भतीजे-भतीजी की निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने मामले का खुलासा किया तो सामने आई कहानी ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। एसपी हरिमोहन शुक्ला ने पूरी घटना की जानकारी दी सबलोग दंग रह गए। एसपी के अनुसार, सात मई को कृष्ण मुरारी गुप्ता, उनकी पत्नी दुर्गेश कुमारी, आठ वर्षीय बेटे अंश और चार वर्षीय बेटी कीर्ति की हत्या उनकी मां के सामने ही कर दी गई।

आरोप है कि छोटे भाई विकास गुप्ता, राहुल उर्फ गौतम और महाराष्ट्र से आए उनके साथी दीपक कुमार राजपूत ने कुल्हाड़ी और चाकू से पूरे परिवार की हत्या कर दी। हत्या के बाद शवों को टुकड़ों में काटकर सूटकेस और बोरे में भरकर दुर्गावती नदी पुल के नीचे तथा अभेदे नहर किनारे फेंक दिया गया।

एसपी ने बताया कि चार मई को कृष्ण मुरारी की मां ने महाराष्ट्र में रह रहे छोटे बेटे विकास को फोन कर बताया था कि बड़ा बेटा उसके साथ मारपीट करता है। इसी विवाद से नाराज विकास ने अपने साथी दीपक के साथ मिलकर पूरे परिवार की हत्या की साजिश रची। छह मई को दोनों गांव पहुंचे और हत्या में इस्तेमाल होने वाले औजार जुटाए। सात मई को बच्चों के स्कूल से लौटने के बाद एक-एक कर सभी की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपितों ने शवों को ठिकाने लगाने के लिए स्कूटी का इस्तेमाल किया। विकास की निशानदेही पर पुलिस ने अकोढ़ी पेट्रोल पंप के पास झाड़ियों से कृष्ण मुरारी और उनकी पत्नी का कटा हुआ सिर बरामद किया है।

इधर, बच्चों की कटे सिर की तलाश में गोताखोर अकोढ़ी नदी में अभियान चला रहे हैं। पुलिस ने विकास के घर से एक देसी कट्टा, तीन कारतूस, चाकू, स्कूटी और लोहे काटने वाली कटर मशीन भी बरामद की है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि हत्या के दौरान कृष्ण मुरारी की मां वहीं बैठी रही और सब कुछ देखती रही। घटना के बाद वह दोनों आरोपित बेटों के साथ महाराष्ट्र चली गई, ताकि बड़े बेटे के परिवार के गायब होने पर किसी को शक न हो।

एसपी ने बताया कि पुलिस ने विकास गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। चारों मृतकों के शवों के हिस्से बरामद होने के बाद अब पुलिस की विशेष टीम फरार चल रहे राहुल उर्फ गौतम और दीपक राजपूत की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम महाराष्ट्र गई है।

# बीएड के प्रशिक्षु छात्रों को समारोहपूर्वक दी गयी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगलागंज (गयाजी)।** मानपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय रसलपुर में ज्ञान प्रकाश बीएड कॉलेज की द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षु छात्राओं का सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने विदाई कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सर्वप्रथम विद्यालय में प्रशिक्षु रहे शिक्षकों को विद्यालय के छात्राओं के द्वारा पुष्प गुलदस्ता देकर व सभी प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्रों ने स्वागत संबोधन में अपने अनुभव से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिए। इसके बाद गीत-संगीत व नृत्य आदि का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

उपस्थित बच्चों ने जमकर कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। बीएड के प्रशिक्षु छात्रों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव से सभी को रुबरु कराया।




विद्यालय परिवार को बीएड के प्रशिक्षु छात्रों ने अपनी ओर से विद्यालय के शिक्षकों और प्रधानाध्यापक को अंगवस्त्र उपहार स्वरुप भेंट प्रदान की गई। साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यक संजय कुमार ने प्रशिक्षु शिक्षकों को आशीष व उज्जवल भविष्य की कामना देते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान माहौल काफी भावनात्मक हो गया। कार्यक्रम में कक्षा छठवीं व सातवीं और आठवीं के छात्रों का विशेष योगदान रहा। मौके पर विद्यालय के अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# नगर क्षेत्र के लिए अलग फीडर की मांग

**कटिहार।** नगर पंचायत क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति को लेकर बिहार सरकार के ऊर्जा मंत्री से अलग विद्युत फीडर स्थापित किये जाने की मांग विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने की है। ऊर्जा मंत्री को प्रेषित पत्र में विधायक श्री सिंह ने कहा है कि मनिहारी नगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति नवाबगंज स्थित विद्यूत सब स्टेशन से की जाती है। इसी सब स्टेशन से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति की जाती है। लम्बी ट्रांसमिशन लाईन की वजह से आये दिन ट्रांसमिशन लाईन में आयी गड़बड़ी की वजह से शहरी क्षेत्र में भी बिजली संकट उत्पन्न हो जाता है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव नगरीय क्षेत्र में कार्यरत सरकारी दफ्तरों के कामकाज पर पड़ता है। साथ ही मनिहारी की पहचान गंगा से होने से यहां धार्मिक,मांगलिक अनुष्ठानों को लेकर श्रद्धालू बड़ी संख्या में आते हैं। अनेक पावन मौके पर भाडी संख्या में श्रद्धालूओं का जनसैलाब मनिहारी नगर क्षेत्र स्थित गंगातट पर उमड़ती है। ऐसे में निर्बाध बिजली आपूर्ति की कमी लोगों सामान्य दिनचर्या को भी प्रभावित करती है।

# वाहन दुर्घटना में शिक्षक की मौत, प्राचार्य जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** हाजीपुर-पटना मुख्य मार्ग नगर थाना क्षेत्र के गरदनिया चौक के पास सोमवार सुबह करीब 6 बजे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षक की मौत हो गई।

हादसे में प्रिंसिपल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना पर आसपास के लोग एवं राहगीर जुट गए।

घटना की जानकारी स्थानीय थाना की पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना के संबंध में जानकारी लेने के बाद घायलों को अस्पताल भेज दिया।

घटना की जानकारी उनके परिवार वालों को दी। सूचना मिलते ही परिवार वाले सदर अस्पताल पहुंच गए। मृतक शिक्षक की पहचान पटना जिला के मालसलामी थाना अंतर्गत नादिरगंज शिव मंदिर निवासी अनंत नारायण यादव के 53 वर्षीय पुत्र चंद्रशेखर कुमार के रूप में हुई है। घायल प्रिंसिपल प्रेम कुमार जायसवाल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह शिक्षक चंद्रशेखर कुमार नादिरगंज से बाइक लेकर गायघाट पहुंचे थे। वहां से वह प्रिंसिपल प्रेम कुमार जायसवाल के साथ औद्योगिक थाना क्षेत्र के हिलालपुर राजकीय मध्य विद्यालय जाने के लिए स्कूटी से निकले थे। इसी दौरान गदरानिया चौक के पास सामने से तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से प्रिंसिपल सड़क किनारे गिर गए, जबकि शिक्षक चंद्रशेखर बीच सड़क पर गिर पड़े। तभी हाजीपुर की ओर से पटना जा रहे एक अन्य तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। इससे शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई।

स्थानीय लोगों की सूचना पर नगर थाना के एसआई रंजीत केवट टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने घायल प्रिंसिपल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा और परिजनों को सूचना दी। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। नगर थाना के पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजा गया।

घटना के संबंध में जानकारी लेने के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया।

# गर्मी से छात्राएं हुई बेहोश

**शेखपुरा।** सोमवार को सदर प्रखण्ड के लोदीपुर में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की 13 छात्राएं फिर बेहोश हो गईं। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले शनिवार की रात्रि भी इसी विद्यालय की 27 छात्राएं बीमार होकर बेहोश हो गई थी। चिकित्सक तथा शिक्षा विभाग दोनों छात्राओं के बेहोश होने के पीछे भीषण गर्मी तथा उमस कारण बता रहे हैं। सोमवार को जो छात्राएं बीमार हुई हैं, उनमें चंचला कुमारी, कंचन कुमारी, शबनम कुमारी, सीता कुमारी, नैना कुमारी, छोटी कुमारी, अनीता कुमारी, सुमन कुमारी, तनुजा कुमारी, बिंदी कुमारी शामिल हैं। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. नौशाद आलम ने ने बताया इसमें फूड प्वाइजनिंग का कोई मामला नहीं लगता है। गर्मी तथा उमस के कारण ऐसा हुआ है।

इलाज के बाद सभी छात्राओं की स्थिति अब बेहतर है। सूचना पर अस्पताल पहुंचे शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया सोमवार को केजीबी की 13 छात्राओं की तबीयत खराब होने पर उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गर्मी तथा उमस के कारण छात्राओं की तबीयत खराब हुई। वार्डेन रेखा कुमारी ने बताया सोमवार को बीमार हुई छात्राओं में कुछ ऐसी भी हैं, जो शनिवार को भी बीमार हुई थी।अस्पताल आई छात्राओं ने बताया आज विद्यालय में नाश्ता में दही-चूड़ा मिला था तथा कई को रोटी-सब्जी।

# बिहटा-अरवल-औरंगाबाद रेल लाइन को मिली नई रफ्तार

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जल्द भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया आगे बढ़ाने का दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली/अरवल।** बिहार के बहुप्रतीक्षित बिहटा-अरवल-औरंगाबाद रेल लाइन परियोजना को लेकर सोमवार को नई दिल्ली में महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। भाजपा के अरवल विधायक मनोज शर्मा ने भारत सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार मुलाकात कर परियोजना पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की। मुलाकात के दौरान विधायक मनोज शर्मा ने रेल मंत्री के समक्ष परियोजना की वर्तमान स्थिति, क्षेत्रीय महत्व और जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को प्रमुखता से रखा। इस पर रेल मंत्री ने आश्वस्त किया कि परियोजना से संबंधित सभी आवश्यक कागजी प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कर भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी, ताकि रेल लाइन निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से प्रारंभ हो सके। रेल मंत्री के इस आश्वासन के बाद अरवल, औरंगाबाद तथा पटना जिले के लोगों में नई उम्मीद जगी है। लंबे समय से प्रतीक्षित यह रेल परियोजना क्षेत्र के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। क्षेत्र के लोगों का मानना रहा है कि यदि यह रेल लाइन बनती है तो दक्षिण बिहार के कई हिस्सों की तस्वीर बदल सकती है। सड़क मार्ग पर निर्भर लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और पटना से संपर्क भी आसान होगा। विधायक मनोज शर्मा ने मुलाकात के बाद कहा कि क्षेत्र की जनता की बहुप्रतीक्षित इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री के साथ हुई बातचीत बेहद सकारात्मक रही और केंद्र सरकार इस परियोजना को गंभीरता से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने रेल मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परियोजना के आगे बढ़ने से न केवल यातायात व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि रोजगार, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

## प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को विभाग बताएंगे अपनी उपलब्धियां : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के सभी विभाग अब अपने-अपने विभागों की महत्वपूर्ण कार्यों और उपलब्धियों को नियमित तौर पर जनता के बीच रखेंगे। इसके लिए प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे सूचना भवन स्थित 'संवाद' कक्ष में प्रेस वार्ता का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इसके संबंध में सभी विभाग को पत्र जारी किया है। पत्र में विभागों के लिए रोस्टर भी जारी कर दिया गया है। इसके लिए प्रत्येक विभाग से किसी वरीय पदाधिकारी को इस कार्य की समुचित व्यवस्था करने के लिए नोडल पदाधिकारी के तौर पर नामित करने का निर्देश पत्र में दिया गया है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में इस आयोजन के लिए संयुक्त निदेशक (प्रेस) रवि भूषण सहाय से सभी विभागों के नोडल पदाधिकारी को समन्वय करने के लिए कहा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य विभागीय योजनाओं के बारे में पारदर्शी तरीके से जानकारी आमजन तक पहुंचाना।

# एनटीपीसी बाढ़ ने साझा की उपलब्धियां और विकास योजनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बाढ़।** एनटीपीसी बाढ़ में रविवार को मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख सी. सत्य रामकृष्ण ने एनटीपीसी बाढ़ की उपलब्धियों, परिचालन उत्कृष्टता, सतत विकास और सामुदायिक विकास से जुड़ी पहलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी बाढ़ की कुल स्थापित क्षमता 3300 मेगावाट (5X660 मेगावाट) है। स्टेज-1 यूनिट-3 के वाणिज्यिक परिचालन के बाद यह एनटीपीसी का दूसरा सबसे बड़ा पावर स्टेशन बन गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्टेशन ने 17574 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया जो अब तक का सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन है। 30 दिसंबर 2025 को 75.38 मिलियन यूनिट का सर्वाधिक एकदिवसीय उत्पादन और 95.18 प्रतिशत पीएलएफ का रिकॉर्ड बनाया गया। मार्च 2026 में 2045 मिलियन यूनिट का सर्वाधिक मासिक उत्पादन भी दर्ज किया गया। हरित ऊर्जा पहल के तहत स्टेशन में 3150 किलोवाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं जिनमें 2450 किलोवाट क्षमता की परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। सामुदायिक विकास के तहत बालिका सशक्तिकरण अभियान, उत्कर्ष मेरिट छात्रवृत्ति और मोबाइल मेडिकल वैन जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। साथ ही 400 एमडब्ल्यूएच क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना पर भी कार्य जारी है जिससे ऊर्जा प्रबंधन और ग्रिड स्थिरता को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में हरेकृष्ण जेना, अजीत कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, अजित प्रताप सिंह, वी. सरवनन, डॉ. अनिल सोमकुवर और प्रशांत कुमार सामल सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। एनटीपीसी प्रबंधन ने मीडिया प्रतिनिधियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ऐतिहासिक धरोहरों की रक्षा करें : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ''अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस'' के अवसर पर बिहार के सभी नागरिकों को विधायक दल के नेता, जनता दल (यू)-सह-ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने हार्दिक शुभकामनाएं दी। आगे मंत्री ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस हमें प्रेरणा देता है कि हम अपनी ऐतिहासिक धरोहरों की रक्षा करें और आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास से जोड़ें। संग्रहालय ज्ञान, शोध और पर्यटन को भी बढ़ावा देता है जिससे समाज में सांस्कृतिक चेतना मजबूत होती है।

## विश्व संग्रहालय दिवस पर बी. डी.कॉलेज और 'संधान' नामक एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर इतिहास विभाग, बी. डी.कॉलेज और 'संधान' नामक एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में 'संग्रहालय में हमारी विरासत' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर जयदेव मिश्र (भूतपूर्व अध्यक्ष, प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, पटना विश्वविद्यालय,पटना) ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने संग्रहालयों को ज्ञान का इनसाइक्लोपीडिया बताया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यह दिवस सन 1977 से मनाया जा रहा है। डॉ.तृप्ति राय, असिस्टेंट प्रोफेसर, प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने पीपीटी के माध्यम से रुचिकर जानकारी दी। बी डी कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रोफ़ेसर रत्ना अमृत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि संग्रहालय अतीत और वर्तमान की कड़ी हैं। नई शिक्षा नीति -2020 में भी विरासत को शिक्षा के साथ जोड़ना चाहिए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इतिहास विभाग के शिक्षक डॉ दिव्या कुमार, आलोक कुमार, डॉ मनिता कुमारी यादव और श्रीमती उपासना सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक 'राजगीर मलमास मेला' पर डा. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों को दी बधाई और शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार ने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और अध्यात्म की पावन भूमि राजगीर में 17 मई से शुरू हुए ऐतिहासिक 'राजगीर मलमास मेला' के पावन अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि राजगीर का यह मलमास मेला न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश की सनातनी परंपरा, अटूट आस्था और सांस्कृतिक एकता का एक अद्भुत प्रतीक है। इस पवित्र महीने में राजगीर की धरती देवलोक के समान पवित्र हो जाती है। हमारे पुराणों और धर्मग्रंथों में यह वर्णित है कि मलमास (अधिकमास) के दौरान हिंदू धर्म के सभी 33 कोटि देवी-देवता, ऋषि-मुनि और पवित्र तीर्थ साक्षात रूप से राजगीर में निवास करते हैं। इस महीने में राजगीर के पवित्र गर्म जल के कुंडों (सप्तधारा और ब्रह्मकुंड) में स्नान, ध्यान और दान करने से मनुष्य को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सभी पापों का नाश होता है। यह मेला हमारी 'वसुधैव कुटुंबकम' की मूल भावना को धरातल पर चरितार्थ करता है।

## आकाशवाणी पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से भोजपुरी समाचार का प्रसारण शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आकाशवाणी पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से आज से भोजपुरी समाचार का प्रसारण शुरू हो गया है। आकाशवाणी के पटना केन्द्र समेत राज्य के विभिन्न केंद्रों से आज शाम छह बजकर पांच मिनट पर प्रथम भोजपुरी बुलेटिन का प्रसारण किया गया। इस अवसर पर वाल्मिकीनगर के सांसद सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्री कुमार ने आंचलिक भाषा में समाचार प्रसारण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है। इस अवसर पर आकाशवाणी पटना के केन्द्राध्यक्ष एच.डी. सिडाम, कार्यक्रम प्रमुख अमित कुमार, उप निदेशक सह समाचार प्रमुख अजय कुमार, समाचार संपादक डॉक्टर सविता पारीक और निधि श्री समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। भोजपुरी समाचार बुलेटिन को न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर सुना जा सकता है। इसके अलावा यह प्रादेशिक समाचार एकांश के यूट्यूब चैनल, एक्स पर, एआइआर न्यूज अंडर स्कोर पटना पर भी उपलब्ध होगा। गौरतलब है आकाशवाणी पटना से पहले से ही हिंदी, उर्दू और मैथिली भाषाओं में प्रादेशिक समाचार बुलेटिन का प्रसारण हो रहा है।

## युवाओं को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है कुशल युवा कार्यक्रम : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वैशाली।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित बिहार कौशल विकास मिशन की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) आज युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का मजबूत माध्यम बन चुका है। यह बातें केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने कही। उन्होंने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के लाखों युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा, संवाद कौशल एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है जिससे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। यह योजना ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। डॉ. झा ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी एवं डिजिटल शिक्षा अत्यंत आवश्यक हो चुकी है। ऐसे में बिहार सरकार द्वारा संचालित यह योजना युवाओं को आधुनिक कौशल से जोड़कर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि कुशल युवा कार्यक्रम को और अधिक सशक्त एवं व्यापक रूप से संचालित किया जाए ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि केवाईपी केंद्र केवल प्रशिक्षण केंद्र नहीं बल्कि युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बन चुके हैं।

## सीनियर सिटीजन एसोसियशन ने दी विशेश्वर शर्मा को श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खगौल।** नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसियशन के संस्थापक कोषाध्यक्ष विशेश्वर शर्मा के श्राद्धकर्म पर श्रद्धांजलि दी गई। उनके पैतृक निवास पर आयोजित कार्यक्रम में संगठन से लोगों ने उनके योगदान को याद किया। राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन ने कहा कि स्व. शर्मा संस्थापक कोषाध्यक्ष थे उनके रूप में संगठन का एक मजबूत नीव स्तम्भ ढह गया। मौकेपर कामेश्वर शर्मा, कुमकुम कुमारी, राजकुमार, रामकुमार, शुभम, अंकिता, रिपशिखा, दीपशिखा, भरत सिंह, अनिल शर्मा, सत्यनारायण तिवारी, गिरिधर पाठक, राजेद्र प्रसाद, जगदानंद पांडेय, अमरेंद्र कुमारी, सिद्धनाथ शर्मा, विनोद कुमारी चौधरी, ललिता कुंवर, शिवकुमार मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

## योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : नंद किशोर राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवहर।** बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नंद किशोर राम ने सोमवार को शिवहर में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर योजनाओं के ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डेयरी, मत्स्य एवं पशुपालन क्षेत्र बिहार के गांवों की तस्वीर बदलने का सबसे सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है और इससे किसानों की आय बढ़ाने में बड़ी मदद मिल सकती है। बैठक में मंत्री ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक पात्र लाभुक तक योजनाओं का लाभ हर हाल में पहुंचे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्यों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। ऐसे में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन जैसे वैकल्पिक आय के साधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ लाभुकों को तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि ग्रामीण स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ सकें।

## स्वच्छ ऊर्जा अपनाने को लेकर जन जागरूकता फैलाने 'अवादा भारत उदय यात्रा' पटना पहुंची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** स्वच्छ ऊर्जा बनाने वाली कंपनी अवादा ग्रुप की ओर से आयोजित 'अवादा भारत उदय यात्रा' पटना पहुंची। स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की राष्ट्रव्यापी अभियान के दौरान पटना में इस यात्रा के माध्यम से स्थानीय नागरिकों और संस्थाओं को टिकाऊ ऊर्जा और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली से जोड़ने का प्रयास किया गया। अवादा ग्रुप के पास 17.7 जीडब्लूपी से अधिक का स्वच्छ ऊर्जा पोर्टफोलियो है जो कंपनी की मजबूत निष्पादन क्षमताओं को दर्शाता है। बिहार नवीकरणीय ऊर्जा विकास प्राधिकरण के परियोजना निदेशक दिलीप कुमार पटना में निकाली गई 'अवादा भारत उदय यात्रा' के मुख्य अतिथि थे। 8 मई 2026 को कंपनी के नोएडा ऑफिस से रवाना हुई यह यात्रा एक राष्ट्रव्यापी जागरुकता आंदोलन के इरादे से आगे बढ़ रही है। खास तौर पर डिजाइन की गई वैन अब तक लगभग 1217 किलोमीटर का फासला तय कर चुकी है। पटना में इस यात्रा को वहां के स्थानीय निवासियों, विद्यार्थियों व स्थानीय संस्थानों से बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली जिससे जाहिर होता है सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, पनबिजली जैसे नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों में जनता की रुचि बढ़ रही है। इस अवसर पर अवादा ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल ने कहा आज वह समय आ गया है जब हम पूरी तरह से प्राकृतिक ऊर्जा की ओर बढ़ें।

## कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए कनेक्ट सेंटर के सदस्यों को सौंपा संगठनात्मक जिलों का प्रभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने संगठन को मजबूत करने तथा जमीनी स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को तेज करने के उद्देश्य से कनेक्ट सेंटर के सदस्यों के बीच विभिन्न संगठनात्मक जिलों का प्रभार आवंटित किया है। मिन्नत रहमानी को अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पटना अर्बन, कटिहार रूरल, कटिहार अर्बन, पूर्णिया रूरल एवं पूर्णिया अर्बन का प्रभार दिया गया है। राजीव मेहता को भोजपुर, बक्सर, कैमूर, मधुबनी ईस्ट, मधुबनी वेस्ट, पटना रूरल-1, पटना रूरल-2, रोहतास, नालंदा एवं बिहारशरीफ का प्रभार सौंपा गया है। शशि रंजन को दरभंगा रूरल, दरभंगा अर्बन, समस्तीपुर रूरल, समस्तीपुर अर्बन, मुजफ्फरपुर तथा कांटी का प्रभार दिया गया है। प्रेमचंद सिंह को सोनपुर, छपरा, सिवान, सुपौल, गोपालगंज, भागलपुर एवं बांका का प्रभार दिया गया है। ई. कमल कुमार को मुंगेर, बेगूसराय, जमुई, खगड़िया, लखीसराय तथा शेखपुरा जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। पंकज यादव को पश्चिमी चंपारण, बगहा, पूर्वी चंपारण, गोविन्दगंज, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली रूरल, वैशाली अर्बन एवं औरंगाबाद का प्रभार दिया गया है। विमलेश तिवारी को अरवल, गया जी, शेरघाटी-बोधगया, जहानाबाद, नवादा एवं महाराजगंज जिलों का प्रभार दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने उम्मीद जताई है कि सभी जिम्मेदार पदाधिकारी अपने-अपने आवंटित जिलों में संगठन को और मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# औद्योगिक विकास को गति देने को लेकर मंत्री ने की विभागीय समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




पटना। उद्योग विभाग की मंत्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभाग के क्रियात्मक कार्यों, विभिन्न योजनाओं की प्रगति, औद्योगिक विकास से जुड़े प्रमुख पहलुओं तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर निवेश प्रोत्साहन, औद्योगिक आधारभूत संरचना के विकास एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंत्री ने विभागीय योजनाओं के समयबद्ध निष्पादन, बेहतर समन्वय एवं उद्योग अनुकूल वातावरण को और मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में उद्योग एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है तथा उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, निवेशकों के लिए बेहतर औद्योगिक वातावरण तैयार करने तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## बिहार ने रचा नया वित्तीय रिकॉर्ड, पहली बार 60% के पार पहुंचा सीडी रेशियो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य स्तरीय बैंकिंग समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें बिहार में कार्यरत सरकारी, निजी समेत अन्य सभी तरह के बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। साथ ही इनके स्तर से ऋण वितरण तथा प्राथमिकता क्षेत्रों में वित्तीय प्रवाह के स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें बैंकों के क्रेडिट-डिपॉजिट (सीडी) रेशियो, ऋण वितरण, जमा राशि तथा कृषि एवं एमएसएमई क्षेत्रों में ऋण प्रवाह की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रस्तुत आंकड़ों से यह बात सामने आई कि बिहार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में पहली बार 60.21 प्रतिशत का सीडी रेशियो हासिल किया है। विकास आयुक्त ने इसे राज्य सरकार, बैंकिंग संस्थानों एवं विभिन्न विभागों के सम्मलित प्रयासों का परिणाम बताया। राज्य के सभी बैंकों में कुल जमा राशि बढ़कर 6 लाख 15 हजार 428 करोड़ रुपये हो गई है। इसके अनुपात में ऋण वितरण की स्थिति भी बढ़कर 3 लाख 70 हजार 563 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है जो जमा राशि का 60.21 प्रतिशत है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में जमा राशि में 51 हजार 983 करोड़ रुपये तथा ऋण वितरण में 37 हजार 882 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई है।

## 17 असफल आइवीएफ प्रयासों के बाद दंपति के घर गूंजी किलकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** 23 वर्षों के लंबे वैवाहिक जीवन और 17 असफल आईवीएफ प्रयासों के बाद आखिरकार एक दंपति के जीवन में खुशियों ने दस्तक दी। इंदिरा आईवीएफ पटना की विशेषज्ञ टीम, अत्याधुनिक तकनीक और व्यक्तिगत उपचार योजना की मदद से इस दंपति ने एक स्वस्थ संतान को जन्म दिया। यह सफलता उन हजारों दंपतियों के लिए उम्मीद की नई किरण है जिन्हें कई जगहों पर निराशा हाथ लगी है। वर्षों तक लगातार असफलताओं, मानसिक तनाव और सामाजिक दबाव का सामना करने के बाद इस दंपति को कई केंद्रों पर यह तक कह दिया गया था कि वे कभी माता-पिता नहीं बन सकते, लेकिन उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और अंततः इंदिरा आईवीएफ पटना पहुंचे। इंदिरा आईवीएफ पटना में उनकी पूरी चिकित्सा जानकारी, पिछले असफल आईवीएफ प्रयासों, भ्रूण की गुणवत्ता, लैब से जुड़े पहलुओं और महिला स्वास्थ्य का गहराई से विश्लेषण किया गया। इसके बाद उनके लिए पूरी तरह व्यक्तिगत और मरीज-केंद्रित उपचार योजना तैयार की गई जिसमें हर छोटे चिकित्सकीय और भ्रूण-विज्ञान से जुड़े पहलू पर विशेष ध्यान दिया गया। इस सफलता के पीछे अनुभवी डॉक्टरों, भ्रूण-विज्ञान विशेषज्ञों और इंदिरा आईवीएफ की मजबूत बहु-विषयक टीम का सामूहिक प्रयास रहा। साथ ही अत्याधुनिक सुविधाओं, उन्नत भ्रूण-विज्ञान प्रयोगशाला, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणालियों और नवीनतम आईवीएफ तकनीकों ने इस जटिल केस को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंदिरा आईवीएफ बिहार हेड एवं पटना सेंटर हेड, वरिष्ठ भ्रूण-विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. दयानिधि कुमार ने कहा कि आईवीएफ उपचार में भ्रूण-विज्ञान प्रयोगशाला की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। लगभग 70 - 80 प्रतिशत सफलता उन्नत भ्रूण-विज्ञान प्रयोगशाला, भ्रूण कल्चर की सही परिस्थितियों, गुणवत्ता प्रणालियों और कुशल भ्रूण-विज्ञान विशेषज्ञों पर निर्भर करती है।

## बिहार में अब दबंगई नहीं चलेगी, जनप्रतिनिधियों पर हमला बर्दाश्त नहीं : डॉ. संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने मोहनपुर प्रखंड के ग्राम गंभीरा में बाराचट्टी विधायक के साथ हुई कथित अभद्रता एवं हमले की घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हिंसा, जातिसूचक टिप्पणी, गाली-गलौज और जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार पूरी तरह अस्वीकार्य है। यदि किसी जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता या आम नागरिक के साथ इस प्रकार की घटना होती है तो प्रशासन को निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि दलित, वंचित और कमजोर समाज के लोगों को डराने-धमकाने की मानसिकता अब बिहार में नहीं चलेगी। बिहार बदल चुका है और अब हर समाज अपने सम्मान और अधिकार के प्रति सजग है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आवेदन में जिन लोगों के नाम दिए गए हैं तथा जिन अन्य लोगों की पहचान वीडियो एवं स्थानीय साक्ष्यों के आधार पर हो सकती है, उन सभी के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सामाजिक सौहार्द एवं कानून के राज के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# संपादकीय

## सोने पर सख्ती, क्या आर्थिक दबाव से निपटने की शुरुआत है यह बड़ा संकेत

भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कच्चे तेल के बाद सोने का देश के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है। इसकी बढ़ती मांग और आयात से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल भी बढ़ा है, जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश की जनता से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन कम खर्च करने और सोना न खरीदने को कहा है।सरकार के इस कदम का एक पहलू यह भी है कि इससे सोने-चांदी की कालाबाजारी और तस्करी बढ़ने की आशंका है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट का फिलहाल कोई स्थायी हल नजर नहीं आने के मद्देनजर भारत में इसके प्रभाव को कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों पर अमल शुरू हो गया है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री की ओर से हाल में जनता से किए गए आग्रह के बाद सोने-चांदी पर आयात शुल्क छह फीसद से बढ़ाकर पंद्रह फीसद कर देने की घोषणा से की गई। इसके बाद इन कीमती धातुओं के दाम में बुधवार को भारी उछाल आया। सरकार का कहना है कि संकट के समय गैर-जरूरी वस्तुओं के आयात से विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ रहे दबाव को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।दरअसल, भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कच्चे तेल के बाद सोने का देश के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है। इसकी बढ़ती मांग और आयात से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल भी बढ़ा है, जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है। हालांकि, आभूषण कारोबारी सरकार के इस कदम से निराश हैं, लेकिन यह भी सच है कि समय रहते समुचित उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में जो जटिल परिस्थितियां पैदा होंगी, उनका सबसे ज्यादा असर आम आदमी पर ही पड़ेगा।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश की जनता से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, भोजन पकाने के तेल के इस्तेमाल में कमी लाने और सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपाय अपनाने का आह्वान किया था। संदेश स्पष्ट था कि देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, जिसे कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों की ओर बढ़ना होगा।इसमें दोराय नहीं है कि किसी भी बड़े संकट से निपटने के लिए आम नागरिकों की भी अहम भूमिका होती है। जन भागीदारी के बिना न तो कोई योजना सफल हो पाती है और न ही संकट के दौरान आवश्यक उपायों का व्यापक स्तर पर सार्थक परिणाम सामने आता है। सोने-चांदी की खरीद नागरिकों की मूलभूत जरूरतों से परे है और इसे कुछ समय के लिए सीमित कर देने से अगर विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कुछ कम हो जाए, तो यह एक सार्थक पहल साबित हो सकती है।सरकार के इस कदम का एक पहलू यह भी है कि इससे सोने-चांदी की कालाबाजारी और तस्करी बढ़ने की आशंका है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर निगरानी और सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। जमीनी और तटीय घुसपैठ मार्गों, संगठित तंत्र और वितरण केंद्रों के रूप में काम करने वाले कारोबारियों पर नियमित नजर रखनी होगी।

# ट्रंप और जिनपिंग की दोस्ती ने बदल डाले वैश्विक राजनीतिक समीकरण, क्वाड का भविष्य अधर में

(नीरज कुमार दुबे )

ट्रंप की चीन यात्रा ने यह भी साफ कर दिया कि चीन को अलग थलग करने की अमेरिकी रणनीति अब पहले जैसी प्रभावी नहीं रह गई है। वहीं बीजिंग ने ट्रंप की इस यात्रा को केवल कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं रहने दिया, बल्कि इसे अपनी तकनीकी, आर्थिक और सामरिक शक्ति के प्रदर्शन में बदल दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा बदलती विश्व व्यवस्था का ऐसा प्रतीक बनकर सामने आई जिसने वैश्विक राजनीति की दिशा पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। बीजिंग में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ट्रंप की लंबी बैठकों, व्यापारिक समझौतों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी सहयोग पर चर्चा तथा अमेरिकी उद्योगपतियों की भारी मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि तमाम टकरावों और आरोपों के बावजूद अमेरिका और चीन एक दूसरे से अलग नहीं हो सकते। इसी के साथ यह सवाल भी तेज हो गया है कि क्या इस यात्रा ने क्वॉड जैसे रणनीतिक समूहों के भविष्य पर भी अनिश्चितता पैदा कर दी है?

दिलचस्प बात यह है कि पिछले वर्ष जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन के दौरान शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी, तब ट्रंप ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अमेरिका भारत को चीन और रूस के हाथों खो रहा है। यही नहीं, मोदी की चीन और रूस के नेताओं के साथ तस्वीरों को वाशिंगटन में रणनीतिक असहजता के रूप में देखा गया था। लेकिन अब वही ट्रंप खुद चीन की धरती पर शी जिनपिंग के साथ बैठकों में व्यस्त रहे। उनके साथ अमेरिका के सबसे बड़े उद्योगपति और तकनीकी कंपनियों के प्रमुख भी मौजूद रहे। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि यदि भारत का चीन से संवाद अमेरिका के लिए भारत को खो देना था, तो फिर ट्रंप की अपनी चीन यात्रा को क्या कहा जाए? क्या यह अमेरिकी यथार्थवाद है, आर्थिक मजबूरी है या फिर वैश्विक शक्ति संतुलन की नई स्वीकारोक्ति है?

ट्रंप की इस यात्रा ने यह भी साफ कर दिया कि चीन को अलग थलग करने की अमेरिकी रणनीति अब पहले जैसी प्रभावी नहीं रह गई है। वहीं बीजिंग ने ट्रंप की इस यात्रा को केवल कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं रहने दिया, बल्कि इसे अपनी तकनीकी, आर्थिक और सामरिक शक्ति के प्रदर्शन में बदल दिया। शहर की सड़कों पर चालक रहित विद्युत वाहन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणालियां, मानवरूपी रोबोट और डिजिटल विज्ञापन चीन की नई ताकत का प्रदर्शन कर रहे थे। चीन दुनिया को यह संदेश देना चाहता था कि अब वह केवल सस्ती वस्तुएं बनाने वाला देश नहीं बल्कि भविष्य की तकनीकों का नेतृत्व करने वाली शक्ति बन चुका है।

देखा जाये तो ट्रंप की यात्रा ऐसे समय हुई जब अमेरिका ईरान युद्ध के कारण कई मोर्चों पर दबाव में है। अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के अनुसार चीन ने ईरान संकट का उपयोग अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य संकट के बीच चीन ने ऊर्जा आपूर्ति और हथियारों के जरिये अपनी भूमिका बढ़ाई, जबकि अमेरिका युद्ध और आर्थिक दबावों में उलझा रहा। यही कारण है कि ट्रंप को अंततः बीजिंग पहुंचकर शी जिनपिंग से संवाद करना पड़ा।

बीजिंग में हुई बातचीत के दौरान ताइवान सबसे बड़ा मुद्दा बनकर सामने आया। शी जिनपिंग ने साफ कहा कि यदि ताइवान के मुद्दे को ठीक ढंग से नहीं संभाला गया तो दोनों देशों के बीच टकराव और संघर्ष हो सकता है। यह बयान केवल चेतावनी नहीं था बल्कि बदलते शक्ति संतुलन का संकेत भी था। चीन अब अमेरिका से बराबरी की भाषा में बात कर रहा है।

ट्रंप की प्राथमिकता हालांकि व्यापार और निवेश रही। उनके साथ एलन मस्क, जेन्सन हुआंग और अन्य अमेरिकी उद्योगपति भी पहुंचे। यह इस बात का संकेत था कि अमेरिकी उद्योग जगत चीन से दूरी नहीं चाहता। दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता अर्थव्यवस्था और विशाल तकनीकी बाजार से अलग होना अमेरिका के लिए आसान नहीं है।

व्हाइट हाउस की ओर से जारी आधिकारिक बयान ने भी यह स्पष्ट कर दिया कि ट्रंप की चीन यात्रा के दौरान दोनों देशों ने कई संवेदनशील मुद्दों पर व्यावहारिक सहयोग की दिशा में आगे बढ़ने के संकेत दिए। बयान के अनुसार ट्रंप और शी जिनपिंग ने अमेरिकी कंपनियों के लिए चीन में बाजार पहुंच बढ़ाने, चीन के निवेश को अमेरिका में प्रोत्साहित करने और कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों देशों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने और ऊर्जा आपूर्ति बाधित न होने देने पर भी सहमति जताई। चीन ने जलडमरूमध्य के सैन्यीकरण का विरोध दोहराया, जबकि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देने पर भी साझा रुख सामने आया। यह बयान इस बात का संकेत है कि तीखी प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक अविश्वास के बावजूद अमेरिका और चीन वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर टकराव के बजाय नियंत्रित सहयोग की राह भी तलाश रहे हैं।

यही वह बिंदु है जहां क्वॉड का भविष्य भी सवालों में घिरता दिखाई देता है। क्वॉड को लंबे समय से हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव को संतुलित करने वाले समूह के रूप में देखा जाता रहा है। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की यह साझेदारी चीन को लेकर साझा रणनीतिक चिंता पर आधारित मानी जाती है। लेकिन यदि अमेरिका का राष्ट्रपति खुद चीन के साथ संबंधों को स्थिर करने, व्यापार बढ़ाने और तकनीकी सहयोग तलाशने बीजिंग पहुंचता है, तो फिर क्वॉड की वास्तविक दिशा क्या रह जाएगी?

भारत के लिए यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों में नई दिल्ली ने क्वॉड को अपनी हिंद प्रशांत रणनीति का अहम हिस्सा बनाया है। लेकिन ट्रंप की चीन यात्रा यह संकेत देती है कि अंततः अमेरिका अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर ही निर्णय लेगा। यदि आर्थिक या सामरिक कारणों से उसे चीन के साथ समझौता करना पड़े, तो वह पीछे नहीं हटेगा। ऐसे में भारत को यह समझना होगा कि वैश्विक राजनीति स्थायी मित्रताओं से अधिक स्थायी हितों पर चलती है।

ट्रंप की यात्रा ने एक और महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किया है। अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा अब केवल व्यापार युद्ध तक सीमित नहीं है। यह तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा, दुर्लभ खनिज, चिप निर्माण, समुद्री मार्गों और वैश्विक प्रभाव की व्यापक लड़ाई बन चुकी है। लेकिन इस प्रतिस्पर्धा के बीच दोनों देश एक दूसरे पर निर्भर भी हैं। अमेरिका चीन को रोकना चाहता है, लेकिन उसकी कंपनियां चीन के बाजार और विनिर्माण क्षमता से अलग नहीं हो पा रहीं। दूसरी ओर चीन अमेरिकी तकनीक और वैश्विक वित्तीय संरचना से पूरी तरह अलग नहीं हो सकता।

इसीलिए बीजिंग में ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात केवल दो नेताओं की बैठक नहीं थी। यह उस नई विश्व व्यवस्था की झलक थी जिसमें प्रतिद्वंद्विता और सहयोग साथ-साथ चलेंगे। दोनों देश सार्वजनिक रूप से एक दूसरे को चुनौती देंगे, लेकिन आर्थिक और तकनीकी स्तर पर पूरी तरह अलग भी नहीं होंगे।

इस पूरी प्रक्रिया में भारत की स्थिति बेहद जटिल हो जाती है। एक ओर वह अमेरिका के साथ सामरिक साझेदारी मजबूत कर रहा है, दूसरी ओर रूस से ऊर्जा खरीद जारी रखता है और चीन के साथ संवाद भी बनाए हुए है। ट्रंप की चीन यात्रा भारत को यह संदेश भी देती है कि वैश्विक राजनीति में किसी एक धुरी पर पूरी तरह निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है।

बहरहाल, ट्रंप की बीजिंग यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 21वीं सदी की विश्व राजनीति का केंद्र अब अमेरिका चीन संबंध ही होंगे। यही संबंध तय करेंगे कि वैश्विक अर्थव्यवस्था किस दिशा में जाएगी, तकनीकी नेतृत्व किसके हाथ में रहेगा और भविष्य की विश्व व्यवस्था कैसी होगी। लेकिन इसके साथ ही यह यात्रा एक बड़ा सवाल भी छोड़ गई है कि यदि अमेरिका खुद चीन के साथ अपने रिश्तों को नए सिरे से गढ़ रहा है, तो फिर दुनिया के बाकी देशों से वह किस प्रकार की रणनीतिक निष्ठा की अपेक्षा कर सकता है?(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)



# अभिव्यक्ति की आजादी के आवरण में फैलती ईशनिंदा

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

चुनावी बयार के बाद सनातन विरोधियों के स्वर एक बार फिर मुखरित होने लगे हैं। तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर फिर से विवादित बयान दिया। उन्होंने फिर से सनातन धर्म को खत्म करने की बात कही है। है। इस दौरान राज्य के नए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय उर्फ जोसेफ विजय चंद्रशेखर भी सदन में मौजूद थे जिन्होंने पूरे भाषण को ध्यान से सुना ही नहीं बल्कि अन्त में हाथ जोडकर अपनी सहमति भी जताई। विगत 2023 के 2 सितंबर को योजनाबद्ध ढंग से सनातन उन्मूलन सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें द्रविड़ मुनेत्र कड़गम यानी डीएमके के नेता उदयनिधि स्टालिन ने कहा था कि कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता, उन्हें खत्म कर देना चाहिए। हम डेंगू, मच्छर, मलेरिया या कोरोना वायरस का विरोध नहीं कर सकते हैं। हमें इन्हें खत्म करना होगा। इसी तारतम्य में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के तत्कालीन सांसद ए राजा ने भी सनातन धर्म के खिलाफ जमकर जहर उगला था। ए राजा ने कहा था कि सनातन की तुलना एचआईवी और कुष्ठ रोग जैसी सामाजिक कलंक वाली बीमारियों से करनी चाहिए। इसी तरह हम सनातन धर्म का भी विरोध नहीं कर सकते, इसे खत्म करना है। उस समय आपत्तिजनक टिप्पणी से सनातन परम्पराओं को मानने वालों की भावनायें ही आहत नहीं हुई थी बल्कि सम्प्रदायगत संघर्ष की स्थितियां भी निर्मित होने लगीं थी तब विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों के 14 पूर्व न्यायाधीशों, 130 पूर्व नौकरशाहों और 118 रिटायर्ड आर्म्ड फोर्सेज ऑफिसर्स सहित देश के 262 प्रतिष्ठित नागरिकों ने सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर तमिलनाडु सरकार में तत्कालीन मंत्री और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म को खत्म करने वाली टिप्पणी पर संज्ञान लेने का आग्रह किया था। उन्हीं उदयनिधि स्टालिन द्वारा अब विधानसभा में दिये गये वक्तव्य का समर्थन करते हुए सत्ताधारी तमिलगा वेट्री कज़गम यानी टीवीके पार्टी के विधायक वी.एम.एस. मुस्तफा ने आग में घी का काम किया है। उल्लेखनीय है कि वंशवादी परम्परा से जन्मजात नेता बनने वाले उदयनिधि स्टालिन के पिता मुथुवेल करुणानिधि स्टालिन यानी एम.के. स्टालिन तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनके भी पिता मुथुवेल करुणानिधि उर्फ एम करुणानिधि भी राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। तमिलनाडु के इसाई वेल्लार समुदाय के इस परिवार ने हमेशा ही सनातन का खुला विरोध ही नहीं किया बल्कि धर्मगत युद्ध का धरातल तैयार करने में कोई कोर कसर नहीं छोडी। इतिहास गवाह है कि वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा के आधार पर समूची सृष्टि के प्रति सकारात्मक सोच रखने वाले सनानत धर्म की शाश्वत उपस्थिति के संकेत आदिकाल से ही मिलते रहे हैं जिसे महात्मा मूसा ने 3000 वर्ष पूर्व बाइबल ओल्ड टेस्टामेन्ट में, महात्मा जरथुस्त्र ने 2700 वर्ष पूर्व अवेस्ता में, भगवान महावीर ने 2600 वर्ष पूर्व सूत्रग्रन्थ में, महात्मा बुद्ध ने 2500 वर्ष पूर्व त्रिपिटक में, ईसा मसीह ने 2000 वर्ष पूर्व बाइबल न्यू टेस्टामेंट में, हजरत मुहम्मद साहब ने 1400 वर्ष पूर्व कुरान शरीफ में, आदिगुरु शंकराचार्य ने 1200 वर्ष पूर्व, संत कबीर साहब ने 600 वर्ष पूर्व, गुरु नानक देव ने 500 वर्ष पूर्व, स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 200 वर्ष पूर्व तथा स्वामी परमानन्द जी ने लगभग 100 वर्ष पूर्व पुष्ट ही किया है। प्रेम, सौहार्द, अपनत्व और भाईचारा की आधारशिला पर स्थापित सनातन पर संकीर्ण मानसिकता के विभाजनाकारियों द्वारा हमेशा ही आघात किया जाता रहा है। शक्ति, सत्ता और षडयंत्रों का सहारा लेकर हमेशा से ही मीरजाफरों की जमातों ने अपने करतब दिखाने की कोशिशें की हैं। राजनैतिक खेमे ने तो हमेशा ही गिरगिट को अपना आदर्श माना है। चुनावी दौर में माला, मंत्र और मंदिरों का ढोंग रचा। जालीदार टोपी पहनकर मजारों पर चादर चढाई। सफेद पोशाक में मोमबत्ती लेकर चर्चों में गये। जातिगत देवताओं के देवालयों में माथा टेका। अभिनय की चरमसीमा पर पहुंच चुके राजनेताओं की अनेक जमातें वर्तमान के वैश्विक अशान्ति काल में भी अपने षडयंत्रों को अल्पविराम तक नहीं दे रहीं हैं। जन्मजात नेताओं के साथ-साथ सम्प्रदायगत, जातिगत, उपजातिगत, भाषागत, क्षेत्रगत नेताओं की बाढ सी आ गई है। राष्ट्रधर्म को तिलांजलि देकर ये सभी रंगे सियार विभाजनकारी षडयंत्र करने में जुटे हैं।

# प्रदूषण, बाजार और बदलती आदतों के बीच पर्यावरण संकट, जिम्मेदारी सिर्फ आम लोगों की नहीं

(कुशाग्र राजेंद्र)

आज हम ऐसे दौर में हैं जहां पर्यावरणीय संकटों की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। मौसम का मिजाज बिगड़ रहा है। शहरों की हवा जहरीली हो चुकी है। नदियां कचरे और रासायनिक गंदगी का बोझ ढो रही हैं। कचरे के पहाड़ हमारे ही मोहल्लों की सरहद पर उग आए हैं और रोजमर्रा की जिंदगी में भी इस दबाव की आहट साफ सुनाई दे रही है। यह सब दूर के भविष्य की चेतावनी नहीं, यह अब हमारा वर्तमान है।गौर करें तो पाएंगे कि प्रकृति और संसाधन के साथ जो हमारा संबंध था, वह पूरी तरह बदल गया है। हमारी आदतें बदल गई हैं। प्रकृति के साथ हमारे रिश्ते बदलने के कई कारण हैं। विकास का वैश्विक मॉडल, आर्थिक नीतियां, बाजारवाद, वर्तमान शहर नियोजन और डिजिटल एल्गोरिद्म एक साथ मिल कर हमारी आदतें बदल रहे हैं।

मगर व्यवस्था में बदलाव को नजरअंदाज कर अच्छी आदतों के साथ पर्यावरण संरक्षण का सारा बोझ आम लोगों के कंधों पर डालने की परिपाटी है। हर व्यक्ति अपनी कुछ आदतें बदलें, तभी पर्यावरणीय संकट से निजात मिल सकती है। बत्ती बंद कीजिए, पानी बचाइए, कचरा अलग कीजिए, कपड़े सोच-समझ कर खरीदिए, कार की जगह बस और मेट्रो का इस्तेमाल कीजिए इत्यादि। जैसे लगता है कि मौजूदा संकट केवल आम लोगों की आदतों का ही परिणाम हो।

हम ऐसे समय में जी रहे हैं जहां ज्यादातर बड़े संकट जैसे प्रदूषण, वैश्विक ताप इत्यादि के मूल में पिछले कई दशकों से अपनाई गई व्यवस्था है। मगर सरलीकरण का आलम यह है कि अंगुली सबसे पहले आम लोगों की आदतों पर उठती है। जलवायु परिवर्तन से लेकर पानी, ऊर्जा और कचरे के सवाल तक, सार्वजनिक विमर्श में अक्सर यह संदेश गूंजता है कि अगर आम लोग थोड़ी 'अच्छी आदतें' अपना लें, तो हालात बदल सकते हैं। नल बंद रखिए, प्लास्टिक थैला छोड़िए, साइकिल चलाइए, ये सब जरूरी बातें हैं। मगर जब पूरा ध्यान यहीं केंद्रित हो जाता है, तो असली वजह धुंधली होने लगती है। व्यवस्थाजनित संकटों का समाधान केवल व्यक्तिगत संयम में खोजना एक तरह से जिम्मेदारी के बड़े हिस्से को अदृश्य कर देना भी है।

पानी का सवाल उठाइए, तो चर्चा अक्सर हमारे स्नानागार और रसोई से शुरू होती है। सलाह दी जाती है कि ब्रश करते समय नल न बहने दें, बाल्टी से नहाएं, पाइप से गाड़ी न धोएं। इन सबका महत्त्व कम नहीं है, लेकिन वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर जल-उपयोग का सबसे बड़ा हिस्सा खेती, उद्योग और शहरी आपूर्ति व्यवस्था में खपता है, जबकि घरेलू उपयोग उसका छोटा अंश है। खेतों तक जाने वाली नहरों में यदि जगह-जगह रिसाव हों, शहरों की पाइपलाइनें वर्षों से मरम्मत के बिना पानी बहाती रहें और उद्योग अपना गंदा पानी बिना शोधन के नदियों में छोड़ते रहें, तो अकेले घरों का अनुशासन कुल तस्वीर को कितना ही बदल पाएगा।



फिर भी जागरूकता अभियानों में दिखाई देता है- टपकता नल और ब्रश करता बच्चा, न कि रिसाव वाली नहर या अंधेरे में चुपचाप नदी की ओर बहता फैक्टरी का नाला।

ऊर्जा मामले में भी यही कहानी दोहराई जाती है। सवाल है कि ऊर्जा-उपभोग और उत्सर्जन की सबसे बड़ी मांग कहां से आ रही है। भारी उद्योग, सीमेंट, इस्पात और रसायन उद्योग, डेटा सेंटर, विमानन तथा मालवाहक जहाज, ये सारे क्षेत्र मिल कर ऊर्जा की बहुत बड़ी हिस्सेदारी निगलते हैं, जबकि घरेलू स्तर की बचत का दायरा संरचनात्मक सहयोग के बिना सीमित रह जाता है।

उपभोग के मोर्चे पर हम सब एक खालिस उपभोक्ता बनते जा रहे हैं। बाजार व्यवस्था की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण है। बाजार में उपलब्ध अधिकतर उत्पाद इस तरह डिजाइन किए जाते हैं कि उनकी उम्र सीमित रहे। मरम्मत कठिन या महंगी हो और उपभोक्ता कुछ ही वर्षों में नया सामान लेने को प्रेरित हो जाए। मोबाइल फोन और टीवी से लेकर घरेलू उपकरणों तक यह प्रवृत्ति अब औद्योगिक मॉडल का हिस्सा बन चुकी है।

उपभोक्ताओं से कहा जाता है कि कम खरीदिए, सोच-समझ कर खरीदिए, लेकिन जब दुकान में टिकाऊ और मरम्मत-योग्य विकल्प लगभग नदारद हों तथा सस्ते वही सामान हों जो जल्दी टूटने के लिए बनाए गए हों, तो जिम्मेदार उपभोग की नैतिकता भी अपने आप में अधूरी हो जाती है।

'इस्तेमाल करो और फेंको' की व्यवस्था ने हमारी प्रकृति सम्मत आदतों की जमीन ही बदल दी। बोतलबंद पानी से लेकर सुविधाजनक पैकेजिंग और तेज वितरण ने जीवन को निस्संदेह आसान बनाया, पर बदले में प्लास्टिक, थर्मोकोल और ई-कचरे के पहाड़ खड़े कर दिए। ऑनलाइन बाजारों ने एक कदम और आगे बढ़ कर प्रचार-रणनीतियों से हमारी इच्छाओं का नक्शा तक अपने हाथों में ले लिया है। 'केवल आज की विशेष छूट' और 'बस दो पीस बचे हैं' जैसी तरकीबें यह सुनिश्चित करती हैं कि जरूरत और चाहत के बीच की रेखा लगातार धुंधली होती जाए।

नए शहरों के नियोजन में भी इसी तरह का विरोधाभास दिखाई देता है। सार्वजनिक अपील यह होती है कि लोग निजी वाहन कम चलाएं, बस और मेट्रो का उपयोग करें। आसपास जाने के लिए साइकिल चलाएं और पैदल चलें। मगर जैसे-जैसे शहरों का विस्तार हुआ है, नई आबादी ज्यादातर उन इलाकों में बसाई गई हैं जहां न भरोसेमंद बस सेवा है, न मेट्रो और न साइकिल पथ। ऐसी स्थिति में निजी वाहन विकल्प नहीं, मजबूरी बन जाता है।

आर्थिक रूप से सक्षम वर्ग इस मजबूरी को कार और दोपहिया से संभाल लेता है। जो नहीं संभाल पाते वे रोजमर्रा की यात्रा में समय और सुरक्षा दोनों की ऊंची कीमत चुकाते हैं। बाद में यही लोग भीड़ और प्रदूषण बढ़ाने वाले नागरिकों की श्रेणी में रख दिए जाते हैं, जबकि शहर की मौलिक योजना और परिवहन नीति पर सवाल अपेक्षाकृत कम ही उठते हैं।

डिजिटल दौर में 'फुटप्रिंट' की भाषा, चाहे वह कार्बन की हो या डेटा की, तेजी से लोकप्रिय हुई है। ऐप बताने लगते हैं कि आपकी हर उड़ान, हर भोजन, हर खरीदारी से कितनी अतिरिक्त मात्रा में उत्सर्जन जुड़ रहा है। यह जानकारी उपयोगी है, क्योंकि वह हमारी रोजमर्रा की आदतों को देखने की एक नई दृष्टि देती है, लेकिन जब पूरा नैतिक दायरा केवल व्यक्ति तक सिमट जाता है, तो उत्पादन प्रणालियों, ऊर्जा स्रोतों, व्यापार नियमों और नियामक ढांचों की भूमिका छिप जाती है। सामने दिखता रहता है- केवल गैर-जिम्मेदार उपभोक्ता।

यह कहना बिल्कुल उचित नहीं होगा कि व्यक्ति की जिम्मेदारी शून्य है। हर किसी के पास कुछ न कुछ विकल्प होते हैं और हमें अपने हिस्से की जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। निजी जीवन में संयम, संसाधनों का सम्मान, पुनः उपयोग, मरम्मत और साझा उपयोग जैसी आदतें न केवल प्रतीकात्मक हैं, बल्कि व्यावहारिक भी हैं।

संकट मौजूदा आर्थिक व्यवस्था और विकास के प्रारूप के हैं, तो समाधान भी व्यवस्था के स्तर पर ही निकलेंगे, हालांकि उनकी शुरुआत व्यक्ति से होकर ही गुजरती है। जरूरत उस संतुलित दृष्टि की है जिसमें हम न तो सारी उम्मीद 'ऊपर की शक्तियों' पर छोड़ दें, न ही पूरा नैतिक बोझ केवल आम नागरिकों पर डाल दें।

जब व्यक्तिगत नैतिकता और व्यवस्थागत बदलाव एक-दूसरे के पूरक की तरह देखे जाएं, तभी यह उम्मीद की जा सकती है कि हमारी सामूहिक शक्ति सचमुच उस दिशा में काम करेगी जहां पृथ्वी, समाज और भविष्य, तीनों के हित एक साथ बचाए जा सकें। (यह लेखक के अपने विचार है)

## संक्षिप्त समाचार

### भागवत कथा महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड के चांदबरवा गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ के शुभारंभ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक जयघोष के बीच निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आचार्य पंडित सचिन पांडेय के नेतृत्व में कार्यक्रम स्थल से निकली कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए बरवाघाट घोघारी नदी पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल भराई की गई। इसके बाद श्रद्धालु पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यज्ञ के यजमान श्रीकांत पांडेय और कालिंदी देवी रहे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा और प्रतिदिन भंडारा चलेगा। समापन दिवस पर महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा।



### सांसद ने सुनी लोगों की शिकायत

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक स्टेशन फीडर रोड पर जिला परिषद द्वारा कराए जा रहे नाला और सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जिला परिषद द्वारा मार्केट निर्माण के लिए जमीन की मापी गलत तरीके से कराई गई है और जल्दबाजी में नाले की खुदाई शुरू कर दी गई है। शिकायत सुनने के बाद सांसद ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। पहले जमीन की सही मापी कराई जाएगी, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि लोगों की सहमति और सुविधा सुनिश्चित किए बिना कोई काम नहीं कराया जाएगा। बैठक में मुख्य पार्षद सोहन महतो, अमित कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, दुर्गेश कुमार गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।



### लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के देवरिया नरौनी टोला गांव में चोरों ने एक घर में घुसकर सो रहे परिवार के सदस्यों के कमरे बाहर से बंद कर लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। घटना की जानकारी रविवार सुबह परिवार के जागने पर हुई। पीड़िता पूनम देवी ने बताया कि अज्ञात चोर रात में घर में घुस आए और परिवार के लोगों के कमरे बाहर से बंद कर बगल के कमरे में रखी आलमारी और पेटी तोड़ दी। सुबह उनकी बेटी ने दरवाजा खोलने की कोशिश की तो कमरा बाहर से बंद मिला। सूचना मिलने पर मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया, जिसके बाद चोरी की घटना का पता चला। परिजनों ने देखा कि घर के आंगन और पीछे खेत में टूटे बक्से पड़े थे तथा उनमें रखे आभूषण गायब थे। पीड़िता के अनुसार करीब सात लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन और कपड़े चोरी कर लिए गए हैं। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।



### संगीतमय श्रीराम कथा सत्संग प्रवचन समारोह आज से

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के छतौनी बस स्टैंड के समीप भटहां हंस नगर में 19 मई से 26 मई तक नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा सत्संग प्रवचन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि सद्गुरु श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से आयोजित इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरिद्वार एवं अन्य स्थानों से आए संत-महात्मा श्रद्धालुओं को प्रवचन देंगे। प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा एवं सत्संग का आयोजन होगा। कार्यक्रम में महात्मा श्री ज्ञान युक्ता नंद जी (हरिद्वार), साध्वी महात्मा श्री हीरा बहन जी(बद्रीनाथ), साध्वी महात्मा श्री संगीता बहन जी (प्रयागराज), साध्वी महात्मा श्री मुक्तिका बहन जी(नासिक) तथा महात्मा श्री कांता नंद जी (नेपाल) शामिल होंगे। आयोजन समिति ने मोतिहारी नगर की महिलाओं एवं श्रद्धालुओं से 18 मई की सुबह 8 बजे आयोजित कलश यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। इस अवसर पर मानव सेवा दल के प्रांत प्रभारी सच्चिदानंद यादव ने कहा कि मनुष्य केवल शरीर की बाहरी सुंदरता पर ध्यान केंद्रित करता है, जबकि वास्तविक सुंदरता आंतरिक शांति और आध्यात्मिक जागरण में है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जन-जन तक सत्संग और सेवा का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।




### टॉपर छात्रों को किया गया सम्मानित

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड के गोढ़ना गांव स्थित जनता हाई स्कूल परिसर में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली गुड़िया कुमारी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले शशी कुमार और तृतीय स्थान हासिल करने वाले संजीत कुमार को साइकिल और 51-51 सौ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मुख्य अतिथि सोनौली पंचायत के मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने पंचायत स्तर पर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। कार्यक्रम में संतोष परमार, अमरेंद्र सर, महेश्वर सिंह, उदय सर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन इंजीनियरिंग आर कुमार के नेतृत्व में किया गया।




### टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में इमैनुएल स्कूल मोतिहारी विजयी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय नेहरू स्टेडियम में चल रहे आशीर्वाद मेमोरियल इंटर स्कूल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एकतरफा मुकाबले में इमैनुएल स्कूल मोतिहारी ने ईरा प्रेप एंड पब्लिक स्कूल को 68 रन से हरा दिया।मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन ने जानकारी देते हुए बताया की ग्रुप बी के मुकाबले में टॉस जीतकर हारने के बाद पहले खेलने उतरी इमैनुएल पब्लिक स्कूल की टीम रजनीश के 53 रन साहिल के 43 रन की पारी के बदौलत 186/8(20) रन का स्कोर बनाया। ईरा प्रेप एंड पब्लिक स्कूल स्कूल के गेंदबाज पीयूष ने 3 विकेट व सुलभ ने 2 विकेट लिए।जवाब में ईरा प्रेप एंड पब्लिक स्कूल की टीम शिवम के 36 रन व सिमांशु के 21 रन की पारी के बावजूद 118/10(19.3 ओवर) रन का स्कोर ही बना पाई।इमैनुएल स्कूल मोतिहारी के गेंदबाज उन्नत ने 2 विकेट व रजनीश ने 1 विकेट लिए।इमैनुएल स्कूल मोतिहारी के खिलाड़ी रजनीश को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।मैच में अम्पायर की भूमिका में बीसीए ग्रेड लेवल ए के वेदप्रकाश व मो. तैयब ने निभाया वही स्कोरर की भूमिका में अस्मित व आशिक रहे।कल के मुकाबले में रेडिएंट पब्लिक स्कूल सुगौली के सामने राजहंस पले एंड पब्लिक स्कूल अरेराज की टीम होगी। मौके पर मुख्य अतिथियों में अनील वर्मा, सुशील कुमार, डॉ अमित, डॉ फैसल परवेज खान,महफूज रहमान खान, एडवोकेट कमलेश कुमार, मो.आलम, शाहिद हसन, सचिन सहनी, मो.रेयान इत्यादि की उपस्थिति रही।

### तृतीय सेमेस्टर की दसवें दिन की परीक्षा संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) तृतीय सेमेस्टर, सत्र 2024-28 की परीक्षा दिनांक 8 मई 2026 से प्रारंभ है । मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एल.एन.डी कॉलेज, मोतिहारी और मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज, मोतिहारी के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। /05/2026 को परीक्षा के दसवें दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में "कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम" के अंतर्गत 'कम्युनिकेशन इन प्रोफेशनल लाइफ' विषय की परीक्षा हुई जिसमें क्रमशः 276 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा कदाचार मुक्त, अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के प्राचार्य प्रो. एम.एन.हक और परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी।

# सड़कों से ठेले और खोमचे अतिक्रमण को लेकर चिंता

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के विभिन्न व्यवसायिक संगठनों के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के व्यापार को सुचारू रूप से चलाने के लिए अवैध ठेला खोमचा का अतिक्रमण स्थाई रूप से हटाने एवं व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई तथा सभी प्रतिनिधियों ने अपने सकारात्मक सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सोमवार को जिला पदाधिकारी को संज्ञान दिया जाएगा। उक्त पत्र के माध्यम से प्रशासन को व्यापारियों की प्रमुख समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि यदि प्रशासन एक सप्ताह के भीतर व्यापारियों की मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं करता है, तो मोतिहारी शहर के सभी व्यवसायिक संगठन चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। बैठक की अध्यक्षता चैंबर अध्यक्ष महेश सिन्हा ने की। बैठक में महासचिव आलोक कुमार, निर्वतमान अध्यक्ष अंगद सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र, पूर्व अध्यक्ष रवि कृष्ण लोहिया, सुधीर अग्रवाल, अनुपम जायसवाल, राजीव विजडम, संजय जायसवाल, उपसचिव विनय देवकुलियार, कार्यकारिणी सदस्य चंदू मिश्रा, हेमंत कुमार, अनिल अग्रवाल, सुधांशु रंजन एवं डॉ. कमलेश कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बलुआ व्यवसायी संघ के अध्यक्ष मिथलेश पांडे सचिव संजीव ठाकुर एवं राहुल शर्मा, पेट्रोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष बिनोद कुमार हिंदी बाजार के अध्यक्ष रामनाथ प्रसाद, सिटीजन फोरम के अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं महासचिव धर्मवर्धन प्रसाद स्वर्णकार संघ, प्लाईवुड एसोसिएशन, जानपुल व्यावसायिक संघ तथा व्यवसायी प्रभात कुमार की गरिमामय उपस्थिति रही। बैठक में सभी संगठनों ने व्यापारियों की एकता एवं अधिकारों की रक्षा हेतु संयुक्त रूप से संघर्ष करने का संकल्प लिया।



## 'नीली लौ अपनाएं, सुरक्षित घर बनाएं' अभियान के तहत गैस उपभोक्ताओं को किया गया जागरूक

**मशरक (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड के डुमरसन स्थित सुनैना एचपी गैस ग्रामीण वितरक की ओर से नीली लौ अपनाएं, सुरक्षित घर बनाएं! अभियान के तहत गैस उपभोक्ताओं को घरेलू गैस उपयोग के दौरान सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लेकर गैस सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम के दौरान वितरक के प्रबंधक प्रशांत सिंह ने रसोई गैस के सुरक्षित उपयोग, गैस रिसाव से बचाव और दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खाना बनाने से पहले सभी आवश्यक सामग्री अपने पास रख लेनी चाहिए, ताकि अनावश्यक आवाजाही से दुर्घटना की संभावना कम हो। उन्होंने बताया कि भोजन हमेशा नीली लौ पर ही पकाना चाहिए, क्योंकि पीली लौ गैस की अधिक खपत और अधूरे दहन का संकेत होती है, जबकि नीली लौ गैस के सही उपयोग और बेहतर कार्यक्षमता को दशार्ती है। उन्होंने उपभोक्ताओं को पुराने और खराब गैस चूल्हों को बदलकर हाई थर्मल एफिशिएंसी चूल्हा अपनाने की सलाह दी। साथ ही गैस पाइप, रेगुलेटर और सिलेंडर की नियमित जांच कराने की अपील की। गैस रिसाव की स्थिति में तुरंत रेगुलेटर बंद करने, बिजली के स्विच ऑन-ऑफ नहीं करने, खिड़की-दरवाजे खोलने और संबंधित एजेंसी को सूचना देने की सलाह दी गई।




## अंतराष्ट्रीय वाहन चोर के साथ दो स्पलेंडर बरामद

**भारतीय क्षेत्रों को वाहन चोरी के करते हैं काम**

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती क्षेत्र मटिअरवा के पास से अंतराष्ट्रीय वाहन चोरो को पकड़े जाने से भारत नेपाल सीमा के गांवों में हड़कंप मची हुई है,विदित हो कि आदापुर थाना प्रभारी पूजा कुमारी ने अपने जवानों के साथ बोडर में सख्ती से वाहन चेकिंग अभियान चला रखा था, जांच पड़ताल होने के क्रम में दो सुपरसपेनडर मोटरसाइकिल आ पहुंची, जिसे आवश्यक जांचोपरांत पाया गया कि सवार व्यक्ति बोर्डर अवस्थित मटिअरवा गांव के केदार साह के पुत्र आनन्द साह, हरेंद्र साह के पुत्र रंजन कुमार बताया गया है, पकड़े गए आरोपी के पास से बरामद मोटरसाइकिल जिसका नंबर बीआरजीरोफाईभ आर 3479 और बीआरजीरो आर 5111 है एच एच डी मशीन जांचोपरांत पाया गया कि रजिस्ट्रेशन नंबर और चेचिस नंबर में अन्तर पाया गया, आवश्यक जांच के बाद इन लोगों ने बताया कि चौदह हजार रुपए में बेलदरवा गांव निवासी रघुबीर साह के पुत्र हिरदेश कुमार जायसवाल से खरीदा है, थाना क्षेत्र के बेलदरवा गांव में पुलिस जवानों के द्वारा छापेमारी कर हिरदेश को गिरफतार किया, पकड़े जाने के बाद कई चोरी की रहस्यमय बातों को खुलाशा किया, जिसमें बताया गया कि भारतीय मोटरसाइकिल को चोरी कर नेपाल में बेची जाती है, अंतराष्ट्रीय सरगना के शातिर वाहन चोर लाला छपरा गांव निवासी अर्जून साह के पुत्र हरिओम कुमार ने चोरी की गई मोटरसाइकिल बेचने के लिए हिरदेश को दिया था, स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी की मोटरसाइकिल नेपाल में भेजी जाती है जिसके पेपर फर्जी तरीके से बनाकर, चेचिस में टेंपरिंग कर, नम्बर प्लेट बदलकर, नेपाल में बेच देते हैं।




# नक्सल प्रभावित गांव से निकलकर नीरज ने अमेरिका तक तय किया सफर

**मेहतन से हासिल की ऐतिहासिक सफलता**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के सारण जिले के पानापुर प्रखंड स्थित पकड़ी नारोतम गांव, जो कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, के होनहार युवा नीरज कुमार सिंह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर पूरे बिहार का मान बढ़ाया है। ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाधनों के बीच संघर्ष करते हुए नीरज ने अमेरिका के प्रतिष्ठित पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के 270वें दीक्षांत समारोह में पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय ग्रेजुएट स्कूल ऑफ एजुकेशन (पेन जीएसई) से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। पानापुर के दियारा क्षेत्र निवासी प्रमोद सिंह और गीता देवी के पुत्र नीरज कुमार सिंह अपने गांव के प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थियों में शामिल हैं। उन्होंने इंटरनेशनल एजुकेशनल डेवलपमेंट विषय में मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की है। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे सारण और बिहार के लिए गर्व का विषय बन गई है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले नीरज ने आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद शिक्षा का दामन नहीं छोड़ा। उन्होंने सारण में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद जय प्रकाश विश्वविद्यालय के अंतर्गत जगदम कॉलेज से विज्ञान स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान से सोशल वर्क में स्नातकोत्तर अध्ययन किया। साथ ही टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान से भी पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त किया। अपने शैक्षणिक और सामाजिक कार्यों के दौरान नीरज ने 150 से अधिक सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं के साथ काम किया है। इनमें यूनिसेफ, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, यूएसएआईडी और वर्ल्ड विजन इंटरनेशनल जैसी वैश्विक संस्थाएं शामिल हैं। यूपेन में अध्ययन के दौरान उन्होंने एडमिशन एम्बेसडर के रूप में विभिन्न देशों के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी किया। इसके अलावा उन्होंने हॉवर्ड विश्वविद्यालय, कोलंबिया विश्वविद्यालय और संयुक्त राष्ट्र से जुड़े कई अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों और सम्मेलनों में भागीदारी निभाई। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए पेन जीएसई की डीन कैथरीन ओ. स्ट्रंक ने छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं, जबकि मुख्य संबोधन डेनिस फोर्टे ने दिया। अपनी सफलता पर नीरज कुमार सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं, बल्कि उन सभी लोगों की है जिन्होंने संघर्ष के हर दौर में उनका साथ दिया। उन्होंने कहा कि बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को यह विश्वास रखना चाहिए कि मेहनत, समर्पण और शिक्षा के बल पर दुनिया के किसी भी मंच तक पहुंचा जा सकता है।




# मां सूर्या हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर का हुआ उद्घाटन, मिलेगी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा

**बिहार विधान परिषद सदस्य सैयद फैसल अली ने फीता काटकर किया उद्घाटन**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के शांति चौक के समीप सोमवार को माँ सूर्या हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। उद्घाटन बिहार विधान परिषद सदस्य (आरजेडी) सैयद फैसल अली ने फीता काटकर किया। वही चिरैया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अच्छेलाल प्रसाद यादव एवं समाजसेवी ई. सुनील कुमार ने अतिथियों का माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अच्छेलाल प्रसाद यादव ने कहा कि क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। मां सूर्या हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के खुलने से चिरैया विधानसभा क्षेत्र की गरीब और लाचार जनता को बिना किसी शोषण के बेहतर चिकित्सा सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो सकेगी। अस्पताल के प्रबंधक ई. सुनील कुमार ने कहा कि यहां सामान्य चिकित्सा, ट्रॉमा एवं जनरल सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, फिजियोथेरेपी तथा आयुर्वेद चिकित्सा की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। अस्पताल में ओपीडी, आईसीयू, क्रिटिकल केयर, महिला एवं बाल रोग सेवा, पैथोलॉजी तथा 247 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध रहेगी। बताया कि अस्पताल में डॉ. ए. कुमार (क्रिटिकल केयर एवं सामान्य चिकित्सा विशेषज्ञ), डॉ. एम.डी. सैफ (जनरल एवं ट्रॉमा सर्जरी विशेषज्ञ), डॉ. प्रीति साधना (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. भजन वर्मा (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. बुशरा रहमान (आयुर्वेद चिकित्सक) एवं डॉ. कृष्णा कुमार (फिजियोथेरेपिस्ट) अपनी सेवाएं देंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों ने अस्पताल का निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं की सराहना की। मौके पर राजद के जिलाध्यक्ष नूर आलम खान, पवन यादव, सचिंद्र यादव, रामदरेश पासवान, राम सोगारथ यादव, रामबालक यादव, उमाशंकर यादव, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



## थाना कॉलोनी में छत के रास्ते घुसे चोर, नकदी समेत लाखों के जेवरात पर किया हाथ साफ

**बौंसी/बांका/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बौंसी थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। ताजा मामला थाना कॉलोनी वार्ड संख्या 16 का है, जहां बौंसी थाना से महज कुछ ही दूरी पर स्थित नगर पंचायत वार्ड संख्या 16 की थाना कॉलोनी में रविवार की रात चोरों ने दुस्साहसिक चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस की रात्रि गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोर घर की छत के रास्ते अंदर घुसे और अलमारी में रखे नकदी व जेवरात लेकर फरार हो गए। पीड़ित गृहस्वामी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि रात में वह और उनकी पत्नी रेनू देवी घर में मौजूद थे, जबकि उनका बेटा और पुत्रवधु दिल्ली में रहकर काम करते हैं। इसी बीच देर रात अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और सीढ़ी के सहारे नीचे उतरकर कमरे में रखी अलमारी को निशाना बनाया। गृहस्वामिनी रेनू देवी के अनुसार चोरों ने करीब ढाई लाख रुपये नकद, लगभग 10 भर वजन की तीन सोने की अंगूठियां, दो जोड़ी पायल, छोटी बहू की पायल और नाक के जेवर सहित लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। घटना के बाद परिवार में मातम जैसा माहौल है। पीड़ित परिवार ने बौंसी थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। सूचना मिलते ही एसआई राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

## रक्सौल में फॉरेन करेंसी एक्सचेंज सेवा शुरू, सीमा क्षेत्र के कारोबारियों और यात्रियों को मिलेगी सहूलियत

**नेपाली करेंसी विनिमय सुविधा फिलहाल नहीं, आगे मांग के आधार पर होगा निर्णय**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा से जुड़े अंतरराष्ट्रीय महत्व के शहर रक्सौल में सोमवार से विदेशी मुद्रा विनिमय (फॉरेन करेंसी एक्सचेंज) सेवा की शुरूआत हो गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) पटना के रीजनल डायरेक्टर सुजीत कुमार अरविंद ने भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा तथा एचडीएफसी बैंक शाखा में फॉरेन करेंसी एक्सचेंज काउंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आरबीआई के जीएम शिव कुमार यादव भी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए रीजनल डायरेक्टर सुजीत कुमार अरविंद ने कहा कि रक्सौल भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक शहर है, जहां विदेशी मुद्रा विनिमय सुविधा की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए आरबीआई द्वारा यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस सेवा से सीमावर्ती क्षेत्र के व्यापारियों, पर्यटकों और यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल रक्सौल और जोगबनी में इस सुविधा की शुरूआत की गई है। आने वाले समय में नेपाल सीमा से जुड़े अन्य प्रमुख शहरों और बैंक शाखाओं में भी चरणबद्ध तरीके से फॉरेन करेंसी एक्सचेंज सेवा शुरू की जाएगी। नेपाली मुद्रा विनिमय को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी पहले चरण में केवल विदेशी मुद्रा विनिमय काउंटर खोले गए हैं। नेपाली रुपये के एक्सचेंज की व्यवस्था फिलहाल लागू नहीं की गई है। लोगों की जरूरत और प्रतिक्रिया का आकलन करने के बाद भविष्य में इस दिशा में निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने साइबर सुरक्षा को लेकर भी लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति या कॉलर के साथ ओटीपी, पासवर्ड अथवा बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करें तथा केवल अधिकृत वेबसाइट और बैंकिंग ऐप का ही इस्तेमाल करें।



# आज से सहयोग शिविरों का जिले में होगा शुभारंभ

**पहले चरण में 19 मई को जिला की 54 पंचायतों में लगेंगे शिविर**

**मोतिहारी/पू. चं./नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आम नागरिकों को उनकी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करने तथा उनके त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए बिहार सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन कल दिनांक 19.05. 2026 से प्रारंभ हो रहा है। सहयोग शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे मंगलवार को पंचायतवार निर्धारित रोस्टर के आधार पर किया जाएगा। सहयोग शिविर के आयोजन और उसकी सफलता को लेकर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ बैठक कर सहयोग शिविर के तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मंत्री ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना जनसंपर्क विभाग - सह प्रभारी मंत्री पूर्वी चंपारण श्रवण कुमार सहयोग शिविर में शिरकत करेंगे एवं जिला के किन्हीं तीन पंचायत में लगाए गए सहयोग शिविर में स्वयं उपस्थित होकर आम नागरिक से रूबरू होंगे एवं आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का जायजा लेंगे। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया है कि जिला के प्रभारी सचिव शीर्षत कपिल अशोक भी कल के सहयोग शिविर में शिरकत करेंगे और उनके द्वारा भी जिला के किन्हीं तीन प्रखंडों के पंचायतों में आयोजित शिविर का जायजा लिया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि उनका जो प्रखंड एवं पंचायत अलॉट किया गया है वहां सहयोग शिविर को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से वार्ता कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर में आम नागरिकों के बैठने की व्यवस्था, शेड की व्यवस्था,पेयजल की व्यवस्था एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।




**19 मई को समाधान शिविर का आयोजन :-**

1.आदापुर प्रखंड के आंधरा और मझरिया पंचायत में किया जाएगा जिसके लिए उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण डॉ प्रदीप कुमार को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।
2.छौड़ादानो प्रखंड के भेलवा और महुआवा पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन होगा
3.रामगढ़वा प्रखंड के अधकपरिया और जैतापुर पंचायत में।
4.रक्सौल प्रखंड के नोनियाडीह और धनगढ़वा कौड़िहार में।
5.बनकटवा प्रखंड के बनकटवा और जीतपुर में सहयोग शिविर लगेगा।
6.चिरैया प्रखंड के खोरा और सरौरगढ़ पंचायत में ।
7.ढाका प्रखंड के करसहीया और गहई पंचायत में।
8.घोड़ासहन प्रखंड के गुर्मियां और बगही भेलवा पंचायत में।
9.मधुबन प्रखंड के दुलमा और भेलवा में
10.पकड़ीदयाल प्रखंड के सिराहां और सुंदर पट्टी पंचायत में
11.पताही प्रखंड के बलुआ जुल्फिकारबाद और बखरी पंचायत में।
12.फेनहारा प्रखंड के खानपिपरा और रूपौलिया पंचायत में।
13.तेतरिया प्रखंड के कोठिया एवं पुनास लहलादपुर पंचायत में।
14.बंजरिया प्रखंड के जनरेवा एवं पचरुखा मध्य पंचायत मे।
15.कोटवा प्रखंड के मछरगांवा एवं कररिया पंचायत में
16.मोतीहारी प्रखंड के झीटकहिया एवं नौरंगिया पंचायत में।

CMYK

## गौतम अडानी की झोली में गिरने वाली है बड़ी सीमेंट कंपनी, दूसरे दावेदार ने किया किनारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की झोली में एक बड़ी सीमेंट कंपनी गिरने वाली है। अडानी ग्रुप की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स दिवालिया हो चुकी जेपी सीमेंट कॉरपोरेशन को खरीदने के लिए अब एकमात्र दावेदार रह गई है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक अंबुजा सीमेंट्स ने जेपी सीमेंट को खरीदने के लिए 580 करोड़ रुपये की बोली लगाई है।



एक दूसरी दावेदार माई होम ग्रुप 300 करोड़ रुपये की बोली लगाने के बाद इस प्रोसेस से बाहर हो गई है। हालांकि जेपी ग्रुप की इस कंपनी की इनसॉल्वेंसी प्रोसेस अब भी अधर में लटका हुआ है। इसी वजह यह है कि अंबुजा की बोली कंपनी की 880 करोड़ रुपये की लिक्विडेशन वैल्यू से कम है। लेंडर अब ज्यादा ऑफर के लिए अडानी ग्रुप के साथ बातचीत कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पिछले साल नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी ने 227 करोड़ रुपये को बोली लगाई थी लेकिन लेंडर्स ने इसे रिजेक्ट कर दिया था।

### लिक्विडेशन वैल्यू

इससे पहले नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने जेपी ग्रुप की होल्डिंग कंपनी जेपी एसोसिएट्स के लिए अडानी ग्रुप की 14,535 करोड़ रुपये के रेजॉल्यूशन प्लान को मंजूरी दी थी। अमूमन, अगर किसी कंपनी के लिए आई बोली उसकी लिक्विडेशन वैल्यू से कम होती है तो लेंडर्स लिक्विडेशन को फेवर करते हैं। जेपी सीमेंट के रेजॉल्यूशन प्रोफेशनल ने 3,361 करोड़ रुपये के दावों को एडमिट किया था। इसमें सिक्योर्ड क्रेडिटर्स के 2,892 करोड़ रुपये और अनसिक्योर्ड क्रेडिटर्स के 469 करोड रुपये शामिल हैं।

## दिल्ली से गोरखपुर तक चलेगी अमृत भारत ट्रेन

- दिल्ली-फरीदाबाद नई मेमू को भी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेलवे ने दिल्ली गोरखपुर और फरीदाबाद के यात्रियों को बड़ी सौगात दी है। रेलवे बोर्ड ने दिल्ली से गोरखपुर के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन चलाने को मंजूरी दी है। इसके साथ ही दिल्ली और फरीदाबाद के बीच नई मेमू ट्रेन चलाने की भी मंजूरी मिली है। हालांकि, इसके चलने की तारीख अभी तय नहीं हुई है। दावा है कि जल्द ही तारीख की घोषणा की जाएगी। रेलवे प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ट्रेन नंबर 14046 अमृत भारत एक्सप्रेस दिल्ली से गोरखपुर मंगलवार को दिल्ली से रात 12 :40




बजे रवाना होगी और मंगलवार को ही शाम 3 :50 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन नंबर 14045 अमृत भारत एक्सप्रेस गोरखपुर से दिल्ली मंगलवार को रात 9 :40 बजे गोरखपुर से चलकर बुधवार दोपहर 12 :50 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर सिटी, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और आनंद नगर सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर होगा।

### दिल्ली-फरीदाबाद के बीच नई मेमू

वहीं, रेलवे बोर्ड ने 64038 / 64037 दिल्ली से फरीदाबाद मेमू ट्रेन चलाने को भी मंजूरी दी है। यह ट्रेन रोजाना चलेगी। रेलवे द्वारा जारी आदेश के अनुसार,गाड़ी 64038 दिल्लीसे फरीदाबाद मेमू सुबह 10 :30 बजे दिल्ली से रवाना होकर 11 :45 बजे फरीदाबाद पहुंचेगी।

# सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में भारत

## संकट के दौर में बदली पिक्चर, हांफा चीन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल स्टील सेक्टर पर गोल्डमैन सैक्श की रिपोर्ट आई है। इसके अनुसार, अप्रैल और मई की शुरुआत में प्रमुख बाजारों में ग्लोबल स्टील की कीमतें लगातार बढ़ती रहीं। इसमें ब्राजील सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र के रूप में उभरा।

दूसरी ओर क्षमता में कटौती को लागू करने में देरी के कारण चीन का स्टील उत्पादन दबाव में बना रहा। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच जारी इस रिपोर्ट में यह बात भी सामने आई कि भारत सबसे तेजी से बढ़ते स्टील बाजारों में अपनी पहचान बनाए हुए है। अप्रैल में लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों में औसत हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। इस बढ़त में ब्राजील सबसे आगे रहा, जहां महीने-दर-महीने 10 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके बाद जापान में 6.5 फीसदी और चीन में 2.9 फीसदी की ग्रोथ हुई। इस रिपोर्ट को 'ग्लोबल स्टीलः द स्टील बैरामीटर- मई अपडेट' के नाम से पब्लिश किया गया।

रिपोर्ट में कहा गया, 'साल-दर-साल आधार पर हमारे सैंपल में ब्राजील के एचआरसी स्टील की कीमतों का प्रदर्शन सबसे मजबूत रहा (+21 प्रतिशत), जिसके बाद अमेरिका (+15 प्रतिशत) का स्थान है।

वहीं, अन्य क्षेत्रों में भी कीमतों में 6 प्रतिशत से 13 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी गई।'



### क्या मिल रहा है संकेत

गोल्डमैन सैक्श ने कहा कि कीमतों में यह मजबूती कई स्टील उत्पादक अर्थव्यवस्थाओं में बाजार की स्थितियों में सुधार को दर्शाती है। फिर भले ही ग्लोबल डिमांड और उत्पादन को लेकर चिंताएं अभी भी बनी हुई हैं।

### भारत सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शुमार

भारत ग्लोबल लेवल पर सबसे तेजी से बढ़ते स्टील बाजारों में से एक के रूप में लगातार अपनी पहचान बनाए हुए है। गोल्डमैन सैक्श ने कहा कि भारत के कच्चे स्टील के उत्पादन में बढ़ोतरी मार्च में साल-दर-साल बढ़कर 11 फीसदी हो गई, जबकि साल की शुरुआत से अब तक यह बढ़ोतरी 10 फीसदी और फरवरी में 7 फीसदी थी। रिपोर्ट में स्टील उत्पादन करने वाले अन्य प्रमुख क्षेत्रों में मिले-जुले रुझानों पर भी रोशनी डाली गई है। यूरोप में मार्च में कच्चे स्टील का उत्पादन महीने-दर-महीने 16 फीसदी बढ़ा। हालांकि, साल-दर-साल और साल की शुरुआत से अब तक के आधार पर इसमें 3 फीसदी की गिरावट बनी रही। अमेरिका में अप्रैल में औसत साप्ताहिक स्टील उत्पादन महीने-दर-महीने 3 फीसदी बढ़ा। वहीं, यूटलाइजेशन रेट औसतन 79.6 फीसदी रहा। यह क्रमिक और वार्षिक दोनों आधारों पर सुधार को दिखाता है।

### चीन का इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च बना हुआ है मजबूत

चीन के प्रॉपर्टी बाजार में लगातार कमजोरी के बावजूद गोल्डमैन सैक्स ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी गतिविधियां अपेक्षाकृत मजबूत बनी रहीं। 2026 के पहले तीन महीनों के दौरान पानी और बिजली की सप्लाई को छोड़कर इंफ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेंट में साल-दर-साल 8.9 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि मार्च में चीन की मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियां बेहतर हुईं। जबकि कंस्ट्रक्शन गतिविधियां कमजोर पड़ गईं। यह स्टील का इस्तेमाल करने वाले अलग-अलग क्षेत्रों में मांग के असमान ट्रेंड को दिखाता है। गोल्डमैन सैक्श ने 2026 के बाकी बचे समय के लिए दुनिया के प्रमुख बाजारों में स्टील की कीमतों के अपेक्षाकृत स्थिर रहने का अनुमान लगाया है। इसमें अमेरिका में स्टील की कीमतें यूरोप, चीन और ब्राजील की तुलना में अधिक मजबूत रहने की उम्मीद है।

# 28 नेशनल हाईवे मोनेटाइज करने की तैयारी में सरकार

### लिस्ट में सबसे ऊपर हरियाणा और यूपी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार 28 नेशनल हाइवे एसेट्स को मोनेटाइज करने की तैयारी में है। इन सड़कों की कुल लंबाई 1,800 किमी से अधिक है और इनसे सरकार को 35,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक सरकार ने इसके लिए नेशनल हाइवेज की एक लिस्ट तैयार की है। इनमें सबसे ज्यादा सड़कें हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हैं। एसेट मोनेटाइजेशन की प्रक्रिया पब्लिक एंड प्राइवेट इन्फ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेंट ट्रस्ट्स (इनविट) और टोल-ऑपरेट-ट्रांसफर रूट से संपन्न होगी। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इन्फ्रास्ट्रक्चर क्रिएशन को फंड करने के लिए सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर एसेट रिसाइकलिंग पर जोर दे रही है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि इस साल के मोनेटाइजेशन में दो बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर और सात इंजीनियरिंग प्रॉक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स होंगे। हाइब्रिड एन्युटी मॉडल एसेट्स के मोनेटाइजेशन को प्राथमिकता दी जाएगी क्योंकि इसमें कैपेक्स रिस्क दूसरे टाइप के प्रोजेक्ट्स की तुलना में कम है। सरकार ने हाल में सॉवरेन वेल्थ फंड्स और पेंशन फंड्स को सीधे ग्रीनफील्ड टोल-रोड प्रोजेक्ट्स में निवेश करने की अनुमति दी है।

### क्या होगा फायदा

सरकार की अगले तीन से पांच साल में अतिरिक्त 1,500 किमी सड़कों को पब्लिक इनविट में शामिल करने की योजना है। इससे सरकार को राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए अतिरिक्त रेवेन्यू हासिल होगा। फरवरी में सरकार ने नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन 2.0 लॉन्च किया था। इसके मुताबिक हाइवे सेक्टर में अगले पांच साल में 4.42 लाख करोड़ रुपये के मोनेटाइजेशन का लक्ष्य रखा गया है। अगले साल यानी फाइनेंशिल ईयर 2027 में हाइवे मोनेटाइजेशन से 68,770 करोड़ रुपये जुटाए जाने की उम्मीद है।

# चीन 1 लगाए तो भारत लगा दे 3 फैक्ट्री

### मुकाबला करने के लिए एक्सपर्ट ने बताई पूरी स्ट्रैटेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भर की कंपनियां 'चीन प्लस वन' स्ट्रैटेजी के तहत अपनी सप्लाई चेन को चीन से हटाकर दूसरी जगहों पर ले जा रही हैं। भारत को भी अपनी टैक्स व्यवस्था में तेजी से सुधार करना होगा।



सिंगल-विंडो क्लीयरेंस को आसान बनाना होगा। विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को प्राथमिकता देनी होगी। एनएनआई से बात करते हुए जाने-माने अर्थशास्त्री और नीति आयोग के पूर्व सदस्य अरविंद विरमानी ने ये बातें कहीं। उन्होंने चीन से मुकाबला करने की पूरी स्ट्रैटेजी भी समझाई। उनके मुताबिक, ढांचागत और बाहरी व्यापार सुधार भारत के लिए बहुत जरूरी हैं ताकि वह बदलते वैश्विक निवेश को सफलतापूर्वक अपनी ओर खींच सके और घरेलू रुकावटों को दूर कर सके।




हालांकि, भारत ने नीतिगत बदलावों और प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) जैसी खास स्कीमों के जरिए काफी प्रगति की है। लेकिन, विरमानी ने बताया कि अभी भी ट्रांजिशन कॉस्ट यानी 'बदलाव की लागत' इतनी ज्यादा है कि कंपनियां चीन में अपने जमे-जमाए ठिकानों को छोड़कर कहीं और जाने से हिचकिचाती हैं।

**चीन की नकल करना नहीं जरूरी-** ऐतिहासिक रूप से भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बड़े पैमाने पर उत्पादन की कमी का सामना करना पड़ा है।

# पेट्रोल पर सरकार का बड़ा फैसला, 3 रुपये बढ़ गया टैक्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोल को लेकर केंद्र सरकार ने कड़ा फैसला किया है। केंद्र सरकार ने पेट्रोल के एक्सपोर्ट पर 3 रुपये प्रति लीटर की स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी लगाई है। हालांकि, सरकार ने डीजल पर लगने वाले शुल्क में कटौती की गई थी। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव की वजह से दुनिया भर में तेल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। फरवरी में जो क्रूड ऑयल 70 डॉलर प्रति बैरल के पास बिक रहा था, वह अब 100 डॉलर प्रति बैरल को क्रॉस कर गया है। जिसकी वजह से दुनिया भर की सरकारें अपने स्तर पर उपलब्धता बनाए रखने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कदम उठा रही हैं। सरकारी आदेश के अनुसार डीजल के एक्सपोर्ट पर ड्यूटी को 23 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 16.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वहीं, एटीएफ पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी को 33



रुपये प्रति लीटर से घटाते हुए 16 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। बता दें, घरेल स्तर पर पेट्रोल और डीजल को लेकर एक्साइज ड्यूटी में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यानी तेल कंपनियों को अब भी सरकार की तरफ से मिलने वाली राहत जारी है।

**क्या ड्यूटी बढ़ने से महंगा हो जाएगा पेट्रोल-** नहीं, यह फैसला सरकार ने एक्सपोर्ट को लेकर किया है। ऐसे में घरेलू स्तर पर इस फैसले का असर नहीं पड़ेगा। बता दें, शुक्रवार को ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने तेल की कीमतों में इजाफा किया था। तब पेट्रोल और डीजल के रेट को 3-3 रुपये बढ़ा दिया गया था। 2022 के बाद पहली बार तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल का रेट बढ़ाया था।

**क्या होता है स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी-** स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी कुछ चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर लगाया जाता है। खास तौर पर क्रूड ऑयल और पेट्रोल, डीजल के साथ-साथ एटीएफ के एक्सपोर्ट पर। 1 मई को सरकार ने डीजल और एटीएफ के एक्सपोर्ट ड्यूटी में बदलाव किया था। लेकिन तब पेट्रोल को लेकर कोई फैसला नहीं हुआ था।

### कच्चे तेल ने किया नाक में दम

मौजूदा समय में कच्चे तेल की बढ़ हुई कीमतों ने तेल कंपनियों से लेकर सरकारों को परेशान किया है। अधिक रेट होने की वजह से सरकारों पर भारी दबाव बन रहा हूं। जिससे देश के अंदर महंगाई में तेज इजाफा हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार कच्चे तेल के अधिक रेट होने की वजह से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को इस तिमाही में 57000 करोड़ रुपये से 58000 करोड़ रुपये तक का नुकसान हो सकता है।

# रुपये को कमजोर होने दें

### जाने-माने अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया सोने पर ड्यूटी बढ़ाने से नहीं सहमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने सोने के आयात पर ज्यादा ड्यूटी लगाकर उसे टारगेट करने के खिलाफ चेतावनी दी है। उनका तर्क है कि रुपये को कमजोर होने देना भारत के बढ़ते 'करंट अकाउंट' (चालू खाता) के दबाव को संभालने का ज्यादा असरदार तरीका होगा। पनगढ़िया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उन सार्वजनिक अपीलों का समर्थन किया जिनमें उन्होंने लोगों से अपने व्यवहार में बदलाव लाने को कहा था। मसलन, कम यात्रा करना और 'वर्क फ्रॉम होम' करना। लेकिन, उन्होंने सोने के आयात पर चुनिंदा तरीके से ड्यूटी बढ़ाने के फैसले पर सवाल उठाए।



पनगढ़िया ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने जिस तरह से नैतिक अपील का सहारा लिया है, उससे मुझे कोई दिक्कत नहीं है।' उन्होंने आगे कहा, 'किसी भी नेता के लिए, जब उसे भविष्य में किसी संकट के बादल मंडराते दिखते हैं, तो बचाव का यह पहला तरीका होता है।' उन्होंने इस अपील की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 1965 की उस अपील से की, जिसमें उन्होंने खाने की कमी के दौरान भारतीयों से हफ्ते में एक दिन उपवास रखने को कहा था।

**सोने पर ड्यूटी बढ़ाना कितना प्रभावी-** पनगढ़िया जनवरी 2015 से अगस्त 2017 तक नीति आयोग के पहले उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि



सरकार 'करंट अकाउंट डेफिसिट' (सीएडी) को लेकर चिंतित दिखती है। लेकिन, उन्होंने तर्क दिया कि इस समस्या का सही नीतिगत समाधान विनिमय दर में बदलाव करना है।

### सोने की तस्करी में आ सकती है तेजी

पनगढ़िया ने स्वीकार किया कि ज्यादा ड्यूटी लगाने से सोने का आयात कम हो सकता है। लेकिन, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इससे सोने की तस्करी और अनौपचारिक व्यापार को बढ़ावा मिल सकता है। उन्होंने कहा, 'ड्यूटी बढ़ाने से सोने की कीमत बढ़ जाती है। इसका सीधा असर यह होता है कि सोने का आयात कम हो जाता है। इसमें कोई शक नहीं है। इसका एक असर यह भी हो सकता है जिसे आप शायद 'अनौपचारिक' कहें, लेकिन मेरी सीधी-सादी भाषा में कहें तो सोने की तस्करी में भी थोड़ी तेजी देखने को मिल सकती है।' जाने-माने अर्थशास्त्री ने तर्क दिया कि आयात की मांग को तय करने के लिए टारगेटेड पाबंदियों के बजाय बाजार-आधारित कीमतों के संकेतों को आधार बनाया जाना चाहिए।

### पीएम मोदी की अपील पर दी यह राय

पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी संघर्ष और कच्चे तेल की बढ़ती ग्लोबल कीमतों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईंधन बचाने के उपायों पर जोर दिया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे गैर-जरूरी यात्रा से बचें। ईंधन की खपत कम करें। कई कंपनियों ने 'वर्क-फ्रॉम-होम' की व्यवस्था का विस्तार किया है। जबकि सरकारों ने खर्च में कटौती के उपाय अपनाए हैं। इनमें सरकारी काफिलों को कम करना भी शामिल है। अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि इस तरह की अपीलें लोगों के व्यवहार को प्रभावित कर सकती हैं। जब उनसे पूछा गया कि ये कदम अर्थव्यवस्था की मदद कैसे करेंगे तो उन्होंने कहा, 'यह सब नेता के असरदार होने पर निर्भर करता है। अगर कई नागरिक इन बातों से प्रेरित होते हैं तो इसका कुछ न कुछ असर जरूर होगा।'

### सेकेंड हैंड एक्टिवा से सड़क-सड़क छानी खाक

# दो दोस्तों ने ऐसे खड़ा किया करोड़ों का बिजनेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंकित आलोक बगड़िया और अभि गावड़ी आईआईटी रुड़की के पासआउट हैं। इन दोनों दोस्तों ने कॉर्पोरेट नौकरियों के बजाय उद्यमिता का रास्ता चुना। प्री-प्लेसमेंट ऑफर ठुकराकर वेस्ट मैनेजमेंट और एनिमल फीड यानी पशु आहार के सेक्टर में उतरने का फैसला किया। साल 2019 में बेंगलुरु में 'लूपवर्म' नाम के बायोसाइंस स्टार्टअप की नींव रखी। इन दोस्तों ने शुरुआती दिनों में एक पुरानी एक्टिवा पर 50-50 किलो कचरा ढोकर जमीनी स्तर पर काम किया। आज उनका स्टार्टअप सिल्कवर्म और ब्लैक सोल्जर फ्लाइज के जरिए ऑर्गेनिक वेस्ट को हाई-क्वालिटी प्रोटीन में बदल रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में इस कंपनी का एनुअल रेकरिंग रेवेन्यू यानी एआरआर 20 लाख डॉलर (लगभग 16 करोड़ रुपये) पहुंच गया। आइए, यहां अंकित आलोक बगड़िया और अभि गावड़ी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



### ऐसे आया आइडिया

अंकित आलोक बगड़िया और अभि गावड़ी ने आईआईटी रुड़की से केमिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की है। कॉलेज के दौरान 'इनेक्टस' ग्रुप से जुड़कर उन्होंने कचरा प्रबंधन पर काम किया। जल्द ही उनका ध्यान खाद्य और कृषि से निकलने वाले भारी वेस्ट पर गया। अंकित और अभि ने शानदार प्री-प्लेसमेंट ऑफर को ठुकराकर खुद का उद्यम शुरू करने का रिस्क लिया। दोनों ने महसूस किया कि रेशम के कीड़ों (सिल्कवर्म) और मक्खियों के लार्वा में प्राकृतिक रूप से प्लांट-बायोमास को प्रोटीन में बदलने की क्षमता होती है। इसी आइडिया के साथ 2019 में 'लूपवर्म' की नींव पड़ी। इसका मकसद पारंपरिक समुद्री स्रोतों (जैसे फिश मील) पर निर्भरता को कम करके पशु और पेट न्यूट्रिशन के लिए टिकाऊ प्रोटीन विकल्प तैयार करना था।

# जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के सफल संचालन को ले बैठक

## जन भागीदारी अभियान-“सबसे दूर सबसे खास” सप्ताह चलेगा 18 से 25 मई तक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समेकित जनजाति विकास अभियान, खूंटी अंतर्गत आयोजित जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के तहत जन भागीदारी अभियान- सबसे दूर सबसे खास सप्ताह (18 मई से 25 मई) के सफल संचालन को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ओरिएंटेशन बैठक का आयोजन किया गया।




बैठक के दौरान उपायुक्त ने अभियान के उद्देश्यों एवं विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अभियान के सफल संचालन हेतु दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के तहत जन भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु जन सुनवाई केंद्र आयोजित करने, वृक्षारोपण अभियान चलाने, स्वास्थ्य शिविर लगाने तथा ट्राइबल युवाओं एवं महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि अभियान के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाया जाए।

साथ ही विशेष शिविरों के माध्यम से छूटे हुए लोगों का आधार कार्ड समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों का निर्माण कराने की दिशा में भी कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को योग्य लाभुकों का चिन्हित कर योजनाओं से आच्छादित करने को कहा। वहीं नीति आयोग के भी विभिन्न इंडिकेटर को ध्यान में रखकर जनहित में कार्य करने को कहा गया।

बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह-उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में मौत

**कुरसेला।** एनएच 31 पर कोशी पुल कबीर मठ के समीप सोमवार की दोपहर मायके से पति के साथ बाइक से ससुराल जा रही एक विवाहिता की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि उसके पति की जान बच गई। हादसे के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे दो साल के मासूम बेटी को छोड़ गई है। मृतका की पहचान कटरिया निवासी बिहार पुलिस कर्मी अनिमेष कुमार की पत्नी काजल कुमारी (25) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि काजल अपने पति के साथ बाइक से कुरसेला बस्ती पश्चिम टोला स्थित मायके से ससुराल कटरिया लौट रही थी। इसी दौरान कोशी पुल के पास बाइक अनियंत्रित हो गई। जिसमें काजल बाइक से सड़क पर गिर गई। सड़क पर गिरने से उसके सर में गंभीर चोट लगी और वह मौके पर ही अचेत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने मानवता दिखाते हुए तत्काल घायल महिला को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए कटिहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस से इलाज के लिए ले जा रहे थे। लेकिन कोढ़ा के पास रास्ते में ही काजल ने दम तोड़ दिया।

## घोड़े पर जनगणना करने निकले प्रगणक का वीडियो वायरल

### मिल रही वाहवाही, पेट्रोल बचाने की दी मिसाल

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

***गढ़वा।*** *गढ़वा जिला के धुरकी प्रखंड के टाटीदीरी उच्च विद्यालय के शिक्षक मुन्ना प्रसाद इन दिनों अपने अनोखे अंदाज को लेकर चर्चा में हैं।*

*जनगणना अभियान में प्रगणक बनाए गए शिक्षक मुन्ना प्रसाद घोड़े पर सवार होकर गांव-गांव पहुंचकर जनगणना कार्य कर रहे हैं।*

*शनिवार को पनघटवा गांव जाते समय शिक्षक का घोड़े पर सवार वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा।*

*बताया जाता है कि क्षेत्र में ईंधन संकट, दुर्गम रास्तों और सीमित संसाधनों के बीच शिक्षक ने घोड़े को ही अपना सहारा बना लिया। सफेद पोशाक और आवश्यक दस्तावेजों के साथ घोड़े पर सवार शिक्षक को देखकर ग्रामीण भी उत्साहित नजर आए। लोगों ने इसे कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना का उदाहरण बताया।*

*वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में चर्चा है कि वर्तमान परिस्थितियों में जहां कई जगह पहुंचना कठिन है, वहीं शिक्षक बिना किसी परेशानी की परवाह किए अपना दायित्व निभा रहे हैं।*

*इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो को लोग खूब पसंद कर रहे हैं तथा शिक्षक की जमकर सराहना कर रहे हैं। कई लोगों ने इसे ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी दायित्व निभाने की मिसाल बताया।*

# प्रेम विवाह से नाराज माता-पिता ने किया बेटी का पिण्डदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** छौड़ाही थाना क्षेत्र के सिहमा पंचायत के वार्ड संख्या-दो में अंतरजातीय प्रेम विवाह को लेकर एक परिवार में विवाद गहरा गया है। विवाह से नाराज युवती के स्वजन द्वारा उसका प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार एवं पिंडदान किए जाने का मामला सामने आया है।

वहीं, युवती ने अपने पिता समेत अन्य स्वजन पर ससुराल में घुसकर मारपीट करने, गला दबाने, स्वर्ण आभूषण लूट लेने एवं महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए छौड़ाही थाना में प्राथमिकी कराई है।

छौड़ाही थाना पर प्राथमिकी कराने पहुंची सिहमा वार्ड संख्या-दो निवासी उजाला कुमारी पति मुरारी कुमार ने बताई कि उसने पड़ोस के ही युवक मुरारी कुमार से प्रेम विवाह किया है। उजाला धानुक जाति से है, जबकि उसका पति मुरारी कुमार नाई जाति से संबंध रखता है।

दोनों का घर आसपास होने के कारण पहले से जान-पहचान थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम संबंध हुआ और बाद में दोनों ने अपनी इच्छा से विवाह कर लिया। विवाह के बाद दोनों साथ रह रहे हैं और अपने वैवाहिक जीवन से खुश हैं।

युवती का कहना है कि अंतरजातीय विवाह से नाराज होकर उसके पिता जगदीश महतो, चाचा दिनेश महतो, मां सुनैना देवी, भाई दीपक, सोनू एवं मोनू कुमार समेत अन्य अज्ञात लोगों ने समाज में उसकी मृत्यु होने जैसी घोषणा करते हुए प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार कर पिंडदान कर दिया। इस घटना की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। जिससे हमारी काफी बेइज्जती हो रही है।

16 मई को आरोपित लोग उनके ससुराल पहुंचे और वहां मौजूद परिवार के लोगों के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने उनकी सास उषा देवी एवं बीच बचाव कर रही पति के चाची समेत अन्य स्वजन के साथ मारपीट की गई। घटना में कई लोग घायल हो गए। मारपीट के दौरान गला दबाने एवं जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

उजाला का कहना है कि मारपीट के दौरान महिलाओं के साथ अभद्रता भी की गई एवं तीन लाख रुपए से ज्यादा मूल्य के सोने के आभूषण भी छीन लिया गया। डायल-112 पर कॉल किए तब पुलिस ने आकर उन लोगों की जान बचाई।

स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए छौड़ाही सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल को बेगूसराय सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां घायलों का इलाज चल रहा है।

# उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने किया प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

खूँटी। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया द्वारा आज प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, खूँटी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं एवं कक्षों का भ्रमण कर कार्य निष्पादन, अभिलेख संधारण, कर्मियों की उपस्थिति तथा आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की समीक्षा की।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने प्रधान लिपिक एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कक्ष, लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर कक्ष, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी कक्ष, प्रखंड निर्वाचन शाखा कक्ष तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से कार्यालय संचालन, लंबित मामलों तथा जनहित से जुड़े कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत उपायुक्त द्वारा सभाकक्ष, प्रखंड समन्वयक, सहायक एवं कनीय अभियंता कक्ष, प्रखंड समन्वयक पंचायतीराज कक्ष, लेखा लिपिक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर (15वें वित्त) कक्ष, सामाजिक सुरक्षा पेंशन-सह-प्रखंड कृषि पदाधिकारी कक्ष एवं प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी कक्ष का निरीक्षण किया गया। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन, अभिलेखों के संधारण एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने नजारत शाखा, कर्मचारी कक्ष, अंचल निरीक्षक कक्ष, कार्यालय कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालयों में संधारित उपस्थिति पंजी की भी जांच की तथा कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर बल दिया। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का



निर्वहन पूर्ण उत्तरदायित्व, पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन कार्यालयों में अपनी समस्याओं के समाधान की अपेक्षा लेकर आते हैं, ऐसे में सभी कर्मियों का व्यवहार सकारात्मक एवं कार्य संस्कृति जनोन्मुखी होनी चाहिए। उन्होंने सभी कर्मियों को कार्यालय समय का अनुपालन करने एवं प्रतिदिन बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि बॉयोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नही करने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अंचल कार्यालय में प्रत्येक माह नियमित रूप से अंचल दिवस आयोजित करने तथा आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने पंचायत सचिव के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिए संबंधित विभाग को पत्राचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत भवनों के बेहतर संचालन एवं पंचायत भवनों में संचालित ज्ञान केंद्रों को सक्रिय एवं सुव्यवस्थित रखने पर विशेष बल दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं एवं विद्यार्थियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने तहसील कचहरी का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुविधाओं एवं बेहतर कार्य संचालन को ध्यान में रखते हुए तहसील कचहरी को अंचल कार्यालय भवन में शिफ्ट करने के निर्देश दिया।

# महिला ने अस्पताल गेट पर दिया बच्चे को जन्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** मानवता को द्रवित करने वाला दृश्य गोड्डा सदर अस्पताल के मुख्य द्वार के पास रविवार को दिखा, जब प्रसूता ने नवजात को गेट पर ही जन्म दिया। हद तो तब हो गई जब प्रसूता लगभग पंद्रह मिनट तक गेट पर ही पड़ी रही, जहां उमस केसाथ तीखी धूप थी।

अन्य महिलाओं ने वहां मौजूद अस्पताल कर्मियों से महिला स्वास्थ्य कर्मियों को बुलाने का अनुरोध किया फिर भी सभी संवेदनहीन बने रहे। आपातकालीन विभाग की महिला स्वास्थ्य कर्मी को भी सूचित किया गया, लेकिन वह नहीं पहुंची।

इस स्थिति में जच्चा-बच्चा तपती धूप में जमीन पर ही पड़े रहे। करीब 20 मिनट बाद में एक महिला स्वास्थ्य कर्मी पहुंची फिर नवजात को सुरक्षित बाहर निकाला और प्रसूता को गार्ड की मदद से व्हील चेयर पर लेबर वार्ड में ले गई। मौजूद लोगों ने अस्पताल प्रशासन को जमकर कोसा। लोगों ने पूरे मामले को वायरल करने की धमकी दी और कहा कि अस्पताल के लोगों में मानवीयता का अभाव है। लोगों के हंगामे के बाद लेबर वार्ड में प्रसूता और बच्चे दोनों का ठीक तरीके से देखभाल किया गया। दोनों स्वस्थ हैं।

प्रसूता कुरमन गांव की रहने वाली है जो जिला मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर है। प्रवस पीड़ा होने पर घर की महिलाएं प्रसूता को एक आटो में लेकर अस्पताल पहुंचे।

स्वजन ने बताया कि गांव की सहिया को सूचित किया गया, लेकिन वह नहीं आई। इस बीच पीड़ा बढ़ती गई। घर में पुरुष सदस्य के उस समय नहीं होने से समस्या औरर बढ़ गई। आनन-फानन में एक आटोवाले को तैयार कर हम अस्पताल पहुंचे। ऑटो से उतरते ही मां ने बच्चे को जन्म दे दिया।

संस्थागत प्रसव को घर-घर तक पहुंचाने के दावे भले ही किए जाते रहे हैं, लेकिन सच्चाई इसके विपरीत है।

# खेत में संचालित लड्डू निर्माण कारखाने पर छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने सोमवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान रेहला रोड स्थित एक खेत में लंबे समय से संचालित बूंदी लड्डू निर्माण कारखाने में औचक छापेमारी की। जांच के दौरान खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

प्राथमिक भौतिक जांच में पाया गया कि जिन बूंदी के लड्डूओं को बेसन से निर्मित बताकर बाजार में बेचा जा रहा था, उनके निर्माण स्थल पर वास्तविक बेसन उपलब्ध नहीं था।पूछताछ के दौरान कारखाना संचालक ने बताया कि वह बाजार समिति से लगभग 40 रुपये प्रति किलो की दर से मिलने वाला तथाकथित गुलकंद 'बेसन' खरीदता है। आरोप है कि उक्त सामग्री में खेसारी दाल, घटिया किस्म की मैदा एवं अरवा चावल मिश्रित रहता है।

मौके पर निम्न गुणवत्ता की सामग्री एवं दो बोरी मैदा भी रखी मिली। कारखाना संचालक की निशानदेही पर बाजार समिति स्थित दुकानों में भी जांच की गई, जहां संबंधित सामग्री की बिक्री की जानकारी ली गई।

मामले की विस्तृत जांच एवं खाद्य सामग्री के नमूनों की परीक्षण प्रक्रिया के लिए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। एसडीएम ने कहा कि खाद्य सुरक्षा को लेकर लगातार कार्रवाई के बावजूद कुछ लोग मिलावटी एवं निम्न गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं।उन्होंने बताया कि हाल ही में नकली



मिठाई बेचने के आरोप में कार्रवाई झेल चुके प्लास्टिक कारोबारियों में से एक व्यक्ति द्वारा पुनः उसी प्रकार का कारोबार शुरू किए जाने की जानकारी मिली है। ऐसे व्यक्ति को आदतन अपराधी घोषित करते हुए उसके विरुद्ध आगे की कार्रवाई प्रारंभ की जा रही है।

एसडीएम में बताया कि आरोपी सपरिवार इस कार्य को करता है, देखने में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार है, किंतु इसका मतलब यह नहीं कि वह कोई ऐसा व्यवसाय करे जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर व्यापक दुष्प्रभाव पड़े। जो जानकारी इस कारखाने से मिली उसके अनुसार गढ़वा बस स्टैंड, मेन बाजार और यहां तक कि रमकंडा तक यहां बने लड्डू की सप्लाई होती है।

## सीमांचल में सियासत गरमायी

**कटिहार।** सीमांचल में शेरशाहवादी समुदाय को लेकर दिए गए बांग्लादेशी बयान पर बिहार की राजनीति गरमा गयी है। कटिहार सांसद तारिक अनवर ने इस मामले को गंभीर बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जदयू विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कटिहार स्थित अपने आवासीय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सांसद ने कहा कि इस तरह की बयानबाजी सामाजिक तनाव और नफरत फैलाने का काम कर रही है। सांसद ने कहा कि शेरशाहवादी मुस्लिम समुदाय वर्षों से कटिहार, पूर्णिया, अररिया और किशनगंज समेत सीमांचल के कई जिलों में रह रहा है और क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार पहले ही इस समुदाय को ईबीसी और ओबीसी श्रेणी में शामिल कर चुकी है।ऐसे में उन्हें बांग्लादेशी कहना बेहद आपत्तिजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। तारिक अनवर ने मुख्यमंत्री से मांग किया कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले इस बयान को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विधायक के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाए।

# इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में लगी भीषण आग

**लाखों की संपत्ति स्वाहा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** गोमो के ओवरब्रिज के नीचे स्थित इसराफिल इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में रविवार रात अचानक भीषण आग लग गई। इससे दुकान में रखे नए व पुराने इन्वर्टर, स्टेबलाइजर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गए। आग लगने से करीब दो लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है।

भुक्तभोगी दुकान संचालक इसराफिल अंसारी ने बताया कि प्रतिदिन की तरह रविवार रात दुकान को सही-सलामत बंद कर घर चले गए थे। अहले सुबह करीब चार बजे आसपास के लोगों ने फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचकर देखा तो दुकान के भीतर आग की लपटें उठ रही थीं। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से दुकान का लोहे का दरवाजा किसी तरह खोला गया।

आग काफी तेज होने के कारण लोगों ने पानी और बालू की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जल चुका था।

इसराफिल ने बताया कि ग्राहकों द्वारा मरम्मत के लिए दिए गए 17 पीस इन्वर्टर, 14 पीस स्टेबलाइजर, वॉल फैन, स्टैंड फैन, टुल्लू पंप मोटर, सीलिंग फैन सहित कई नए महत्वपूर्ण उपकरण जल गए। घटना में करीब दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

तोपचांची थाना पुलिस को सूचना दे दी गई है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है, जबकि दुकान बंद करने से पूर्व बिजली का मुख्य स्विच बंद कर दिया गया था।

## युवक ने 3.75 लाख में बेचा अपना बैंक खाता

# साइबर अपराधियों ने उसी खाते से की 205 लोगों से 15 करोड़ की ठगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के बेगूसराय में साइबर अपराध का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने लालच में आकर अपना बैंक खाता साइबर अपराधियों को बेच दिया और वही खाता देशभर में करोड़ों की ऑनलाइन ठगी का जरिया बन गया।

साइबर थाना पुलिस ने फुलवड़िया थाना क्षेत्र निवासी सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी का बैंक खाता पिछले आठ महीनों से साइबर अपराधियों के म्यूल अकाउंट के तौर पर इस्तेमाल हो रहा था।

मामले का खुलासा तब हुआ जब साइबर पुलिस से बेगूसराय पुलिस को संदिग्ध बैंक खाते की जानकारी



मिली। इसके बाद साइबर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जब पुलिस ने बैंक खाते की डिटेल खंगाली तो पता चला कि देशभर के अलग-अलग राज्यों से इस खाते से जुड़ी 205 शिकायतें दर्ज हैं। सभी शिकायतें ऑनलाइन ठगी और साइबर फ्रॉड से जुड़ी थीं।

जांच में सामने आया कि साइबर अपराधियों ने लोगों से ठगी कर जो रकम हासिल की, उसे सबसे पहले इसी खाते में जमा कराया जाता था। बाद में पैसे को अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिया जाता था, ताकि असली अपराधियों तक पुलिस आसानी से न पहुंच सके।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपना बैंक खाता महज 3 लाख 75 हजार रुपए में साइबर गिरोह को उपलब्ध कराया था। इसी खाते के जरिए करीब 15 करोड़ 25 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने तीन अन्य लोगों के नाम भी बताए हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

तकनीकी और वैज्ञानिक जांच के जरिए पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

बेगूसराय पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधी अब गांव और छोटे शहरों के लोगों को आसान शिकार बना रहे हैं।

वे मोटी रकम का लालच देकर लोगों के बैंक खाते, एटीएम कार्ड और मोबाइल नंबर हासिल कर लेते हैं।

पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी परिस्थिति में अपना बैंक खाता, ओटीपी या एटीएम कार्ड किसी दूसरे व्यक्ति को इस्तेमाल के लिए न दें। ऐसा करने पर खाताधारक भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं। फिलहाल पुलिस को उम्मीद है कि जांच आगे बढ़ने पर इस साइबर नेटवर्क से जुड़े और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# अधूरे स्टेडियम से खिलाड़ियों का भविष्य अंधकारमय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से बनाया जा रहा स्टेडियम पिछले एक वर्ष से अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य में हो रही लगातार देरी और संवेदक की लापरवाही के कारण खिलाड़ियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थिति यह है कि जिले के विभिन्न प्रखंडों से अभ्यास के लिए आने वाले खिलाड़ी सुविधाओं के अभाव में निराश लौटने को मजबूर हैं।जानकारी के अनुसार, सांस्कृतिक एवं खेलकूद विभाग की ओर से लगभग 86 लाख रुपये की लागत से इस स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद कुछ समय तक काम तेजी से चला, लेकिन पिछले एक वर्ष से काम लगभग ठप पड़ा हुआ है। अधूरे निर्माण के कारण मैदान की स्थिति बेहद खराब हो गई है। मैदान में जगह-जगह गिट्टी, छरी, बालू और गड्ढे पड़े हुए हैं, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास करने में कठिनाई हो रही है। दौड़, फुटबॉल, क्रिकेट जैसे खेलों का अभ्यास करना तो दूर, सामान्य गतिविधियां भी जोखिम भरी हो गई हैं।

खिलाड़ियों का कहना है कि कई बार उन्हें चोट लगने का डर बना रहता है, जिससे उनकी तैयारी प्रभावित हो रही है। स्थानीय खिलाड़ियों ने बताया कि यह स्टेडियम बन जाने से क्षेत्र के युवाओं को बेहतर सुविधाएं मिलतीं और वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकते थे। लेकिन निर्माण कार्य अधूरा रहने से उनका सपना अधूरा ही रह गया है।ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूरा कराया जाए। उनका कहना है कि यदि समय पर काम पूरा हो जाता, तो यह स्टेडियम क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण खेल केंद्र बन सकता था।

इस संबंध में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि संवेदक को जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।यदि लापरवाही बरती गई, तो आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक इस अधूरे पड़े स्टेडियम को पूरा कर खिलाड़ियों को राहत दिलाता है।

# धोनी एनएसजी कमांडो ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे, मशीनगन चलाई

## पिस्टल से निशाना भी लगाया, कमांडोज से पूछा- फिट लग रहा हूं

**चेन्नई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के बीच चेन्नई में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स (एनएसजी) के रीजनल हब पहुंचे। यहां उन्होंने सब-मशीनगन (छोटी मशीनगन) चलाई। साथ ही पिस्टल से भी निशाना लगाया। 44 साल के धोनी ने यहां कमांडोज और उनके परिवारों के साथ समय बिताया। उनके साथ खाना खाया। उन्होंने कमांडोज से पूछा- फिट लग रहा हूं न। इस पर जवानों ने सहमति देते हुए कहा- पिछली बार जब आए थे, तब इससे भी फिट थे। तब धोनी ने कहा- जैसे-जैसे टाइम बढ़ता है, मेहनत ज्यादा करनी पड़ती है। वे 2023 में एनएसजी कैंप में शामिल हो चुके हैं। धोनी चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। हालांकि, वे काफ स्ट्रेन (पिंडली की चोट) के कारण इस सीजन में अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं।

**टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं धोनी** - एमएस धोनी टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। वे पैराशूट रेजीमेंट की 106 पैरा टेरिटोरियल आर्मी बटालियन का हिस्सा हैं। उन्होंने कश्मीर में भारतीय सेना के साथ दो हफ्ते की ट्रेनिंग भी की। बाद में उनका बूट पॉलिश करते हुए फोटो भी सामने आया था।

### धोनी और सैन्य बलों का पुराना नाता

- 2011- टेरिटोरियल आर्मी की पैराशूट रेजीमेंट में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक से सम्मानित किया गया।
- 2015- आगरा में सैन्य एयरक्राफ्ट से 5 अनिवार्य जंप पूरी कर क्वालिफाइड पैराट्रूपर बने।
- 2018- जब राष्ट्रपति भवन में पद्म भूषण सम्मान मिला तो धोनी सेना की यूनिफॉर्म पहनकर मार्च करते हुए अवॉर्ड लेने पहुंचे।
- 2019- वर्ल्ड कप के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से ब्रेक लेकर जम्मू-कश्मीर में 106 इन्फैंट्री बटालियन के साथ 2 हफ्ते बिताए, जहां उन्होंने गार्ड ड्यूटी और पेट्रोलिंग भी की।



# भारतीय मूल के आरोन राय ने रचा इतिहास

## पहला पीजीए चैंपियनशिप खिताब जीता

**पेनसिल्वेनिया (एजेंसी)।** भारतीय मूल के इंग्लिश गोल्फर आरोन राय ने 2026 पीजीए चैंपियनशिप जीतकर अपने करियर का सबसे बड़ा मुकाम हासिल कर लिया। पेनसिल्वेनिया के एरोनिमिंक गोल्फ क्लब में खेले गए टूर्नामेंट में राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला मेजर खिताब जीता। 31 वर्षीय आरोन राय ने फाइनल राउंड में शानदार संयम दिखाया और 9-अंडर पार के स्कोर के साथ चैंपियन बने।



**68 फीट के बर्डी पुट ने बदल दिया मैच** - टूर्नामेंट का सबसे यादगार पल 17वें होल पर देखने को मिला, जब आरोन राय ने 68 फीट लंबा शानदार बर्डी पुट लगाया। इस शानदार शॉट ने उन्हें बाकी खिलाड़ियों से तीन स्ट्रोक आगे पहुंचा दिया और यहीं से उनकी जीत लगभग तय हो गई। 18वें होल पर उन्होंने शांत अंदाज में पार पूरा किया और प्रतिष्ठित वानामेकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

**100 साल बाद इंग्लैंड को मिला पीजीए चैंपियन** - आरोन राय 1919 के बाद पीजीए चैंपियनशिप जीतने वाले पहले इंग्लिश खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले जिम बार्न्स ने यह खिताब जीता था। यह जीत उनके लिए इसलिए भी खास रही क्योंकि 2026 सीजन में वह लगातार संघर्ष कर रहे थे और कई मौकों पर निराशा हाथ लगी थी।

**करियर की सबसे बड़ी जीत** - पीजीए चैंपियनशिप जीतने के बाद आरोन राय अब गोल्फ की दुनिया के नए मेजर चैंपियन बन गए हैं। एरोनिमिंक में उनका यह प्रदर्शन 2026 सीजन के सबसे यादगार फाइनल राउंड में गिना जा रहा है।

**जीत के बाद भावुक हुए आरोन राय** - खिताब जीतने के बाद आरोन राय ने कहा, यह सब किसी सपने जैसा लग रहा है। यह सीजन मेरे लिए काफी निराशाजनक रहा था, इसलिए यहां खड़े होकर ट्रॉफी जीतना मेरी कल्पना से भी बाहर है। उन्होंने गोल्फ को जिंदगी सिखाने वाला खेल बताते हुए कहा, गोल्फ आपको विनम्रता, अनुशासन और कड़ी मेहनत सिखाता है। इस खेल में कुछ भी आसानी से नहीं मिलता।

**दूसरे खिलाड़ियों का प्रदर्शन** - आरोन राय ने 9-अंडर पार के स्कोर के साथ टूर्नामेंट खत्म किया। उनके पीछे एलेक्स स्मैली और जॉन रहम 6-अंडर पार के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। वहीं मैटी शिमड, लुडविग ऑबर्ग और जस्टिन थॉमस 5-अंडर पार के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

# महवश ने चहल संग रिश्ते की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

**मुंबई (एजेंसी)।** एक्ट्रेस और कंटेंट क्रिएटर आरजे महवश ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ अपने रिश्ते को लेकर चल रही अफवाहों पर रिएक्शन दिया। महवश ने कहा कि उनके और चहल के बीच सिर्फ दोस्ती थी। हाल ही में दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो किया था, जिसके बाद चर्चाएं तेज हो गईं। इस पर महवश ने पिंकविला को दिए इंटरव्यू में कहा, लोगों का यह है ना कि चीजों को बहुत बड़ा बना देते हैं। इतनी कोई बड़ी बात नहीं होती, जब आप खुद उस चीज से गुजर रहे होते हो। दोस्तों में बहस हो गई, अनफॉलो हो गया और बात खत्म। इसमें इतनी बड़ी बात है ही नहीं। उन्होंने कहा, जिन दोस्तों के साथ आपने छोटी-छोटी बातों पर हंसते हुए वक्त बिताया हो, उनके लिए दिल में बैर नहीं रखना चाहिए। मैं हमेशा उन्हें ऑल द बेस्ट विश करूंगी और मेरी शुभकामनाएं हमेशा उनके साथ रहेंगी। साल 2025 में चहल और धनश्री के तलाक के बाद चहल और महवश को कई बार साथ देखा गया, जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चा होने लगी।



**महवश बोलीं- मैं दोस्ती बहुत अच्छे से निभाती हूं** - जब उनसे पूछा गया कि क्या उनकी और चहल की दोस्ती से बढ़कर भी कुछ था, तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। महवश ने कहा, 'नहीं, ऐसा कुछ नहीं था। मैं दोस्ती बहुत अच्छे से निभाती हूं। उस समय उन्हें एक अच्छे दोस्त की बहुत जरूरत थी।' महवश ने चहल के मेंटल स्ट्रगल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'जैसा कि उन्होंने अपने पॉडकास्ट में बताया था कि उनके मन में सुसाइडल थॉट्स आ रहे थे। उस समय हम सब कोशिश कर रहे थे कि किसी तरह उनका आईपीएल सीजन अच्छे से निकल जाए। हम सबने मिलकर उनका जितना साथ दे सकते थे, दिया।' उन्होंने यह भी कहा, 'मेरे लिए बस इतना था कि अपने दोस्त के साथ खड़े रहना है। हम ऐसे वक्त में उनके साथ थे।' महवश ने यह भी साफ किया कि अगर आगे उनकी और चहल की मुलाकात होगी, तो सब पहले जैसा ही रहेगा। उन्होंने कहा, 'हम वैसे ही मिलेंगे जैसे हमेशा मिलते थे।




# सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2026 के 62वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान ने 193 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.2 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। रविवार को वैभव सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए।

वहीं, केएल राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500+ रन पूरे किए। यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में अपने 4 हजार रन पूरे किए।

### राहुल और पोरेल ने नाबाद 105 रन जोड़े

राहुल और अभिषेक पोरेल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 105 रन की नाबाद साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआत से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। यह राजस्थान के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की चौथी 100+ रन की साझेदारी रही।

### यशस्वी के 129 पारी में 4 हजार टी-20 रन

राजस्थान रॉयल्स के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने टी20 क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए। उन्होंने यह उपलब्धि 129 पारियों में हासिल की। वह सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

**सूर्यवंशी ने सीजन में 44 सिक्स लगाए** - राजस्थान के ओपनर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में 44 छक्के लगा चुके हैं।

वे किसी एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा का 42 छक्कों का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा।

**राहुल आईपीएल में 50 बार 50+ स्कोर बनाने वाले पांचवें बल्लेबाज बने** - राहुल आईपीएल इतिहास में 50 बार 50+ स्कोर बनाने वाले सिर्फ पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में विराट कोहली सबसे आगे हैं, जिनके नाम 76 फिफ्टी प्लस स्कोर हैं।

- **राहुल का 8वां 500+ रन वाला आईपीएल सीजन** - केएल राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 से ज्यादा रन पूरे किए। वह अब आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा 500+ रन वाले सीजन खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस मामले में सिर्फ विराट कोहली उनसे आगे हैं। राहुल ने लगातार तीसरे आईपीएल सीजन में 500+ रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 2024, 2025 और 2026 में यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले राहुल 2018 से 2022 तक लगातार 5 सीजन 500+ रन बना चुके हैं।
- **राहुल ने राजस्थान के खिलाफ सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाए** - दिल्ली के बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान के खिलाफ एक और बड़ी पारी खेलते हुए आईपीएल में अपना 9वां 50+ स्कोर बनाया। इसके साथ ही वह राजस्थान के खिलाफ सबसे ज्यादा बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा, जिन्होंने ट्रक्के खिलाफ 8 बार 50+ स्कोर बनाए थे। राहुल ने यह उपलब्धि सिर्फ 19 पारियों में हासिल की।

### वैभव ने इस सीजन पहली गेंद पर तीसरी बार सिक्स लगाया

वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन तीसरी बार अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। आईपीएल इतिहास में एक सीजन में तीन बार पहली गेंद पर सिक्स लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में अब उनका नाम भी शामिल हो गया है। उनसे पहले शाहरुख खान ने 2023, सुनील नरेन 2025, देवदत्त पडीक्कल 2026 में ऐसा कर चुके हैं। आईपीएल में यह 8वीं बार रहा, जब वैभव ने अपनी पारी की शुरुआत सिक्स से की।

# बार्सिलोना ने ला लीगा में सभी घरेलू मैच जीते

## 38 मैचों के सीजन में सभी 19 होम मुकाबले जीतने वाली पहली टीम बनी



**बार्सिलोना (एजेंसी)।** स्पैनिश चैंपियन बार्सिलोना ला लीगा में अपने सभी होम मैच जीतने वाली 11वीं टीम बनी है। 38 मैचों वाले सीजन में ऐसा करने वाली वह पहली टीम है। इससे पहले 1985-86 में रियल मैड्रिड ने अपने सभी 17 होम मैच जीते थे। वहीं, बार्सिलोना ने 1959-60 सीजन में अपने 15 होम मैच जीते थे। बार्सिलोना ने रियल बेटिस को 3-1 से हराया। ला लीगा इतिहास में इससे पहले कोई भी टीम 38 मैचों के फॉर्मेट में अपने सभी होम मैच नहीं जीत सकी थी। मैनेजर हंसी फ्लिक की टीम बार्सिलोना पिछले रविवार को रियल मैड्रिड को हराकर चैंपियन बनी थी।

- **राफिन्या के दो गोल और कान्सेलो की स्ट्राइक से मिली जीत** - मैच के 28वें मिनट में राफिन्या ने फ्री-किक से गोल कर बार्सिलोना को 1-0 की बढ़त दिलाई। फिर 62वें मिनट में हेक्टर बेलरिन की खराब पास का फायदा उठाकर उन्होंने दूसरा गोल किया। इसके बाद गावी के फाउल पर रियल बेटिस को पेनल्टी मिली, जिसे इस्को ने गोल में बदला। हालांकि, मैच के आखिर में जोआओ कान्सेलो ने 20 गज दूर से शानदार शॉट लगाकर बार्सिलोना की 3-1 से जीत पक्की कर दी।

- **3 अलग-अलग स्टेडियम में खेलकर भी अजेय रही टीम** - बार्सिलोना के लिए यह रिकॉर्ड इसलिए भी खास है क्योंकि टीम ने पूरे सीजन एक ही मैदान पर मैच नहीं खेले। कैंप नोउ में रेनोवेशन के कारण टीम ने एस्टाडी जोहान क्रूफ, बार्सिलोना ओलंपिक स्टेडियम और नए कैंप नोउ में अपने घरेलू मैच खेले और हर जगह जीत दर्ज की।

# अफगानिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया का ऐलान आज

- **बुमराह को आराम मिल सकता है, रोहित की फिटनेस पर सस्पेंस, पडिक्कल-अकीब नबी पर नजरें**



**मुंबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान अगले महीने भारतीय दौरे पर आ रही है। उसे यहां 6 जून से एक टेस्ट और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। इस सीरीज के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान मंगलवार को होगा। यह दावा मीडिया ने एक रिपोर्ट में किया है। इसके अनुसार गुवाहाटी में होने वाली सिलेक्शन कमेटी की बैठक में जसप्रीत बुमराह को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया जा सकता है। साथ ही रोहित शर्मा की फिटनेस पर भी चर्चा होगी। देवदत्त पडिक्कल, आकिब नबी और प्रिंस यादव पर भी नजरें रहेंगी।

**रोहित पर फैसला बाकी, विराट खेलेंगे वनडे** - रोहित शर्मा आईपीएल में मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे हैं। वे आईपीएल में मुंबई के कई मैचों से बाहर रहे।

## बेंगलुरु प्लेऑफ में पहुंची, लीफायर-1 खेलना तय

# पंजाब-राजस्थान के लिए हर मैच जीतना जरूरी दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई की भी उम्मीदें कायम

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स को हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। टीम 13 मैचों में 18 पॉइंट्स के साथ टेबल के टॉप पर हैं। आरसीबी अब लीग स्टेज में टॉप-2 से बाहर नहीं हो सकती, इसलिए उसका क्वालीफायर-1 खेलना भी तय हो गया है। दूसरी ओर पंजाब किंग्स को लगातार छठी हार मिली, जिससे टीम के नाकआउट स्टेज में पहुंचने के चांस कम हो गए हैं। वहीं दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर एक स्थान की छलांग लगाई। टीम 12 पॉइंट्स के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गई है।चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स अब भी प्लेऑफ की रेस में बनी हुई हैं।

**बेंगलुरु टॉप पर, क्वालीफायर-1 खेलना तय** - आरसीबी 13 मैचों में 9 जीत और 18 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर है। टीम का नेट रनरेट +1.065 है, जो लीग में सबसे बेहतर है। बेंगलुरु अब अधिकतम 20 पॉइंट्स तक पहुंच सकती है। ऐसे में टीम का क्वालीफायर-1 खेलना तय हो गया है। बेंगलुरु का आखिरी लीग मैच 22 मई को सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। 18 पॉइंट्स पर भी बेंगलुरु को टॉप-2 से हटाना नामुमकिन है। पॉइंट्स टेबल में हैदराबाद और गुजरात 18 पॉइंट्स तक पहुंच सकते हैं। लेकिन बेंगलुरु के रनरेट को पीछे छोड़ना मुश्किल है। इसके लिए दोनों टीमों को अपने दोनों मैच बड़े मार्जिन से जीतने होंगे।



**गुजरात दूसरे स्थान पर कायम** - गुजरात टाइटंस 16 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है। टीम का आखिरी मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से है। गुजरात यह मैच जीतती है तो टॉप-2 में जगह लगभग पक्की कर लेगी।

**हैदराबाद तीसरे पायदान पर** - सनराइजर्स हैदराबाद 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है।

# देश का सबसे गर्म शहर बना यूपी का बांदा

**एमपी से राजस्थान तक आसमान से बरस रही आग; 9 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर भारत में इन दिनों गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। देश के कई राज्य भीषण गर्मी से तप रहे हैं। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा से लेकर राजस्थान और महाराष्ट्र के कई जिलों में लोगों का गर्मी से बुरा हाल रहा।

यूपी का बांदा रविवार को 46.7 सेल्सियस के साथ सबसे गर्म शहर रहा। इसके बाद झांसी में 44.6 सेल्सियस और प्रयागराज में 44.5एष्ट पारा दर्ज हुआ। इसके अलावा लखनऊ में 41.6 सेल्सियस तापमान रहा। यह सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मध्य प्रदेश के 15 और राजस्थान के 7 शहरों में पारा 43एष्ट के ऊपर रहा। एमपी का खंडवा 44.5 सेल्सियस साथ राज्य में सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान में इस हफ्ते तापमान 2 से 3एष्ट तक बढ़ सकता है। कुछ इलाकों में पारा 45 डिग्री तक पहुंच सकता है।

**बिहार में बदला-बदला मौसम-** वहीं, बिहार में दो तरह का मौसम रहा। कई जिलों में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं तो कुछ जगह बारिश हो रही है। शेखपुरा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शनिवार शाम प्रेयर के दौरान 27 छात्राएं बेहोश होकर गिर पड़ीं।

### आगे कैसा रहेगा मौसम

19 मई की अगर बात करें तो उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भीषण लू चल सकती है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर भी लू चलने की आशंका है। इसके अलावा, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी में कुछ जगहों पर 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। साथ ही झारखंड में कुछ जगहों पर 50-60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है। अरुणाचल प्रदेश में बिजली गिरने की आशंका है। 20 मई को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना और महाराष्ट्र में हीटवेव की आशंका है। आंध्र प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, केरल, ओडिशा और तमिलनाडु में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ बिजली चमकने और बारिश का अनुमान है।

## अल्गोजा वादक तगाराम भील और पैरा-एथलीट प्रवीण कुमार को पद्मश्री से सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 25 मई को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले समारोह में अल्गोजा वादक तगा राम और पैरा-एथलीट प्रवीण कुमार को पद्मश्री से सम्मानित करेंगी। अल्गोजा नामक पारंपरिक वाद्ययंत्र को संरक्षित और लोकप्रिय बनाने के लिए तगा राम पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। तगा राम ने थार रेगिस्तान के पारंपरिक लोक संगीत के संरक्षण और प्रचार में उनके असाधारण योगदान दिया है। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के रहने वाले विश्व के नंबर 1 पैरा हाई जंपर पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को भी उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

## छात्रों के भविष्य पर राजनीति कर रहे, राहुल पर बीजेपी का पलटवार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी टकराव तेज हो गया है। भाजपा ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने 22 लाख मेहनती छात्रों के भविष्य से ऊपर क्षुद्र राजनीति को तरजीह दी है। पार्टी ने कहा कि विपक्ष छात्रों की चिंता करने के बजाय इस मुद्दे पर राजनीतिक अवसरवाद कर रहा है। दरअसल, राहुल गांधी ने नीट-यूजी पेपर लीक विवाद, सीबीएसई मूल्यांकन प्रक्रिया और तीन-भाषा नीति को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला था। उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर छात्रों को विफल करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लाखों बच्चों का भविष्य बर्बाद करने के लिए माफी मांगने की मांग की थी।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस रचनात्मक सुझाव देने के बजाय अपने राजनीतिक नैरेटिव को मजबूत करने में लगी है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर छात्रों के भविष्य के बजाय तुच्छ राजनीति को चुना है। भाटिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दूसरों को जवाबदेही का पाठ पढ़ाने से पहले उसे अपने शासनकाल के दौरान हुए पेपर लीक, परीक्षा घोटालों और संस्थागत विफलताओं का जवाब देना चाहिए। यह निर्णायक और संस्थागत कार्रवाई है उन्होंने एक्स पर लिखा, कांग्रेस की रणनीति छात्रों का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना है। भाजपा नेता ने कहा कि मोदी सरकार ने नीट पेपर लीक मामले में त्वरित कार्रवाई की है और जांच एजेंसियों ने कथित मुख्य साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया है।

## ई-फार्मेसी को कोरोना महामारी में मिली 'अस्थायी छूट' का हो रहा विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना महामारी में ई-फार्मेसी को मिली 'अस्थायी छूट' के अब तक जारी रहने के विरोध में ऑल इंडिया आर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ने 20 मई 2026 को राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया है। दिल्ली रिटेल डिस्ट्रीब्यूशन केमिस्ट अलायंस (आरडीसीए) वन दिल्ली ने भी इस बंद को समर्थन देने की घोषणा की है। आरडीसीए वन ने बंद के दौरान दवा की आपातकालीन सेवा चालू रहने की भी घोषणा की है, दावा किया कि बंद में दवा की कमी नहीं होने दी जाएगी। आरडीसीए वन दिल्ली के अध्यक्ष संदीप नांगिया ने आरोप लगाया कि कोरोना महामारी में दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई यह अस्थायी व्यवस्था महामारी समाप्त होने के बाद भी जारी है।

### बेहद खतरनाक

## यूएई के परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर ईरान के ड्रोन हमले के बाद भारत ने जताई चिंता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूएई के बराकह परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर ईरानी ड्रोन हमले के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को गहरी चिंता व्यक्त की है। भारत ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच इस हमले को स्थिति को और बिगाड़ने वाला एक खतरनाक कदम बताया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि यूएई में बराकह परमाणु सुविधा को निशाना बनाकर किए गए हमले से भारत बेहद चिंतित है।

इस तरह की कार्रवाइयां पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और यह तनाव को खतरनाक स्तर पर ले जाने वाली हैं। हम सभी पक्षों से तत्काल संयम बरतने और बातचीत व कूटनीति के रास्ते पर लौटने की अपील करते हैं। यह प्रतिक्रिया अबू धाबी में बराकह परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए एक ड्रोन हमले के बाद आई है, जिसके कारण वहां आग लग गई थी। अमीरात के अधिकारियों ने पुष्टि की कि ड्रोन प्लांट के आंतरिक दायरे के बाहर लगे एक बिजली जनरेटर से टकराया था। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ और न ही किसी भी तरह का रेडियोलॉजिकल रिसाव हुआ।

### यूएई का सख्त रुख

इस हमले ने ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे नाजुक संघर्षविराम को लेकर चिंताओं को और बढ़ा दिया है, जिससे कूटनीतिक प्रयास अब बेहद कमजोर नजर आ रहे हैं। यूएई ने इस हमले के पीछे शामिल ताकतों की कड़ी निंदा करते हुए इसे बिना उकसावे का आतंकवादी हमला करार दिया और चेतावनी दी कि वह अपनी संप्रभुता पर किसी भी खतरे को बर्दाश्त नहीं करेगा। यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा, ये हमले तनाव को एक खतरनाक मोड़ पर ले जाते हैं। यह एक अस्वीकार्य आक्रामकता है और हमारे देश की सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है।

# जमीयत के अधिवेशन में मौलाना अरशद मदनी ने कहा- देश का मुसलमान न कभी झुका है, न झुकेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जमीयत उलमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने जमीयत के दिल्ली स्थित मुख्यालय में आयोजित अधिवेशन में सरकार की शह पर सांप्रदायिक ताकतों पर मुसलमानों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अच्छी तरह जान लेना चाहिए कि मुसलमान न कभी झुका है और न ही कभी झुकेगा। दिल्ली में आयोजित जमीयत उलेमा-ए-हिंद के दो दिवसीय अधिवेशन में मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि कुछ लोग देश के अमन, एकता और भाईचारे के साथ खिलवाड़ कर सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हालात इतने खराब बना दिए गए हैं कि हर तरफ जहर उगला जा रहा है, मुसलमानों को अपमानित किया जा रहा है लेकिन कानून के



रखवाले चुप्पी साधे हैं। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल और असम में हुए विधानसभा चुनाव में खुलेआम आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई गईं। वर्ग विशेष के लोगों को सार्वजनिक रूप से धमकियां दी गईं। वहीं, बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने जमीयत प्रमुख मौलाना अरशद मदनी के इस बयान को भड़काऊ बताते हुए कहा कि भारत का संविधान भड़काऊ बयानों से नहीं बल्कि संविधान और कानून से चलेगा। मदनी भड़काऊ बयानबाजी कर देश के अल्पसंख्यकों को समाज की मुख्य धारा से अलग-थलग कर टकराव पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। अधिकारी की आड़ में किसी भी प्रकार की मजहबी कट्टरता, तुष्टिकरण या भड़काऊ बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बंगाल में बुलडोजर एक्शन पर भड़का विपक्ष

## सीपीआई नेता डी. राजा बोले- सत्ता का दुरुपयोग बंद करे भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में पहली बार सत्ता में आई भाजपा सरकार लगातार एक्शन मोड नजर आ रही है। राजधानी कोलकाता में प्रशासन द्वारा रविवार देर रात हावड़ा स्टेशन के बाहर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। गंगा घाट से स्टेशन परिसर तक के अवैध कब्जे और अस्थाई दुकानों पर रेलवे प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की थी। इस काफी बवाल भी हुआ। इस कार्रवाई पर अब विपक्ष की प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गई है। अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर के इस्तेमाल पर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव डी. राजा ने निंदा की है। उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, सत्ता का गलत इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। डी. राजा ने संविधान का भी हवाला दिया।

### संवैधानिक नैतिकता का हो पालन: डी राजा

सीपीआई महासचिव डी राजा कहते हैं, बंगाल में बहुत कुछ हो रहा है। हमने देखा कि चुनाव के बाद हिंसा कैसे हुई। अब हमने देखा कि बुलडोजर का इस्तेमाल कैसे किया गया। अब चुनाव खत्म हो गए हैं। चाहे हम मानें या न मानें, जनता ने अपना फैसला सुना दिया है। उसी के अनुसार सरकार को काम करना होगा। आगे उन्होंने कहा, भाजपा को अपनी शक्ति का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। बंगाल में भाजपा सरकार जो भी करे, वह संविधान के अनुरूप होनी चाहिए और संवैधानिक नैतिकता का पालन होना चाहिए।

### अतिक्रमण पर की गई कार्रवाई

कोलकाता में प्रशासन की कार्रवाई पर अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि गंगा घाट और बस स्टैंड के आसपास सार्वजनिक स्थानों और फुटपाथों पर काफी लंबे समय से अतिक्रमण करके अस्थायी दुकानें और ढांचे बनाए गए थे। इससे यात्रियों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। रेलवे की जमीन खाली कराने के लिए बुलडोजर और अर्थमूवर मशीनों की सहायता ली गई। कार्रवाई में अवैध निर्माणों और कई दुकानों को वहां से हटाया गया।

**पुलिस बल तैनात-** प्रशासन की कार्रवाई के दौरान लोगों का भारी विरोध भी देखने को मिला। इससे कुछ समय के लिए क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई थी। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई।

# ईरान में बहाई समुदाय के खिलाफ कार्रवाई के मामले बढ़े, विरोध को बेरहमी से कुचल रही इस्लामिक सरकार

**तेहरान एजेंसी।** भारत में बहाई समुदाय के लोग ईरान में चल रहे युद्ध से बहुत दुखी है। दरअसल, युद्ध के कारण ईरानी बहाइयों पर अत्याचार बढ़ गया है। कई भारतीय बहाई मूल रूप से ईरान से ही आए थे और आज भी उनके रिश्तेदार उस देश में रहते हैं। भारत में बहाई समुदाय के लोग ईरान में चल रहे युद्ध से बहुत दुखी है। दरअसल, युद्ध के कारण ईरानी बहाइयों पर अत्याचार बढ़ गया है। कई भारतीय बहाई मूल रूप से ईरान से ही आए थे और आज भी उनके रिश्तेदार उस देश में रहते हैं। इस्लामिक रिपब्लिक सरकार ने इस संघर्ष के दौरान अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है और किसी भी अंदरूनी विरोध को बेरहमी से कुचल रही है; ऐसे में ईरानी बहाइयों पर यह सख्ती बहुत ज्यादा बढ़ी हुई है, जो देश का सबसे बड़ा गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय है।




**ईरान में संकट आने पर बहाइयों की बढ़ जाती है मुसीबत -** बहाई पब्लिक अफेयर्स ऑफिस की प्रतिनिधि नीलाक्षी राजखोवा ने कहा, ईरानी बहाइयों पर अत्याचार का एक लंबा इतिहास रहा है, जो 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद एक सुनियोजित सरकारी नीति बन गया।

जब भी ईरान में कोई संकट आता है, तो बहाइयों को बलि का बकरा बनाया जाता है। इस्लामिक रिपब्लिक का संविधान तो बहाई धर्म को मान्यता भी नहीं देता, और 1991 में तो एक ऐसा मेमोरेंडम भी जारी किया गया था। जिसमें बहाइयों के विकास को हर तरफ से रोकने की बात कही गई थी। इस्लामिक रिपब्लिक ने लंबे समय से बहाइयों को उनके बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा है, जैसे कि शिक्षा का अधिकार, सरकारी नौकरी का अधिकार, और यहां तक कि अपने मृतकों को दफनाने के लिए कब्रिस्तान का अधिकार भी नहीं दिया है। हालिया संघर्ष के दौरान, दर्जनों बहाइयों को बिना किसी उचित कानूनी प्रक्रिया के हिरासत में लिया गया है, उन पर आरोप लगाए गए हैं या उन पर मुकदमा चलाया गया है। इनमें चचेरे भाई-बहन पैवंद और बोरना नईमी भी शामिल हैं।

### गिरफ्तारी के बाद वकील भी नहीं दिया जाता

ईरान ह्यूमन राइट्स के अनुसार, 30 वर्षीय पैवंद को 8 जनवरी को करमान में गिरफ्तार किया गया था। उन पर अन्य ईरानी युवाओं को विरोध प्रदर्शन के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था। उन्हें कोई वकील नहीं दिया गया और खबरों के मुताबिक, हिरासत के दौरान उन्हें तरह-तरह की यातनाएं दी गईं। जिसमें मॉक एग्जीक्यूशन (नकली फांसी) भी शामिल थी। वहीं, बोरना को 1 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और उन्हें भी इसी तरह की यातनाएं दी गईं। बहाई इंटरनेशनल कम्युनिटी और एमनेस्टी इंटरनेशनल के अनुसार, अधिकारियों ने इन चचेरे भाई-बहनों पर अत्यधिक दबाव डालकर उनसे तीन सुरक्षाकर्मियों की हत्या का झूठा इकबालिया बयान जबरन ले लिया।

# अमेरिका में बड़ा हादसा: एयर शो के दौरान आसमान में टकराए दो लड़ाकू विमान

### बाल-बाल बची पायलटों की जान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के इदाहो में बड़ा हादसा हो गया है। यहां माउंटेन होम एयर फोर्स बेस पर चल रहे एक बड़े एयर शो के दौरान दो अमेरिकी लड़ाकू विमान आपस में टकरा गए। हवा में टकराते ही दोनों जेट्स क्रैश हो गए। टकर इतनी जोरदार थी कि विमानों के परखच्चे उड़ गए और आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। हालांकि विमान में सवार पायलटों के सुरक्षित होने की जानकारी है। हादसे के बाद पूरे एयर बेस को तुरंत बंद कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा स्थानीय समयानुसार रविवार दोपहर करीब 12-30 बजे हुआ। इस समय बेस पर गनफाइटर स्काइज एयर शो चल रहा था। दुर्घटनाग्रस्त होने वाले दोनों विमान अमेरिकी नौसेना के एडवांस्ड इए-18जी ग्रोवलर फाइटर जेट थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों विमान एयर बेस से करीब दो मील दूर जाकर गिरे, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

### कैसे बचे पायलट?

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि हवा में टकराते ही दोनों विमान आग का गोला बन जाते हैं। लेकिन राहत की बात यह रही कि विमानों में मौजूद चारों क्रू मेंबर्स समय रहते सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। उन्हें आसमान से पैराशूट के जरिए सुरक्षित नीचे उतरते देखा गया। अमेरिकी नौसेना ने भी बाद में पुष्टि की कि चारों क्रू मेंबर्स पूरी तरह सुरक्षित हैं।



- **पहले भी हुए हैं हादसे -** माउंटेन होम एयर बेस पर पहले भी कई हादसे हुए हैं और इस घटना से उनकी यादें ताजा कर दी हैं। 2018 में यहां एक हैंग ग्लाइडर रनवे पर क्रैश होने से पायलट की मौत हो गई थी। इससे पहले 2003 में यहां एक थंडरबर्ड्स जेट भी क्रैश हो गया था। हालांकि तब पायलट की जान बच गई थी।
- **हादसे के तुरंत बाद सैन्य अड्डे पर क्या बड़े कदम उठाए गए -** इस भयंकर हादसे के होते ही पूरे सैन्य अड्डे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। खतरे को भांपते हुए माउंटेन होम एयर फोर्स बेस को तुरंत पूरी तरह से बंद (लॉकड डाउन) कर दिया गया, ताकि कोई भी अनजान व्यक्ति अंदर या बाहर न जा सके। घटना की सूचना मिलते ही आपातकालीन दल, दमकल गाड़ियां और बचाव कर्मी बिना एक भी पल गंवाए घटना वाली जगह पर पहुंच गए। सेना ने तुरंत अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक आधिकारिक बयान जारी करके बताया कि बचाव दल घटना स्थल पर मौजूद है।
- **8 साल बाद हुआ था शो -** रिपोर्ट्स की मानें तो इस भव्य एयर शो का आयोजन पूरे 8 साल बाद किया जा रहा था। इसे देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ जुटी थी। आयोजकों ने करीब दो साल तक इस शो की तैयारी की थी, लेकिन इस खौफनाक हादसे के बाद रविवार को होने वाले सभी आगामी इवेंट्स को रद्द कर दिया गया।

### विमानों के पायलट और क्रू मेंबर फिलहाल किस हाल में हैं?

हवा में हुए इस खौफनाक मंजर को देखकर एयर शो में मौजूद हर एक इंसान बुरी तरह डर गया था। लेकिन सभी के लिए राहत की सबसे बड़ी बात यह है कि सभी पायलट पूरी तरह से ठीक हैं। एयर बेस पर तुरंत लाउडस्पीकर के जरिए यह आधिकारिक घोषणा करके डरे हुए लोगों को बताया गया कि हादसे में शामिल सभी सैनिक पैराशूट की मदद से सुरक्षित जमीन पर आ गए हैं और वे फ़ठीकफ़ हैं। हालांकि, सेना के अधिकारियों ने तुरंत इस बात की पूरी जानकारी मीडिया को नहीं दी कि पैराशूट से कूदने के दौरान किसी को कोई चोट लगी है या नहीं, या फिर दोनों अत्याधुनिक विमानों के आपस में टकराने की असली वजह क्या थी।

### हादसे के बाद एयर शो और आम लोगों को लेकर पुलिस ने क्या आदेश दिया?

इस डरावने और जानलेवा हादसे के बाद कार्यक्रम आयोजित करने वालों ने कोई भी खतरा न लेते हुए, बचे हुए पूरे एयर शो को तुरंत रद्द कर दिया। माउंटेन होम पुलिस ने भी आसपास रहने वाले सभी स्थानीय लोगों से यह सख्त अपील की है कि वे एयर बेस की तरफ बिल्कुल यात्रा न करें। पुलिस ने कहा कि जब तक सेना का बचाव और राहत का काम चल रहा है, तब तक आम लोगों को इस इलाके से दूर ही रहना चाहिए। आपको बता दें कि यह मिलिट्री एयर बेस इडाहो के बोइस शहर से लगभग 50 मील (80 किलोमीटर) दक्षिण-पूर्व की दिशा में स्थित है, जहां यह कार्यक्रम हो रहा था।

# अविलंब वार्षिक एक्शन प्लान तैयार कर समर्पित करें : उपायुक्त

## गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में... अभियान को प्रभावी बनाने पर दिया जोर




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने कृषि, सहकारिता, मत्स्य, पशुपालन, भूमि संरक्षण एवं सर्वेक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक एक्शन प्लान अविलंब तैयार कर जिला को समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले की टांड भूमि पर विशेष ध्यान देते हुए अधिक से अधिक धान की खेती सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने बीज वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होने देने तथा किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही, मल्टी क्रॉप एवं इंटर क्रॉप खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

**जल संरक्षण एवं भू-जल रिचार्ज पर दिया विशेष फोकस**

उपायुक्त ने गांव का पानी गांव में एवं खेत का पानी खेत में... अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने ऊपरी क्षेत्रों में मिट्टी का मेड़ निर्माण, भू-जल रिचार्ज, सरोवर एवं डोभा निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने आम बागवानी क्षेत्रों में सिंचाई एवं जल संरक्षण की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर मत्स्य पदाधिकारी को आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा के तहत आम बागानों में अतिरिक्त उपयोगी कार्यों की संभावनाओं पर कार्य करने हेतु जिला उद्यान पदाधिकारी को निर्देशित किया।

**सभी प्रखंडों में विकसित होंगे आदर्श उद्यान्न**

उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंडों में आदर्श उद्यान्न (बागान) विकसित करने का निर्देश देते हुए उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग पर कार्य करने को कहा। उन्होंने वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर औषधीय पौधों के रोपण को भी बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा किसी भी परिस्थिति में दायित्वों से पीछे नहीं हटें।

**कृषक पाठशालाओं को एग्रो टूरिज्म मॉडल के रूप में विकसित करने का निर्देश**

बैठक के क्रम में उपायुक्त ने कृषक पाठशाला नावाडीह एवं कृषक पाठशाला जरीडीह को आदर्श मॉडल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इन कृषक पाठशालाओं को एग्रो टूरिज्म के रूप में विकसित करने, तालाबों को मॉडल तालाब बनाने तथा गोटरी बैंक योजना शुरू करने की बात कही।

उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को अगले सप्ताह जिले के प्रगतिशील किसानों के साथ बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं बेहतर योजनाओं के क्रियान्वयन को गति मिल सके।

**प्रत्येक प्रखंड में विकसित होंगे मॉडल तालाब झ मत्स्य उत्पादन**

उपायुक्त ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को सभी प्रखंडों में कम से कम एक - एक तालाबों को मॉडल तालाब के रूप में विकसित करने तथा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने पशुपालन विभाग की चारा सुरक्षा उत्पादन एवं टीकाकरण संबंधी योजनाओं की समीक्षा की। वहीं, भूमि संरक्षण विभाग द्वारा गाद निकासी, तालाब जीर्णोद्धार, परकोलेशन टैंक निर्माण एवं अन्य जल संरक्षण कार्यों की प्रगति झ योजना की जानकारी ली।

**सिंचाई योजना एवं किसान समृद्धि योजनाओं की समीक्षा**

बैठक में कृषि विभाग के तहत प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड, किसान समृद्धि योजना एवं कृषि पाठशाला कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। वहीं भूमि संरक्षण एवं सर्वेक्षण विभाग द्वारा ट्रैक्टर वितरण एवं जलनिधि पंपसेट वितरण व लक्ष्य की भी जानकारी उपायुक्त ने प्राप्त की। उन्होंने सभी लाइन विभागों के पदाधिकारियों को नवाचार आधारित कार्य योजनाओं पर काम करने का निर्देश दिया।

**बकरा वितरण एवं गोदाम निर्माण योजनाओं की भी हुई समीक्षा**

उपायुक्त ने पशुपालन विभाग से बकरा वितरण योजना, शूकर विकास योजना एवं जोड़ा बैल योजना की प्रगति की जानकारी ली। वहीं, सहकारिता विभाग द्वारा सभी प्रखंडों में गोदाम निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अंचलों से समन्वय कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# मनरेगा कर्मियों का सरकार के खिलाफ जारी है धरना प्रदर्शन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धरना स्थल पर बड़ी संख्या में जुटे मनरेगा कर्मियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। जिला अध्यक्ष यासीन अंसारी ने बताया कि 12 मार्च 2026 से पूरे राज्य के मनरेगा कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं. उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 से मनरेगा कर्मी सिर्फ मनरेगा ही नहीं, बल्कि कई कल्याणकारी योजनाओं के संचालन में अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं. इसके बावजूद कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती गई है. उन्होंने दावा किया कि अब तक 155 मनरेगा कर्मचारियों की मौत हो चुकी है. फिर भी अब तक उनके आश्रितों को न तो नौकरी दी गई और न ही किसी प्रकार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई. ऐसे परिवारों की स्थिति बेहद चिंताजनक है. हड़ताल कर रहे मनरेगा कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उनकी मांगों पर जल्द निर्णय ले, ताकि वे काम पर लौट सकें और ग्रामीण विकास की योजनाएं फिर से गति पकड़ सके. बता दें कि धनबाद जिला में कुल 304 मनरेगा कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि पूरे झारखंड में इनकी संख्या करीब 5,000 है. सभी कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल हैं. हड़ताल के कारण मनरेगा के तहत चलने वाली कुंआ, तालाब, डोभा निर्माण और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई विकास कार्य प्रभावित हो गए हैं. मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है और अनेक योजनाएं अधूरी पड़ी हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### सिविल सर्जन ने अनुमण्डल अस्पताल एवं सीएचसी चास का किया औचक निरीक्षण




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डा. अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चास एवं अनुमण्डल अस्पताल चास का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चास में ओपीडी एरिया, कोल्ड चैन, नेत्र कक्ष, लैब एवं एनसीडी स्क्रीनिंग कक्ष का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान देखा गया सभी कक्ष में कर्मी उपस्थित थे। ओपीडी में डा. बेनजीर मिर्जा उपस्थित थे। कुल 36 मरीजों को देखा जा चुका था, उच्च रक्तचाप की जांच 32, नेत्र जांच 07 की जा चुकी थी। कोल्ड चैन का एसी काम नहीं कर रहा है। डा. अनिल कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चास को निर्देश दिया गया कि अतिशीघ्र एसी को ठीक कराएं। डा. एबी प्रसाद के द्वारा अनुमण्डल अस्पताल चास का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान देखा गया कि डा. आभा इन्दु तिर्की उपाधीक्षक अनुमण्डल अस्पताल चास, डा. रश्मी मेधा, डा. विकास चिकित्सा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। औचक निरीक्षण के दौरान अनुमण्डल अस्पताल चास में लैब कक्ष, प्रसव कक्ष, फामेर्सी कक्ष एवं ओपीडी एरिया की जांच की गई। लेबर रूम व अस्पताल के अन्य कक्ष एरिया में पानी का रिसाव देखा गया। सिविल सर्जन बोकारो के द्वारा उपाधीक्षक अनुमण्डल अस्पताल चास को निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द सीपेज को ठीक कराएं। साथ ही पोस्मार्टम कक्ष का भी भ्रमण किया।

### वर्ष 2027 के वेज रिवीजन की प्रक्रिया प्रारम्भ करे सेल प्रबंधन :प्रेम कुमार



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ के कार्यकारिणी समिति की बैठक संघ के प्रधान कार्यालय सेक्टर 4, बोकारो स्टील सिटी में हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश कुमार और संचालन संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र महतो ने किया। संघ के महामंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि सेल प्रबंधन 2027 के वेज रिवीजन पर अभी तक मौन है। एन जे सी एस नेता भी खामोश है।, इसलिए भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ, कर्मचारियों के बीच जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाएगी और सेल अध्यक्ष एवं इस्पात मंत्री को पत्र लिखेगी। उनको कुम्भकर्ण की नींद से जगाने का काम करेगी। विदित हो कि 01 जनवरी 2017 का वेतन समझौता अभी अधूरा ही है। जिसे पूरा कर 2027 का वेज रिवीजन की सेल प्रबंधन तैयारी करे। बैठक में कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने सभी विभागों मे जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाने पर सहमति दी। बैठक मे मुख्य रूप से संयुक्त महामंत्री मुकेश सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष एन के सिंह,वरीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण ठाकुर,कोषाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, मुकेश कुमार, सुखदेव दास, चितरंजन कुमार, बाबुधन राम उपस्थित रहे।

### ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जारी को लेकर संशय समाप्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी अंचलाधिकारियों के साथ बैठक कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईड्ब्ल्यूएस) प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार द्वारा जारी संकल्प एवं निदेर्शो के अनुरूप सभी योग्य आवेदकों को समयबद्ध तरीके से ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखंड, रांची के पत्रांक 3980 दिनांक 22.05.2019 एवं संकल्प संख्या 1433 दिनांक 15.02.19 द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के आलोक में प्राप्त सभी आवेदनों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बिना किसी ठोस एवं वैध कारण के किसी भी आवेदन को लंबित नहीं रखा जाए। उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचलाधिकारी विशेष अभियान चलाकर लंबित ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करें, ताकि पात्र आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने पर बल दिया।

### प्रदेश स्तरीय कबड्डी एवं खो खो प्रतियोगिता की तैयारी पूरी, बोकारो पहुंचने लगे खिलाड़ी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा 37 वां प्रांतीय (समूह) खेलकूद समारोह 2026 बालकों का दो दिवसीय कबड्डी एवं खो खो प्रतियोगिता का सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी के आतिथ्य में सरस्वती विद्या मंदिर 3सी में आयोजन होगा। इसकी जानकारी देते हुए खेलकूद के प्रांत के संरक्षक एवं देवघर विभाग के विभाग प्रमुख सुरेश मंडल ने बताया कि विद्या भारती योजना में प्रत्येक वर्ष अलग-अलग आयु वर्ग के बालको एवं बालिकाओं का कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता आयोजित कराया जाता है। जिसके तहत बालकों का 14 वर्ष से 19 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता विद्या मंदिर 9डी के सौजन्य से द 19 एवं 20 मई को विद्या मंदिर 3सी में होने वाली है। झारखंड के 33 विद्यालयों से कुल 635 बालक भाग लेने वाले हैं। यहां की प्रतियोगिता में चयनित टीम क्षेत्र स्तर पर 27 एवं 28 जून को उत्तर बिहार बेतिया के प्रतियोगिता में भाग लेंगे । उसके बाद अखिल भारतीय प्रतियोगिता और अखिल भारतीय में जो चयनित होंगे वे सीधे एस जी एफ आई राष्ट्रीय खेल में खेलेंगे। प्रांत के खेल विशेषज्ञ मदन मोहन राय ने बताया कि इस खेल को संपन्न कराने के लिए 35 निर्णायकों की टीम बोकारो आ चुकी है ।

# विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर डीईओ सह डीसी ने की समीक्षा बैठक

## कोई भी वास्तविक मतदाता छूटे नहीं एवं गलत मतदाता की प्रविष्टि नहीं हो : डीसी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने शुरू होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर)-2026 को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में अब तक की गई तैयारियों की क्रमवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) गोमिया सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) चास सह एसडीओ प्रांजल ढांडा, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) चंदनकियारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) बेरमो सह एसडीओ मुकेश मछुआ, सभी सहायक निवार्ची निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ, कंप्यूटर आपरेटर आदि उपस्थित थे।

**सभी ईआरओ- एईआरओ पदाधिकारी रहें अलर्ट**

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एसआइआर-2026 को लेकर सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ), सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) एवं संबंधित अधिकारी पूरी तरह सतर्क एवं सजग रहें। उन्होंने कहा कि कोई भी वास्तविक मतदाता मतदाता सूची से वंचित नहीं होना चाहिए तथा किसी भी गलत मतदाता की प्रविष्टि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों को लगातार समीक्षा करने का निर्देश दिया तथा सीमावर्ती प्रखंडों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा। साथ ही मैपिंग कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

**मृतक मतदाताओं के सत्यापन में बरती जाए पूरी सावधानी**

डीईओ सह डीसी ने मृतक मतदाताओं के सत्यापन की प्रक्रिया को गंभीरता से लेने का निर्देश देते हुए कहा कि मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार के निकटतम सदस्य की गवाही के बाद ही मतदाता सूची से नाम विलोपित करने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी ईआरओ एवं एईआरओ को डिलेशन - एडिशन पर विशेष ध्यान देने को कहा। डीईओ सह डीसी ने स्पष्ट कहा कि कोई भी एसआइआर को हल्के में नहीं लेगा तथा सभी अधिकारी जिम्मेदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि होमवर्क जितना बेहतर होगा, कार्य उतना ही बेहतर तरीके से संपन्न होगा। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रेमचंद सिन्हा ने सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों/ सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों को ईसीआइनेट एप डाउनलोड करने एवं बीएलओ द्वारा भी एप डाउनलोड सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

**एसआइआर-2026 की महत्वपूर्ण तिथियों की दी गई जानकारी**

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में एसआइआर-2026 से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी भी दी गई।

- 20 जून 2026 से 29 जून 2026 : तैयारी झ प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग कार्य।
- 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक : बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संग्रहण।
- 29 जुलाई 2026 तक : मतदान केंद्रों का पुनर्गठन।
- 05 अगस्त 2026 : ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन।
- 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक : दावे एवं आपत्तियां दर्ज करने की अवधि।
- 5 अगस्त से 3 अक्टूबर 2026 तक : नोटिस एवं दावे-आपत्तियों का निस्तारण।
- 7 अक्टूबर 2026 : अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन।

बैठक के अंत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# चंदनकियारी में आजसू पार्टी की बैठक

## संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति पर हुआ मंथन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी स्थित रवींद्र भवन में आजसू पार्टी की एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर पार्टी की रणनीति तैयार करना तथा बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदनकियारी आजसू प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश महतो ने की, जबकि मंच का संचालन केंद्रीय सदस्य वशिष्ठ सिंह चौधरी ने किया। बैठक में संगठन के विस्तार, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी तथा बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए गोमिया विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. लम्बोदर महतो ने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा जनसरोकारों की राजनीति करती रही है और संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। मौके पर जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि आने वाले समय में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए हर स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर का मजबूत संगठन ही पार्टी की सफलता की आधारशिला है। बैठक के समापन पर सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि दुर्गा चरण महतो, युवा मोर्चा जिला प्रभारी रितिक रजक, केंद्रीय सदस्य सुशेन रजवार, बलराम बाउरी, ज्योतिलाल महतो, दिनेश महतो, अमृत महतो, अर्जुन महतो, चित्तरंजन महतो एवं समरेश महतो सहित बड़ी संख्या में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता एवं स्थानीय सभी बूथ लेवल एजेंट उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र:

# बोकारो के नवनियुक्त सहायक आचार्यों को भी मिला नियुक्ति पत्र




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजधानी राँची के प्रोजेक्ट भवन में आयोजित एक समारोह के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवनियुक्त सहायक आचार्यों (कक्षा 6 से 8) के बीच नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। समारोह में भाषा, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान श्रेणी के अंतर्गत बोकारो जिले के विभिन्न विद्यालयों के चयनित शिक्षकों को भी मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए। जिसमें कसमार प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुटलाही की लवली जायसवाल, मध्य विद्यालय दांतु के कृष्ण कुमार नायक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मायापुर के राजेंद्र हजाम एवं परमेश्वर महतो,मध्य विद्यालय दुगार्पुर के नागेश्वर महतो एवं रजी अहमद शामिल है। इस अवसर पर झारखंड सरकार के मंत्री राधा कृष्ण किशोर तथा मंत्री संजय कुमार यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने नए शिक्षकों को राज्य के शैक्षणिक भविष्य को संवारने के लिए प्रेरित किया। बोकारो के जिला शिक्षा पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे ने जिले से चयनित सभी 34 सहायक आचार्यों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इन शिक्षकों के आने से जिले की शिक्षा गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव आएगा। शिक्षक संघों में भी इस नियुक्ति को लेकर उत्साह देखा गया। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के राममूर्ति ठाकुर और कसमार प्रखंड उपाध्यक्ष मनीष कुमार जायसवाल ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण और नई पारी की शुरूआत है।

# शोक सभा आयोजित कर अधिवक्ताओं ने माधव बाबू को दी श्रद्धांजलि



**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल स्थित अधिवक्ता भवन में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित कर संयुक्त बिहार एवं झारखण्ड के पूर्व मंत्री और गोमिया विधानसभा के पूर्व विधयक स्व माधव लाल सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि माधव बाबू का जन्म 1 जनवरी 1945 को हुआ था। बचपन से ही निडर और समाज सेवी थे। पढ़ाई के लिए जो पैसे भेजे जाते थे। उस पैसे को जन सेवा में खर्च कर देते थे। माधव बाबू की पढ़ाई ईसरी उच्च विद्यालय में हुई। उनकी शादी 1975 में बरसोंत के राज घराने में हुई। ये चार भाई थे नागेश्वर लाल सिंह, धनेश्वर लाल सिंह, माधव लाल सिंह और उद्यो लाल सिंह। माधव बाबू जनसंघ में रहे। 1985 में जनता के दबाव उन्होंने पहला चुनाव लड़ा। निर्दलीय घोड़ा छाप पर 1990 एवं 2000 में चुनाव जीते। वर्ष 2009 में कांग्रेस पार्टी से चुनाव जीते। जीत हार दोनों का अनुभव रहा। जनता की साधारण बात भी विधान सभा में उठाते। गरीबों के आवाज थे। एक संत की तरह ईमानदारी और सादगी भर जीवन था। सनातन धर्म के साथ सभी धर्मों का सम्मान करते थे। जनता से सहजता से मिलते थे। उग्रवाद क्षेत्रों में जनसेवा में इनके लिए दिन और रात नहीं होती थी। लौ लश्कर तामझाम इन्हें पसंद नहीं था। सभी वर्ग और समुदायका काम करते थे। 13 मई 2026 को रांची पल्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। वहीं अपने पीछे पत्नी सारदा लाल सिंह, बेटे प्रकाश लाल सिंह, आकाश लाल सिंह और छोटे बेटे बदल लाल सिंह को ईश्वर के शरण में छोड़ कर चले गये। शोक सभा मे उपस्थित अधिवक्ताओ ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

### मानकी मुंडा, मांझी बाबा एवं पारंपरिक ग्राम प्रधानों की सूची की पुनः जांच का निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला अंतर्गत मानकी, मुंडा, ग्राम प्रधान, डाकुवा, परगणैत, पराणिक, जोगमांझी, नायकी, कुड़ाम नायकी, गोडैत, मूल रैयत, पड़हा राजा, ग्राम सभा का प्रधान, घटवाल एवं तावेदार आदि को सम्मान राशि दिये जाने के उद्देश्य से जिले के संथाल आदिवासी एवं अन्य जनजातीय समुदायों के ग्रामों का सर्वे कर चिन्हित करने तथा उनका सूची तैयार करने का निर्देश पूर्व में दिया गया था। इसी क्रम में सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी अंचलाधिकारियों एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। उन्होंने सभी अंचलों से प्राप्त सूची की समीक्षा की। राजस्व गांव झ आदिवासी गांव/टोला आदि की जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि सभी पारंपरिक ग्राम प्रधानों एवं संबंधित पदाधिकारियों की सूची का गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ सत्यापन किया जाना आवश्यक है, ताकि योग्य व्यक्तियों को सम्मान राशि योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

# झारखंड स्टेट भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा संचालित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने झारखंड स्टेट भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की क्रमवार समीक्षा की। बैठक में टूरिज्म आर्ट कल्चर स्पोर्ट्स एंड यूथ अफेयर्स विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा तथा कौशल विकास विभाग, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग आदि के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

**साइंस सेंटर एवं विमेंस कॉलेज निर्माण कार्य जल्द शुरू करने का निर्देश**

समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने जिला साइंस सेंटर, विमेंस कॉलेज समेत अन्य योजनाओं के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी योजनाओं में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं को पूर्ण करने को कहा।

**बोकारो मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य में तेजी लाएं**

उपायुक्त ने निमार्णाधीन बोकारो मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए फरवरी 2027 तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैठक में उपस्थित उप विकास आयुक्त (डीडीसी) श्रीमती शताब्दी मजूमदार एवं अपर समाहर्ता (एसी) मो. मुमताज अंसारी को निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं स्थलीय निरीक्षण करने को कहा।

**क्रिटिकल केयर अस्पताल नवंबर 2026 तक पूर्ण करने का निर्देश**

बैठक में सदर अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन 50 बेड के क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल को नवंबर 2026 तक पूर्ण करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया।

लुगू बुरू क्षेत्र में सांस्कृतिक - प्रकृतिक अनुरूप विकास पर दिया जोर

उपायुक्त ने लुगू बुरू क्षेत्र में विकसित किए जा रहे चिल्ड्रेन पार्क एवं पार्किंग एरिया को प्राकृतिक परिवेश झ सांस्कृतिक झलक के अनुरूप विकसित करने का निर्देश निगम के कार्यपालक अभियंता को दिया। बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण निगम श्री सलभ कुमार ने विभिन्न विभागों में निगम के तहत संचालित निर्माण कार्यों एवं योजनाओं की अद्यतन प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने निमार्णाधीन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, पूर्णता अवधि तथा कार्य प्रगति से संबंधित बिंदुओं से अवगत कराया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com